सुप्रभात
रांची, गुरुवार
05.10.2023
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
* नगर संस्करण । पेज : 12
khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 85

## नहीं रहे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो, शोक की लहर

### मांडर में ली अंतिम सांस, हेमंत, मरांडी समेत सभी नेताओं ने जताया शोक



जन्म : 15 अक्टूबर 1939
निधन : 04 अक्टूबर 2023

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के धर्माध्यक्ष (कार्डिनल) तेलेस्फोर पी टोप्पो (83) का बुधवार को मांडर के एक अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी रांची स्थित बिशप हाउस की ओर से दी गयी। बिशप हाउस ने बताया है कि मंगलवार को कार्डिनल की तबीयत अचानक बिगड़ गयी थी, इसके बाद उन्हें मांडर के लिंवस हॉस्पिटल में आइसीयू में भर्ती कराया गया था। बुधवार दोपहर बाद चार बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। कार्डिनल के निधन की सूचना से पूरे झारखंड और मसीही समाज में शोक की लहर दौड़ गयी है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन, पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास समेत सभी नेताओं ने निधन पर शोक जताया है। 15 अक्टूबर 1939 में गुमला के चैनपुर के सुदूरवर्ती झाड़गांव में जन्मे 10 भाई-बहनों में वह आठवें नंबर पर थे।

**सहायक धर्माध्यक्ष ने दी थी जानकारी :** इससे पहले, रांची के सहायक धर्माध्यक्ष थियोडोर मसकरेन्हास एसएफएक्स ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए कहा था कि मंगलवार को तीन बजे रिटायर्ड कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की तबीयत अचानक बिगड़ गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

#### फेफड़े में भर गया था पानी

बिशप हाउस के अनुसार तेलेस्फोर पी टोप्पो के फेफड़ों में पानी भर गया था। इसके कारण उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा था। उनकी स्थिति को देख रांची के धर्माध्यक्षों ने उन्हें संत अन्ना वृद्धाश्रम में रखा। वहां कुछ दिन रखने के बाद वर्ष 2023 में बेहतर देखभाल के लिए कार्डिनल को कॉन्स्टेंट लिंबर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को जब उनकी तबीयत बिगड़ी, तो उन्हें आइसीयू में शिफ्ट कर दिया गया, पर वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली।

#### गरीबों के प्रति हमेशा सजग रहते थे: सीएम

कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उन्होंने कहा- यह झारखंड के लिए बहुत ही दुखद है। कार्डिनल तेलेस्फोर हमेशा लोगों की सेवा कर उनके हक-अधिकारों के लिए सजग रहते थे। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल लोगों को दु:ख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

#### बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि श्री टोप्पो एशिया के पहले आदिवासी कार्डिनल बने थे। भगवान उनकी आत्मा की शांति प्रदान करें।

## न्यूज डायरी

### लालू यादव, राबड़ी व तेजस्वी को जमानत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे सह बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बुधवार को जमानत दे दी।

### ट्रक गहरी खाई में गिरा दो की मौत, छह घायल

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर प्रखंड के नेतरहाट घाटी स्थित जोहन डेरा के समीप बुधवार सुबह बॉक्साइट लदा ट्रक पांच सौ फुट नीचे खाई में गिर गया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक कोरकोट का ज्योतिष मुंडा और चपटोली का सयुब मियां बताया जा रहा है।

### तीन वैज्ञानिकों को रसायन का नोबेल

**स्टॉकहोम।** मौंगी जी बावेंडी, लुईस ई ब्रूस और एलेक्सी आई एकिमोव को रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। इन तीन वैज्ञानिकों ने छोटे क्वांटम डॉट्स पर उनके शोध के लिए इस अवार्ड से नवाजा जायेगा।

### ऑनलाइन गेमिंग केस में रणबीर कपूर को समन

**हैदराबाद।** बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर को ईडी ने बुधवार को एक्टर को ऑनलाइन गेमिंग केस (महादेव बैटिंग एप) मामले में समन जारी किया है। ईडी ने 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### दिल्ली शराब घोटाले में आप सांसद गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले मामले में इडी ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद शाम 5:15 बजे गिरफ्तार किया।

### चीन की पनडुब्बी ध्वस्त 55 अधिकारी मारे गये

**नई दिल्ली।** येलो सागर में चीन का एक सबमरीन दुर्घटना का शिकार हो गया। इसमें उसके 55 अधिकारी मारे गये। इसका खुलासा यूके डिफेंस रिपोर्ट में किया गया है। मरने वालों में कैप्टन और उनके साथी शामिल हैं।

### कुलगाम के मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ दिन में शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद कुज्जर में तलाश अभियान शुरू किया था।

### खरकई लाल निशान से 6 मीटर ऊपर, एलर्ट

**जमशेदपुर।** लगातार बारिश के कारण खरकई नदी खतरे के निशान से छह मीटर ऊपर बह रही है। सामान्य लेवल 123 मीटर है। जिला प्रशासन ने आदित्यपुर के तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सावधान रहने का आग्रह किया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## उत्तरी कोयल परियोजना पूरी करने को 2,431 करोड़ मंजूर

### झारखंड-बिहार को मोदी कैबिनेट से बड़ी सौगात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2,430 करोड़ रुपये की संशोधित लागत पर अंतरराज्यीय उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शेष कार्य पूरा होने पर, इस परियोजना के जरिये झारखंड और बिहार के चार सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई होने के साथ पेयजल सुविधा भी मिलेगी।

इससे पहले अगस्त, 2017 में स्वीकृत शेष लागत 1,622.27 करोड़ रुपये थी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार लागत में संशोधन के कारण अतिरिक्त 457.81 करोड़ रुपये वहन करेगी। जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि इस निर्णय से शेष कार्यों के सुचारू कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। यह परियोजना 1970 के दशक के प्रारंभ से चल रही है। केंद्र सरकार ने इस परियोजना को अगले तीन वर्षों में पूरा करने का खाका तैयार किया है।

उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना का कमान क्षेत्र दो राज्यों बिहार और झारखंड में है। इस परियोजना में झारखंड में लातेहार जिले के कुटकू गांव के निकट उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध, झारखंड में पलामू जिले के मोहम्मदगंज में बांध के 96 किलोमीटर नीचे एक बैराज, दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) और बैराज से बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) शामिल हैं। बांध और सहायक गतिविधियों का निर्माण 1972 में शुरू हुआ था और काम 1993 तक जारी रहा। उसी वर्ष वन विभाग द्वारा इसे रोक दिया गया। बांध में जमा पानी से बेतला राष्ट्रीय उद्यान और पलामू बाघ अभयारण्य को खतरा होने की आशंका के कारण बांध का काम रुका हुआ था। बिहार के विभाजन के बाद, बांध और बैराज का मुख्य कार्य झारखंड में हैं। इसके अलावा मोहम्मदगंज बैराज से पूरी 11.89 किलोमीटर बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) झारखंड में है। दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) के 110.44 किमी में से पहला 31.40 किमी झारखंड में है और शेष 79.04 किमी बिहार में है। (शेष पेज 11 पर)

#### उज्ज्वला लाभार्थियों को सब्सिडी



विधानसभा चुनावों और त्योहारी सीजन से पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए सब्सिडी राशि 200 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर करने का निर्णय लिया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यह जानकारी दी। इस योजना के तहत अब तक प्रति सिलेंडर 200 रुपये की सब्सिडी मिल रही थी। वहीं अब उज्जवला लाभार्थियों को एक सिलेंडर पर 500 रुपये की बचत होगी।

### सीएम ने पलामू को दी डेयरी प्लांट की सौगात, कहा

## वन उपज पर भी देंगे किसानों को एमएसपी

- जब समृद्धशाली होगा गांव, तभी राज्य मजबूत होगा
- कृषि-पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने को प्रतिबद्ध
- दूध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मेदिनीनगर / रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि किसानों- पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड में किसानों को वन उपज पर एमएसपी दिया जायेगा। यह एमएसपी धान की तरह लागू होगी। इससे किसानों को अपने वन उत्पादों का उचित मूल्य मिल सकेगा। साथ ही पेड़ों की सुरक्षा के लिए भी मजदूरी दी जायेगी। कृषि और वन उपज को बाजार भी उपलब्ध कराया जायेगा। सीएम ने ये घोषणा बुधवार को पलामू के सदर प्रखंड के चियांकी गणके में 28 करोड़ की लागत से मेधा डेयरी प्लांट के उदघाटन समारोह में की। सीएम ने कहा, गांव जब तक समृद्धशाली नहीं होंगे तब तक झारखंड मजबूत नहीं होगा। पलामू में यह राज्य का सातवां अत्याधुनिक डेयरी प्लांट है, जिसे सीएम ने राज्यवासियों को समर्पित किया।

**डेयरी प्लांट वरदान सिद्ध होगा :** सीएम ने कहा कि यह डेयरी यहां के किसानों-पशुपालकों के लिए वरदान सिद्ध होगा। उनके जीवन में बदलाव आयेगा। किसान आगे बढ़ेगा तभी राज्य और देश भी आगे बढ़ेगा। (शेष पेज 11 पर)



#### दूध पर तीन रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि

राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों को दूध पर 3 प्रति लीटर की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी के तहत यहां के किसानों- पशुपालकों के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में 21 करोड़ 90 लाख रुपये का चेक सरकार द्वारा मेधा डेयरी के एमडी को सौंपा गया।

## झारखंड में फिर भारी बारिश का अलर्ट जारी

- नौ तक खराब रहेगा मौसम का मिजाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न हिस्सों में कुछ दिनों से रुक-रुक कर जोरदार बारिश देखी जा रही है। बुधवार को राज्य के पूर्वी दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश तो कुछ हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश रिकॉर्ड गयी।

मौसम विभाग के मुताबिक, झारखंड में गुरुवार को मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी से ज्यादा भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इस दौरान तेज हवाएं चलने का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि नये सिस्टम के एक्टिव होने के कारण झारखंड में 9 अक्टूबर तक मौसम खराब रहने के आसार हैं।

बुधवार को देवघर, गिरिडीह, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, धनबाद, बोकारो, रांची, रामगढ़, खूंटी, सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन में कहा गया है कि दक्षिणपूर्व झारखंड और आसपास के इलाकों पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। एक ट्रफ रेखा तेलंगाना से लेकर ओड़िशा और छत्तीसगढ़ तक फैला हुआ है। इस के प्रभाव से झारखंड में जोरदार बारिश के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। आलम यह है कि रांची समेत सूबे के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हो रही है। (शेष पेज 11 पर)

### फजीहत : फिर पेपर लीक होने से परीक्षा टली

**पटना।** बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके कारण एक बार फिर राज्य सरकार को फजीहत झेलनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार पेपर लीक होने की वजह से सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। इससे पहले बीपीएससी 67वीं की प्रीलिम्स परीक्षा, बीएसएससी सीजीएल 3 की परीक्षा, अमीन और फूड कॉरपोरेशन एग्जाम समेत कई परीक्षा इन्हीं वजहों से रद्द करना पड़ा था। अमीन बहाली परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक हुआ था। अभी इस पर कानूनी कार्रवाई चल ही रही थी कि इसी बीच 1 अक्टूबर को आयोजित बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक हो गया। इसकी पुष्टि हुई और सीएसबीसी को यह परीक्षा रद्द करनी पड़ी।

## नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास

### भाला फेंक में फिर जीता सोना, किशोर जेना ने दिलाया रजत पदक






एजेंसी

**हांगझोऊ।** एशियाई खेलों बुधवार को भाला-फेंक स्पर्धा में भारत के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने इतिहास रचते हुए एक बार फिर गोल्ड जीत लिया। भारत के ही किशोर जेना ने सिल्वर मेडल पर अपना कब्जा जमाया। वहीं भारतीय टीम ने मेंस 4गुणा 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया।

भारत ने बुधवार को 3 गोल्ड मेडल जीते। वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने मेंस 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया। इससे पहले, आर्चरी मिक्स्ड टीम ने भारत को दिन का पहला गोल्ड दिलाया था। पदक तालिका में भारत के खाते में अबतक 18 गोल्ड, 31 सिल्विर और 32 ब्रॉन्ज समेत कुल 81 मेडल आ चुके हैं।

नीरज चोपड़ा ने अपना सीजन बेस्ट 88.88 मीटर थ्रो करते हुए लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीता है। इससे पहले जकार्ता में आयोजित 2018 एशियाई खेलों में भी चोपड़ा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज का यह पदक भारत का 17वां गोल्ड मेडल था। वहीं किशोर जेना ने भी 87.54 मीटर का अपना पर्सनल बेस्ट थ्रो करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस थ्रो के साथ ही जेना ने पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया।

### सिक्किम में बादल फटने से मची तबाही, 5 मौत, 49 लापता

## 23 जवान समेत सैन्य कैंप बह गया, हाइअलर्ट जारी

एजेंसी

**गंगटोक (सिक्किम)।** उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर अचानक बादल फटने से लाचेन घाटी की तीस्ता नदी में बाढ़ आ गयी। बादल फटने के बाद मची तबाही में पांच लोगों की मौत हो गयी। 49 से अधिक लोग लापता हैं। सेना के कम से कम 23 जवान बह गये। सैन्य शिविर और वाहन डूब गये। सरकार ने आपदा को देखते हुए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। पीएम मोदी ने राज्य के सीएम से बात कर स्थिति की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री पी एस तमांग ने प्रावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। लगातार हो रही बारिश से बचाव कार्य में बाधा आ रही है। सिक्किम सरकार ने राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से तीस्ता नदी से दूर रहने को कहा है। (शेष पेज 11 पर)



#### 80 स्थानीय लोगों को बचाया गया

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) बचाव अभियान चला रहा है। अभी तक 80 स्थानीय लोगों को बचा लिया गया है। गंगटोक जिले में सिंगताम पर बना लोहे का एक पुल बुधवार को तीस्ता नदी में बाढ़ आने के कारण पूरी तरह से बह गया। इस पुल को इंद्रेणी पुल के नाम से भी जाना जाता है। 120 मीटर लंबा यह सस्पेंशन पुल तीस्ता नदी पर बना एक महत्वपूर्ण मार्ग था। सभी प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। नदी तट पर बसे दिकचू गांव के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकालकर एक नजदीकी स्कूल में पहुंचाया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अचानक बाढ़ आने और एक बांध से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति और बिगड़ गयी। बचाव और राहत प्रयासों के दौरान सिंगतम से तीन शव बरामद किये गये हैं। राहत और बचाव में एनडीआरएफ की कई टीमें लगायी गयी हैं।

## सीएम की याचिका पर 6 को हाइकोर्ट में सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम मामले में एक के बाद एक इडी की ओर से जारी हो रहे समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन के रिट पिटीशन की झारखंड हाई कोर्ट में लिस्टिंग हो गयी है। मामले की सुनवाई शुक्रवार 6 अक्टूबर को होगी। यह सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की खंडपीठ में होगी। इससे पूर्व बुधवार को ही सीएम के वकील ने इडी को पत्र भेजा था और हाईकोर्ट से फैसला आने तक कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही थी।

पांचवें समन पर बुधवार को ईडी ने उन्हें अपने दफ्तर में बुलाया था। अब सब की नजर हाइकोर्ट पर टिक गयी है। जमीन के कागजात में हेराफेरी और खरीद बिक्री में मनी लांड्रिंग की वजह से रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और कारोबारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल समेत कई जालसाज न्यायिक हिरासत में हैं। इसी के बाद इडी ने हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए पांचवा समन जारी कर 4 अक्टूबर को बुलाया था।



#### इडी समन को चुनौती

हाई कोर्ट में याचिका का हवाला देकर वह नहीं गये। इससे पहले सीएम को चौथा समन जारी कर 23 सितंबर को बुलाया गया था, लेकिन उससे पहले ही उनकी तरफ से हाई कोर्ट में चुनौती दे दी गयी थी। इससे पहले वह सुप्रीम कोर्ट गये थे, पर वहां से सीएम को पहले हाइकोर्ट जाने की सलाह दी गयी। अवैध खनन मामले में 18 नवंबर 2022 को करीब 10 घंटे तक ईडी ने सीएम हेमंत से पूछताछ की थी। उसी पूछताछ के कुछ दिन बाद सीएम की ओर से ईडी को अपनी संपत्ति की सारी जानकारी मुहैया करा दी गयी थी।

## सीएम हाउस मार्च के लिए पहुंचीं सेविका-सहायिकाओं को प्रशासन ने रोका

# नियमावली की शर्तों का पालन नहीं करने का गठबंधन सरकार पर लगाया आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य भर की आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। राज्य सरकार द्वारा पिछले साल बनायी गयी नयी नियमावली की शर्तों का पालन नहीं करने का आरोप लगाया है। सेविकाओं ने कहा कि नियमावली में सरकार ने बड़ी-बड़ी बातें, नियम और शर्तें सेविका-सहायिकाओं के लिए कही थी। मगर कोई भी नियम और शर्तें धरातल पर अब तक नहीं उतर पायी। सरकार ने नियमावली में वादा किया था कि महिला सुपरवाइजर की नियुक्ति में 25 प्रतिशत सेविकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मगर झारखंड राज्य कर्मचारी चयन के आयोग के विज्ञापन में इसकी अनदेखी की गयी। हर महीने की 5 तारीख को मानदेय मिल जाएगा, मगर नहीं मिला। सेविकाओं को आंगनबाड़ी के अलावे और किसी काम में नहीं लगाया जाएगा, मगर सेविकाओं को बीएलओ कार्य में लगा दिया गया। केंद्रीय अंश की राशि नियमित नहीं मिलती है। हाउस रेंट और पोषण राशि भी नियमित नहीं मिलती है। पेंशन आदि सुविधाएं भी अभी तक लागू नहीं की गयी है।



### अफसरशाही के कारण नहीं मिल रहा पूर्ण अधिकार

इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि हमारा मकसद घेराव कर मुख्यमंत्री का विरोध करना नहीं है। बल्कि राज्य के एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए जारी साजिश का पदार्फाश करना है। मुख्यमंत्री के ईर्द-गिर्द बैठे लोग, सलाहकार और नौकरशाह हक और अधिकार छीनने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री काम करना चाहते हैं, मगर अफसरशाही के कारण हमें पूर्ण अधिकार नहीं मिल रहा है। यशस्वी मुख्यमंत्री को ऐसे अफसरों से सावधान रहने की जरूरत है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से हम आगाह करते हैं कि आप झारखंड के अनुबंध कर्मियों के मुद्दे पर अधिकारियों द्वारा उत्पन्न खटास को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बैठक कर समाधान करें।

### अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन का समर्थन किया

झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के बैनर तले राज्य भर से सेविका और सहायिकाएं बुधवार को मोरहाबादी मैदान में जुटीं। इसके बाद सीएम हाउस के लिए मार्च किया लेकिन प्रशासन ने उन्हें राजभवन के पास ही रोक दिया। इस कार्यक्रम को झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन दिया। सेविका और सहायिकाएं विभिन्न मांगों और नियमावली लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष माला देवी की। संचालन प्रदेश महासचिव राखी देवी ने किया। सीता तिग्गा, सरजी देवी, कोयल उरांव, चंचला देवी, अमला देवी, रीता शर्मा, आरती देवी, रजनी कुमारी, संगीता देवी, जीवन लता सोरेन, मधुलिका डेहरी, भारती, पूजा देवी, मीना मराडी, अमोल बास्की, सुनीता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में सेविका और सहायिकाएं मौजूद थीं।

### संविदा कर्मी को स्थायी करने को क्या किया गया, अफसर जवाब दें

सुशील पांडेय कहा कि मुख्यमंत्री को अधिकारियों से सिर्फ इतना जवाब मांगना चाहिए कि विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बनी उच्चस्तरीय कमेटी ने 4 वर्षों में कितने संविदाकर्मियों का स्थायीकरण और सेवा शर्तों में सुधार किया। राज्य को अशांत करने के लिए अफसर लोग जिम्मेवार है। हम संविदाकर्मियों ने सरकार बनाई है। आपके खिलाफ जारी अफसरों के षड्यंत्र से हम सब चिंतित हैं।

## टेट सफल सहायक अध्यापकों से मंत्री मिथिलेश कल करेंगे वार्ता




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 44 दिनों से राजभवन के समीप अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे टेट सफल सहायक अध्यापकों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सरकारी आवास (डोरंडा) का घेराव किया। घेराव में गढ़वा और पलामू के टेट पास सहयक अध्यापकों ने न्याय की गुहार लगायी। मंत्री के रांची से बाहर रहने के कारण उनसे टेलीफोनिक वार्ता हुई। मंत्री ने छह अक्टूबर को बुलाया है। उसके बाद मांगपत्र मंत्री के प्रतिनिधि को सौंपा गया।

इसके पूर्व सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह सदस्य मिथिलेश उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान झारखंड सरकार अपने वादे से मुकर रही है। एनईपी और एनसीटीई के सभी गाइड लाइन को पूरा करने के बावजूद भी बीते 44 दिनों से सहायक अध्यापक अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर हैं। इसके बावजूद भी सरकार टेट सफल सहायक अध्यापक के एकमात्र मांग वेतनमान पर कोई पहल नहीं कर रहा है।

प्रदेश महासचिव मोहन मंडल ने बताया कि टेट सफल सहायक अध्यापकों को अविलंब वेतनमान देना पड़ेगा, अन्यथा उग्र आंदोलन का सामना सरकार को करना पड़ेगा। मौके पर प्रमोद कुमार झरीलाल महतो, महेश मेहता, विपुल पांडे, कुमार गौरव, सरफराज, कौशल वर्मा, श्रीकांत पांडे, कृष्णा, मनोज ठाकुर, राम वली प्रसाद सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

## पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षा सचिव ने सभी डीएसइ को लिखा पत्र



**रांची।** राज्य के शिक्षा सचिव के रविकुमार ने कहा है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में जितने भी शिक्षक हैं उनकी पुरानी पेंशन की अनुमान्यता को लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू करें। इसे लेकर सचिव ने राज्यि के सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र भी लिखा है। सचिव ने पत्र में लिखा है कि राज्य सरकार के वैसे कर्मी, जिनकी नियुक्ति प्रक्रिया एक दिसंबर 2004 के पूर्व पूर्ण हो गई हो, परंतु एक दिसंबर 2004 के बाद नियुक्त हुए हों। उन्हें पुरानी पेंशन योजना की अनुमान्यता के लिए निर्गत संकल्प में संशोधन करते हुए प्रासंगिक पत्र में उल्लेखित शर्तों के अधीन पुरानी पेंशन योजना की अनुमान्यता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि वित्त विभाग के संकल्प में किये गये प्रावधान के आलोक में राज्य सरकार अंतर्गत कार्यरत सरकारी शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना की अनुमान्यता के संदर्भ में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई आरंभ करें।

## चुनावों में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य : के रवि कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों को बेहतर चुनाव प्रबंधन के दिये टिप्स**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में राज्य के सभी विधान सभा क्षेत्रों से संबद्ध सभी एईआरओ के दो दिवसीय क्रमागत प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी **के रवि कुमार** ने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आने वाले चुनावों में झारखंड में मतदान प्रतिशत को 80% से ऊपर लेकर जाना है। इसको लेकर अपने-अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने होंगे। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सबसे पहले जो काम करना होगा, वह है मतदाता सूची को त्रुटिविहीन बनाना तथा छूटे मतदाताओं का पंजीकरण करना। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने स्तर पर यह भी प्रचारित करें कि मतदाता पंजीकरण के लिए मात्र दो शर्तें आवश्यक है। व्यक्ति का भारत का नागरिक होना एवं 18 वर्ष की आयु का होना। इसलिए ध्यान रहे कि अन्य किसी प्रमाण या दस्तावेज के अभाव में एक भी नये मतदाता के पंजीकरण का कार्य बाधित न हो।

उन्होंने कहा कि इस बात का भी प्रचार प्रसार करें कि वोटर आईडी कार्ड के अलावा भी अन्य दस्तावेज नियमानुसार निर्धारित हैं, जिसे दिखाकर मतदाता वोट दे सकते हैं। मतदाताओं के बीच जागरूकता को लेकर सोशल मीडिया के भी सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश देने के साथ-साथ उनसे फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार एवं निर्वाचन विभाग के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट भवन घेरने जा रहे स्वयंसेवकों की पुलिस के साथ झड़प, नारेबाजी की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेवा स्थायीकरण सहित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में लगातार 89 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना दे रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर दिखा। प्रोजेक्ट भवन घेराव करने पहुंचे राज्यभर के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक जैसे ही धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट भवन की ओर बढ़ने की कोशिश किया, लेकिन उनकी पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। प्रोजेक्ट भवन जाने की जिद पर अड़े पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने इस दौरान ना केवल बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की बल्कि सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। स्वयंसेवकों में बड़ी संख्या में महिलाकर्मी भी थीं।

**ये हैं मांगें :** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को नियमित मानदेय देने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम पंचायत सहायक करने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को पंचायती राज विभाग में समायोजित करने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को स्थाई करने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक के प्रतिनिधिमंडल को मुख्य सचिव के साथ वार्ता कराने की मांग शामिल है। राज्यभर में करीब 18 हजार हैं पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक गौरतलब है कि 2016 में राज्य में पंचायत स्तर पर स्वयं सेवकों की नियुक्ति की गई थी। उनपर सरकार की संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी दी गई थीं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के अंतर्गत निकाली गई ई०-निविदा आमंत्रण सं०-05/2023-24, दिनांक- 26.09.2023, जिसका पी०आर० संख्या- 307791 RuralWork Department (2023-24).D द्वारा प्रकाशित है, जिसमें निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :-

| क्र० सं० | विवरण | पूर्व प्रकाशित आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या | संशोधित आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI /06/2023-24 | RWD/KHUNTI/STPKG /06/2023-24 |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhand tenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 308308 Rural Work Department (23-24)_D


## 7 दिन में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट सौंपें विधानसभा सचिव : हाइकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट अब तक कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के तीन बार आदेश के बाद भी विधानसभा सचिव की ओर से अब तक जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट नहीं आई है। यह कानूनी प्रक्रिया में व्यवधान का मामला बनता है। कोर्ट ने विधानसभा सचिव को 7 दिनों के भीतर जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई गुरुवार को निर्धारित की। वहीं रिपोर्ट पेश नहीं होने से नाराज कोर्ट ने कहा कि अगर विधानसभा सचिव द्वारा जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं की जाती है तो उन पर आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी**

**छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

**शुद्धि-पत्र**

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0-95 दिनांक 31.03.2022, राज्यादेश सं0- 41 दिनांक 11.11.2022 तथा अवधि विस्तार पत्रांक 27 दिनांक 21.06.2023 के निदेशानुसार राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/ कृषक समूहों को योजना लागत रूपये 6.25 लाख का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रूपये 5.00 लाख पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना लागत रू0 2.00 लाख (दो लाख रूपये) रखे जाने एवं इसका 80% या अधिकतम अनुदान रू0 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार रूपये) पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण का प्रस्ताव है।

उपरोक्त विषय का प्रकाशन दिनांक 04.10.2023 को प्रभात खबर में प्रकाशित किया गया था, जिसका विज्ञापन सं0-**PR308148 Agriculture(23-24)#D** है।

उक्त संबंध में सूचित करना है कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0-95 दिनांक 31.03.2022, राज्यादेश सं0-41 दिनांक 11.11.2022 राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 हेतु महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों एवं व्यक्तिगत कृषकों हेतु अपरिहार्य कारणों से कृषि प्रसंस्करण यंत्र वितरण का पैकेज निर्माण का कार्य अभी स्थगित रखा जा सहा है।

शेष कंडिका यथावत रहेगी।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी।

PR.NO.308321 Agriculture(23-24):D


## पोल खोल कार्यक्रम के जरिये झारखंड में इंडी गठबंधन को मजबूत करने का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड जदयू के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना स्थित सीएम आवास में मुलाकात कर जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने के लिए बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में पहली और ऐतिहासिक जीत है। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, झारखंड राज्य प्रभारी सह मंत्री अशोक चौधरी, विधानपरिषद सदस्य विजय कुमार सिंह मौजूद थे।

**वार्ड और पंचायत स्तर पर मजबूत करने का निर्देश :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड जदयू के नेताओं को निर्देश दिया है कि पोल खोल कार्यक्रम के जरिए राज्य में इंडिया गठबंधन को मजबूत करें। लोकसभा चुनाव से पूर्व झारखंड में सभी दलों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए इंडिया गठबंधन को भारी अंतर से जिताने का जिम्मा और जवाबदेही तय करें। वहीं झारखंड के लोगों के संवैधानिक अधिकार के प्रति पार्टी के नेताओं को सचेत रहने और उनके हक की आवाज को देश की पटल पर मजबूती से रखने का निर्देश दिया।

प्रतिनिधिमंडल में झारखंड जदयू के अध्यक्ष खीरू महतो, महासचिव श्रवण कुमार, डॉ विनय भरत, मो अख्तर हुसैन खान, दुष्यंत पटेल, कुमेश्वर महतो, रामस्वरूप यादव और पिंटू सिंह शामिल रहे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह**

प्रपत्र संख्या-01

**पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-04/F2/2023-24/WRD/M.I.Division,Giridih दिनांक- 04.10.2023 pr no-306815

प्रमण्डल का नाम :- लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र कामूल्य | वेबसाइट में ई-निविदा प्रकाशन की तिथि | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारीका संपर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | भण्डारो नाला (मरघाटी) नदी परचेक डैम निर्माण | जमुआ | 5532141.67 | 111000.00 | 10000.00 | 06.10.2023 | 25.10.2023 | 28.10.2023 | 09 माह | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह | 7004373197 10:00 AM TO 05:00 PM |

नोट :- 1. केवल ई-निविदा स्वीकार किया जायेगा। 2. प्राक्कलित राशि घट/बढ सकती है। 3. सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन परिपत्र, अधिसूचना निविदा में लागू रहेंगे। 4. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि आदि कागजात सभी कार्यदिवस को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि 06.10.2023 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से 27.10.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक। 5. विस्तृत जानकारी के लिए वेवसाई https:www.jharkhandtenders.gov.in पर लॉगईन किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 308284 Water Resource(23-24)#D


## मनरेगा में उन्नति परियोजना से 1422 अकुशल मजदूर बने कुशल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उन्नति परियोजना का सफल क्रियान्वयन कर ससमय मनरेगा श्रमिकों का प्रशिक्षण पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने बुधवार को पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत संचालित उन्नति परियोजना से चालू वित्त वर्ष में 1422 अकुशल मजदूरों को विभिन्न विषयों में ट्रेंड कर कुशल बना दिया गया है। इन्हें बिजली का काम, प्लंबर, सिलाई सहित अन्य कई स्वरोजगार जैसे ट्रेड में प्रशिक्षित कर दिया गया, ताकि वे मजदूरी छोड़कर अपना रोजगार कर सकें। इन ट्रेंड कुशल श्रमिकों को विभिन्न संस्थानों में प्लेसमेंट कराके नौकरी दिलायी जायेगी या फिर वे स्वरोजगार कर सकेंगे।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की उन्नति परियोजना के तहत अधिकतम 45 वर्ष तक की उम्र के मनरेगा श्रमिकों का कौशल विकास किया जा रहा है, ताकि वे अपनी आय का स्थाई साधन प्राप्त कर सकें। इस परियोजना के अंतर्गत राज्य में अब तक 1422 मनरेगा श्रमिकों के कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आज होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक प्रोजेक्ट भवन में दिन के दो बजे से प्रारंभ होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। दुगार्पूजा को देखते हुए कुछ लोकलुभावन घोषणाओं के साथ-साथ सड़क-भवन इत्यादि की भी योजनाएं स्वीकृत होंगी।

### विधानसभा स्पीकर ने घाना में किया भारतीय शिष्टमंडल के स्वागत समारोह का उद्घाटन

**रांची।** पश्चिम अफ्रीका के घाना के अकरा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की 6 दिवसीय बैठक चल रही है। इसे लेकर घाना के होटल केम्पेस्की में भारतीय उच्चायोग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने समारोह का उदघाटन किया। समारोह में घाना के संसद के बहुमत दल के सदन नेता ओसी केयी मेन्सा बोन्सु के अलावा भारतीय शिष्टमंडल में शामिल सभी राज्यों के स्पीकर व लोकसभा के सदस्य शामिल हुये। गौरतलब है कि 66 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संगठन की बैठक में 60 से अधिक देशों के सांसद, स्पीकर और सदस्य हिस्सा ले रहे हैं।

### पूर्व डीसी छविरंजन की डिफॉल्ट बेल याचिका खारिज

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त और निलंबित आइएएस अधिकारी छविरंजन की ओर से दायर डिफॉल्ट बेल की याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि मामले में अनुसंधान पूरा कर सही समय पर आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है इसलिए डिफॉल्ट बिल का मामला नहीं बनता है। छवि रंजन ने डिफॉल्ट बेल से संबंधित सीआरपीसी की धारा 167 के पिटिशन को ईडी कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### अमित अग्रवाल की बेल पर 11 को सुनवाई

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया। जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने अमित अग्रवाल की बेल पर अगली सुनवाई के लिए 11 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में अमित की याचिका पर सुनवाई हुई।

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज पिटीशन पर 23 नवंबर को होगी सुनवाई

**रांची।** कृषि घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज अर्जी पर बुधवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मामले में प्रार्थी के वकील ने बहस करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने वार्षिक अवकाश के बाद 23 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। मालूम हो कि 46.10 करोड़ की बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। जिसको लेकर मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिये आठ दिसंबर 2022 को डिस्चार्ज अर्जी अदालत में दाखिल की है। इस पर सुनवाई के दौरान लगातार समय लिया जा रहा है। गौरतलब है कि 2003-05 में बीज और कृषि उपकरण की खरीद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किये बिना मनपसंद कंपनी से किया गया था। जिसकी जांच एसीबी ने किया था। उस जांच में 46करोड़ 10 लाख घोटाला का मामला सामने आया था। इसको लेकर साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### जमीन खरीद-बिक्री मामले में राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली 455 डिसमिल जमीन की खरीद बिक्री करने के आरोप में जेल में बंद बड़गाई अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को फिलहाल जेल में रहना पड़ेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने बुधवार को सुरक्षित आदेश सुनाया है। 27 सितंबर को अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेस सुरक्षित रख लिया था। आरोपी की ओर से 19 सितंबर को जमानत की गुहार लगाते हुए अर्जी दाखिल की थी। बता दें कि मामले में भानु प्रताप के अलावा निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजनए प्रदीप बागचीए जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष, रिम्सकर्मी अफसर अली कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपी जेल में है।

### आरोपी इवातुरी संतोष की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 67.37 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले में चिटफंड कंपनी डीजेएन ग्रुप के आरोपी इवातुरी संतोष की जमानत अर्जी पर बुधवार को खारिज कर दी है। अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। आरोपी ने जमानत की गुहार लगाते हुये 11 सितंबर को अर्जी दाखिल की है। ईडी लालपुर कांड संख्या 220-2016 एवं टेक ओवर करते हुये 2022 में जांच प्रारंभ किया था। ईडी ने जांच पूरी करते हुए आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। आरोप है कि डीजेएन के सभी आरोपियों ने एक साजिश के तहत मिल.जुलकर डीजेएन कमोडिटीज नाम से निवेशकों से रुपये को ऑनलाइन बिजनेस के नाम पर जमा करवाया। यह झांसा दिया कि प्रति माह उच्च ब्याज देंगे। इसके बाद निवेशकों के पैसे को लेकर वे फरार हो गये।

## स्पीड न्यूज

### मुख्यमंत्री को दी गयी गार्ड ऑफ ऑनर



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पलामू के चियांकी हवाई अड्डा पहुंचने के उपरांत आयुक्त मनोज जायसवाल, जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने स्वागत किया। साथ ही पलामू जिला प्रशासन की ओर से हवाई अड्डा पर मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### छात्र आलोक ने बाबूलाल को तस्वीर भेंट की



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद ए के सिंह डिग्री कॉलेज के छात्र आलोक विश्वकर्मा ने संकल्प यात्रा के दौरान हुसैनाबाद पंहुचे, जहां उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को अपने हाथों बनाए मरांडी तस्वीर भेंट किया। मौके पर पूर्व सीएम बाबूलाल ने आलोक को प्रतिभा की सराहना करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बिनोद कुमार सिंह और शशि विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद में बाबूलाल का स्वागत



**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के हुसैनाबाद पहुंचने पर भाजपा किसान मोर्चा के उदय नाथ विश्कर्मा, प्रेमतोष सिंह, मधुलता रानी ने किसानो के चिन्हित हल देकर स्वागत किया।

### भाजपाइयों ने बाबूलाल का पाटन मोड़ पर किया गर्मजोशी के साथ स्वागत



**पड़वा पलामू।** पाटन मोड़ पर छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार के नेतृत्व में पड़वा व पाटन प्रखण्ड क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पाटन मोड़ पर छतरपुर विस क्षेत्र में पहुंचते ही भाजपाईयों ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को फुल मालाओं से लाद दिया। इस मौके पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल, भाजपा नेता भोला सिंह, अभय मिश्रा, उदय शुक्ला, संजय सिंह, अरुण दुबे, अशोक तिवारी, निरंजन प्रसाद, राकेश पांडेय, जितेंद्र चंद्रवंशी, जयपाल सिंह, रामाकांत मेहता, रितिक पांडेय, विनोद बैठा, विष्णु देव यादव, सत्येंद्र मेहता सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घर के मलबे में दबी महिला और दो बच्चे रेस्क्यू कर आधे घंटे बाद निकाला गया




**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के दुलसुलमा पंचायत के जोड़ा गांव में घर गिरने से खपरैल के मलबा के नीचे बुरी तरीके से दबी महिला और उसके दो बच्चों को आधा घंटा तक रेस्क्यू कर ग्रामीणों के द्वारा सकुशल निकाला गया। यह धटना बुधवार के सुबह 10 बजे के करीब की है । जब श्रवण भुईयां की पीड़िता पत्नी जीरा देवी 25 अपने तीन साल के बच्ची लक्ष्मी कुमारी तथा जितेंद्र कुमार डेढ़ वर्ष के साथ घर का मुख्य दरवाजा बंद कर घर में सोई हुई थी। चार दिन से रुक रुककर हो रही बारिश से कच्चा मकान का नींव तथा उपर का हिस्सा कमजोर हो गया था। सोए अवस्था में मां के साथ बेटा और बेटी पर कच्चा मकान का बांस, लकड़ी तथा खपडा भर भराकर तीनों के ऊपर जा गिरा। जिसमें तीनों लोग मलबा में दब गए थे। हल्ला सुनने के बाद विनोद मांझी तथा टूटू भुईया ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मलबा के नीचे दब चुके तीनों लोगों को छप्पर के उपर से चढकर दबे हुए कमरा में जाकर मलबा हटाकर तीनों को बचाने में कामयाब रहे। बदलाया टोला सतबरवा निवासी बिनोद मांझी और टूटू भुईयां ने बताया कि शोर मचाने की आवाज सुनकर दौड़ कर पहुंचे और देखा कि घर का दरवाजा बंद था। तुरंत सीढ़ी की व्यवस्था की गई तथा छप्पर पर चढ़कर गिरा हुआ मलबा के सहारे नीचे कमरा में पहूंचे। मलबा हटाया और आधा घंटा प्रयास करने के बाद तीनों को निकाला गया। मलबा में दबे रहने के कारण बच्चे और मां बेसूध थी। तीनों का इलाज स्थानीय चिकित्सक को बुलाकर कराया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए बताया कि स्वास्थ्य सहिया को जानकारी देने के बाद भी चिकित्सकों को बुलाकर इलाज नहीं कराया गया। वहीं सतबरवा के प्रभारी बीएओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के 4 दिनों में 166 मिली मीटर वर्षा हुई है । उन्होंने बताया 1 अक्टूबर को 21, दो अक्टूबर को 19 .1तथा तीन अक्टूबर को 26 और चार अक्टूबर को 52 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। उन्होंने बताया कि बारिश से कुछ फसल को नुकसान हुआ है, परंतु रबी फसल के लिए यह वर्षा सुखद है।

### पलामू में विद्वता का सम्मान होता है : दीपक



**मेदिनीनगर।** पलामू में दूसरी बार कार्यकाल पूरा कर प्रमोशन के बाद स्थानांतरित हुए सदर अंचलाधिकारी जेके मिश्रा के स्थानांतरण होने पर दीपक तिवारी के आवास पर समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में इंडियन रोटी बैंक के पदाधिकारियों व जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने मिश्रा को गुलदस्ता व उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि सीओ मिश्रा की विद्वता, सादगी एवं अधिकारी के तौर पर कार्यकुशलता की चर्चा जिला ही नहीं राज्य भर में की जाती है। समारोह के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह उपस्थित थे। मौके पर अपर समाहर्ता ने सीओ मिश्रा के कार्यों की सराहना की। सीओ मिश्रा ने कहा कि पलामूवासियों व कर्मियों द्वारा दिये गये सम्मान व प्यार को आजीवन भूल नहीं पायेंगे। सरकारी सेवा में बेदाग होना प्रशंसनीय कार्य है। इस दौरान माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव, धनंजय सोनी, इंडियन रोटी बैंक के श्याम जी नामधारी, गोपाल सिन्हा, आलोक पाण्डेय, परवेज अख्तर, राकेश तिवारी मिकू, विनय सिंह, गौरव मित्तल, दक्ष तिवारी समेत कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। मौके पर इंडियन रोटी बैंक की टीम ने यादगार लम्हों की तस्वीर, मोमेंटो सीओ को भेंट किया।

### सेमरी आजीवन महिला संकुल ने किया आम सभा का आयोजन



**पाटन पलामू।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सगुना पंचायत सचिवालय सभागार में सेमरी आजीविका महिला संकुल स्तरीय लिमिटेड के तत्वावधान में एजीएम आमसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएलएफ अध्यक्ष सीता देवी व संचालन राजा बाबू ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि सगुना मुखिया मंजु देवी, विशिष्ट अतिथि पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, शशि प्रसाद गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर मुखिया ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है जरूरत है हम जैसे प्रतिनिधि को निखारने की। प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि सरकार महिलाओं को कम प्रतिशत पर ऋण आजीविका बढ़ाने के लिए देती है ना कि दूसरे कार्य के लिए। रंजीत सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संबंधित जानकारी दी। मौके पर रूकसाना बीबी, किरण सिंह, पिंकी देवी, गीता देवी, लीलावती देवी, साब्या देवी, खुशबून बीबी, पूनम देवी, कमला देवी, आयशा बीबी सहित कई महिलाएं शामिल थी।

# झारखंड की पूर्ववर्ती सरकार ने किसानों की नहीं ली सुध : सीएम हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने मेधा डेयरी प्लांट को किया जनता को समर्पित
- पशुपालकों को प्रति लीटर तीन रू प्रोत्साहन राशि दी जायेगी : बादल
- पशु के साथ चारा भी उपलब्ध कराये सरकार : डॉ रामेश्वर उरांव








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी पंचायत के गणके गांव में मेधा डेयरी प्लांट पलामू का उदघाटन मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, कृषि मंत्री व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्लांट 28 करोड़ की लागत से बनाई गई है। इसकी क्षमता लगभग एक लाख लीटर की है। इस प्लांट में प्रति दिन लगभग 50 हजार लीटर दूध ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहा है। जिसका पैकेटिंग कर बाजार में आमजनों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाभूकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्लांट का उदघाटन पूर्व में ही कर दिया जाता लेकिन कुछ परिस्थिति के कारण नहीं हो पाया था। आज मौसम के बेरूखी के बावजूद भी इस प्लांट का उदघाटन कर जनता को समर्पित किया गया है। इसका मालिक पलामू के पशुपालक हैं कि इसे कैसे चलायें। उन्होंने कहा कि पलामू में किसानों के अनुरूप वर्षा नहीं होती है इसलिए किसान भाई वैकल्पिक आर्थिक श्रोत का रास्ता अपनायें। उसके लिए सरकार आपके साथ सदैव खड़ा है। वन उपज को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। लोग उस ओर भी अपने आप को बढ़ाते हुए जीविकोपार्जन का रास्ता अपनायें। बिरसा हरित योजना के तहत लोग अपने खेतों में पौधा लगायें व उसका देखरेख करें। सरकार उसकी मजदूरी भी देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में मेधा प्लांट योजना की शुरूआत की गई थी जो पलामू में सातवां मेधा प्लांट है। इसके अलावे जमशेदपुर, रांची में प्रस्तावित है। वहीं पाकुड़ में पाउडर प्लांट की स्थापना की जायेगी। सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार कटिबद्ध है। झारखंड में एक भी वृद्ध बिना पेंशन के न रहें इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि गणके व चियांकी गांव दोनों सटा हुआ है। जब गणके में फार्म की स्थापना की गई थी तो उसमें कई लोगों का जमीन सरकार ली थी उस समय मैं काफी छोटा था। लेकिन जब आज मेधा डेयरी प्लांट का उदघाटन हो रहा है तो ग्रामीणों ने जो त्याग व बलिदान दिया था आज उनके सपने साकार हो रहे हैं। पशु धन के साथ चारा भी गौ पालकों को सरकार उपलब्ध कराये ताकि लोग पशुपालन कर सकें। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में दूध प्लांट का एक लंबी लकीर खिंचने का काम किया है। जो आज पलामू में दिखाई दे रहा है। यहां के पशुपालक 50 हजार लीटर से पार कर ढाई लाख लीटर दूध का उत्पादन करें तो सरकार उन्हें और बढ़ावा देगी। मंत्री पत्रलेख ने यह घोषणा किया कि पशुपालकों को तीन रूपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजा मेदिनीराय के सपने को साकार कर रहे हैं। उनका सपना था कि घर घर मथनी बजनी चाहिए। आज मेधा डेयरी प्लांट स्थापित हो जाने से घर घर लोग दूधारू पशु का पालन करेंगे। इस मौके पर उपायुक्त शशिरंजन ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि पलामू के किसानों को समृद्धशाली बनाने के लिए सरकार के योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस मौके पर जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक, झारखंड हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी, जैक सदस्य सुशीला मिश्रा, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, सदर एसडीओ राजेश साह, एसडीपीओ सुरजीत कुमार समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# हेमंत सोरेन को एक न एक दिन ईडी दफ्तर जाना ही पड़ेगा : बाबूलाल मरांडी

**झारखंड से भय, भूख व भ्रटाचार मिटाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष निकले हैं संकल्प यात्रा पर**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अलग झारखंड राज्य की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में की गई थी कि झारखंड का उतरोत्तर विकास होगा लेकिन आज झारखंड में भय, भूख, भ्रटाचार, लूट मचा हुआ है। जिस कारण उद्योगपति झारखंड में उद्योग धंधे लगाने से परहेज क ररहे हैं। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने संकल्प यात्रा के दौरान परिसदन में कही। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में जब तक उग्रवाद, अपराध पनपेंगे तब तक राज्य में उद्योग की कल्पना करना अनुचित होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ा के अनुसार झारखंड में प्रतिदिन पांच हत्याएं, पांच अपहरण की घटनाएं घट रही है। इसके अलावे और कई अपराधिक व उग्रवादी घटनाएं घट रही है उस पर सरकार की निंद्रा नहीं खुल रही है। राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। सरकारी तंत्र में भी भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से राज्य की जनता को यह बताने का काम कर रहा हूं कि परिवारवाद किस कदर से राज्य को विनाश की ओर ले जाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव एवं उनकी पत्नी ने मिलकर 15 वर्ष राज किये। वहीं नीतीश कुमार भी दल बदलकर लगभग 15 वर्ष राज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोग उग्रवाद के कारण शहर की ओर भाग रहे थे। जब मैं मुख्यमंत्री बना तो उग्रवाद पर काफी हद तक लगाम लगाने का काम किया तो पुनः लोग गांव की ओर लौटने लगे। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईडी के डर से भागते चल रहे हैं लेकिन वे कब तक भागेंगे। उन्हें जो रास्ता अपनाना है अपना ले लेकिन एक न एक दिन उन्हें ईडी दफ्तर जाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग वर्षों से पैसा व परिवार के लिए राजनीत करते आ रहे हैं। अब उनकी दुकानदारी बंद हो रही है तो सभी राजनीतिक दल मिलकर प्रधानमंत्री मोदी से लड़ना चाह रहे हैं लेकिन उन सबों के लिए यह नामुमकिन है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, बालमुकुंद सहाय, प्रफुल्ल सिंह, मंगल सिंह, अमित तिवारी, प्रभात भुइयां, अविनाश वर्मा, ओम प्रकाश केशरी समेत कई शामिल थे।

# उपायुक्त आवास कितना सुरक्षित : प्रथम महापौर





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने फिर से दुख जाहिर करते हुए कहा कि कुछ लोग शहर की सुंदरता को तहस-नहस करने में लगे हैं तभी एक साजिश के तहत बीती रात शहीद चौक (कचहरी चौक) जो शहर का एक तरह से सेल्फी प्वाइंट बन गया है उस रोड के किनारे लगे धौलपुर जाली को तोड़ दिया गया। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य इस बात का है कि उस चौक पर पलामू डीसी का संत्री रात और दिन ड्यूटी करता है फिर भी ना ही वे लोग तोड़ने वाले को देख पाए और अगर देखे तो ना ही उसे तोड़ने से रोक पाये। ऐसे में उपयुक्त आवास कितना सुरक्षित होगा यह सोचने की बात है। अरूण शंकर ने एसपी रीष्मा रमेसन से मांग किया है कि स्टेट बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज देखते हुए ऐसे शरारती लोगों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और इनके पीछे कौन ताकत दे रहा है पता कराई जाए ताकि शहर की खूबसूरती को बचाया जा सके।

# कार्यकर्ताओं की भावनाओं का रखेंगे ख्याल : मंत्री रामेश्वर उरांव

**कार्यकर्ताओं की मांग पलामू लोस लड़े कांग्रेस**




**मेदिनीनगर।** जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया संकल्प के साथ समीक्षा बैठक पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पलामू और गढ़वा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ की गई। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे, लोकसभा प्रभारी भीम कुमार पलामू प्रभारी विनय सिन्हा, दीपू उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में पलामू गढ़वा के जिला अपने प्रखंड अध्यक्षों के साथ उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन गढ़वा जिला के अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी ने दिया। बैठक में समीक्षा करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पलामू लोकसभा के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के प्रखंड एवं पंचायत की समीक्षा किए। उन्होंने पाया कि प्रखंड कमेटी मंडल कमेटी पूर्ण है लेकिन कुछ पंचायत का पंचायत कमेटी अपूर्ण है जिसके लिए उन्होंने पंचायत प्रभारी और प्रखंड अध्यक्षों को सख्त हिदायत दिया कि 10 अक्टूबर के पहले सभी पंचायत कमेटी का गठन कर लेना है जिसके लिए उन्होंने दोनों जिला के जिला अध्यक्षों को भी निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में मांग किया कि पलामू लोकसभा सीट विगत समय में काफी मजबूत हुआ है इस कारण से हमें यह लोकसभा सीट जरूर लड़ना चाहिए।

# ऐतिहासिक होगी मरांडी की जनसभा : डॉ ईश्वर

**संकल्प यात्रा के दौरान कल बाबूलाल आयेंगे बिश्रामपुर**

जनसभा को करेंगे संबोधित, भाजपा का दावा 25 हजार लोग होंगे शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी छः अक्तूबर को बिश्रामपुर आयेंगे। जहां मरांडी जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने कहा कि मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर है। उनके स्वागत हेतु पड़वा मोड़ से बिश्रामपुर तक दर्जनों तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता ब्रहमोरीया मोड़ से बी मोड़ तक जगह जगह उनका भव्य स्वागत करेंगे। चंद्रवंशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। दावा किया कि बिश्रामपुर के जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। जनसभा की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से भी जनसभा में शामिल होने का अपील किया।

### बेड़मा बभंडी के ग्रामीणों ने मुखिया पति फारूक अंसारी पर लगे आरोप को बताया बेबुनियाद



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड अंतर्गत बेड़मा बभंडी पंचायत के मुखिया पति फारुख अंसारी के ऊपर यूट्यूबर इब्राहिम रजा के द्वारा जान से मारने की धमकी एक लिखित आवेदन रामगढ़ थाना में दिया। जिसकी भनक लगते ही बेड़मा बभंडी पंचायत के ग्रामीण मुखिया पति के साथ मिलकर पंचायत में बैठक किया। जिसमें यूट्यूबर इब्राहिम रजा को भी इस बैठक में बुलाया गया लेकिन यूट्यूबर इब्राहिम रजा बैठक में नहीं शामिल हुआ और ग्रामीणों ने बताया कि यूट्यूबर का पैसा कमाने का जरिया बन गया है। पंचायत में मुखिया के द्वारा छोटे-मोटे सरकारी योजना के तहत जो भी काम होता है उसमें इब्राहिम रजा मुखिया से कमीशन की मांग करता है। ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया गया कि डीलरों से पैसे की मांग करता है। डीलर बलकेश्वर राम ने बताया कि इब्राहिम यूट्यूबर द्वारा एक बोरा चावल और 20000 रूपये की मांग कर रहा था नहीं देने पर मुखिया के यहां गया और मुखिया शबनम निशा से मेरे खिलाफ लेटर पैड पर लिखकर मुखिया से मांगने लगा। मुखिया ने कहा कि डीलर और ग्रामीण में बैठक हुई है जिसमें सभी लोग का सहमति मिल चुका है कि 6 अक्टूबर और 25 अक्टूबर तक राशन पूरा दे दिया जाएगा। डीलर के द्वारा यह भी बताया गया था कि अगस्त सितंबर माह का राशन मे कटौती के कारण देरी हुई थी जो सही समय पर लाभुक के बीच राशन वितरण नहीं किया गया था। इसी बात को लेकर मुखिया पति फारुख अंसारी और युटुबर इब्राहिम रजा में तू तू में में हो गया। यूट्यूबर इब्राहिम के द्वारा रामगढ़ थाना में मुखिया पति फारुख अंसारी के खिलाफ जान से मारने का लिखित आवेदन दिया है। इधर मुखिया पति फारूक अंसारी ने कहा कि इब्राहिम पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, कमीशन के मांग करने और कमीशन नहीं देने पर वीडियो बनाकर यूट्यूब पर डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इब्राहित कहता है कि ना आपको कमाने देंगे और ना हम कमाएंगे इसलिए मिल बैठकर काम करेंगे तो दोनों को फायदा होगा। रामगढ़ थाना में मुखिया पति फारुख अंसारी ने भी थाना में आवेदन दिया है। मौके पर मोहम्मद अयूब अंसारी, अलीजामा अंसारी, शौकत अली, मोबिन अंसारी, संतोष यादव, इकराम अंसारी, मुबारक अंसारी, अहमद अंसारी ,कासुद्दीन अंसारी, सलीम अंसारी, शहनाज अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी, भोला अंसारी, दिलकश अंसारी, इस्तखार अंसारी, शामाउला अंसारी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोग घायल



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत किशुनपुर तरहसी मुख्य मार्ग पर स्कॉर्पियो नम्बर बीआर 26 पीए 4764 असंतुलित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इस घटना में स्कॉर्पियो में बैठे दो लोग घायल हो गये। घायलों में अजय कुमार चौधरी पिता सीताराम चौधरी 45 वर्ष और नंदकिशोर चौधरी पिता शिवदत्त चौधरी 65 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायल व्यक्ति बिहार के सासाराम जिला के नोखा के रहने वाले हैं। समाचार के अनुसार अजय कुमार चौधरी अपने ससुर के साथ स्कॉर्पियो से पाटन थाना के सुंठा ग्राम में अपने बेटी के घर आये थे। इसके बाद अजय अपने बेटी के घर से वापस अपने घर बिहार जा रहे थे इसी क्रम में किशुनपुर के समीप चौवाई के पास गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई । एक स्कूली छात्र रोड पार कर रहा था उसी को बचाने के क्रम में स्कॉर्पियो गाड़ी असंतुलित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया है। इधर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कार्पियो को जब्त कर पाटन थाना ले आई है।

# राजा मेदिनी राय तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम 8 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** राजा मेदिनी राय तर्पण सह चेरो मिलन समारोह कार्यक्रम सह अखिल भारतीय चेरो जनजातीय मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन 8 अक्टूबर को पलामू किला जतरा मेला टांड़ फुलवरिया गांव में औरंगा नदी के तट पर होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह तथा हरिराम सिंह चेरो पूर्व विधायक दूधी विस उत्तर प्रदेश, मुख्य संरक्षक गंगेश्वर सिंह, पूर्व डीजीपी पश्चिम बंगाल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार सिंह, गढ़वा पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह एमएस डेहरी ऑन सोन बिहार, अरुण कुमार सिंह बीडीओ भरनो गुमला, डॉ मीना सिंह बीआईटी मेसरा रांची, दिलीप सिंह रजिस्टर गुमला, डॉ शिव सिंह रांची, डॉ अंगद सिंह, डॉ सीमा सिंह, डॉ कविता सिंह, गुलाब सिंह पुलिस इंस्पेक्टर, बासो देवी जिला परिषद सदस्य, मानस राज कन्हैया छत्तीसगढ़, गिरजानंदन सिंह, अर्जुन सिंह, भारदुल सिंह, अमरनाथ सिंह चेरो, पंकज सिंह, नंदकिशोर सिंह ,बलवंत सिंह ,प्रतिमा देवी, श्याम नंदन सिंह, नीरज सिंह , दीपक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राकेश सिंह, कमलेश सिंह, संजय सिंह, केशर सिंह, प्रशांत सिंह इंजीनियर आदि नाम है।

# बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर साधा निशाना सरकार भ्रष्टचार में लिप्त हैं राज्य की जनता त्रस्त हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान बुधवार को हुसैनाबाद पहुंची। हुसैनाबाद विधानसभा में प्रवेश करने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता वीनोद कुमार सिंह, कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, ऊर्फ बब्लू सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय कुमार सिंह ने महुदंड मोड़ के समीप भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया वंही अध्यक्षता जिला के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने । सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस राज्य में दलालों और भ्रष्ट अफसरों की सरकार हैं, जेएमएम कांग्रेस राजद जैसी लूट खसोट की गठजोड़ से सरकार चला रहे हैं। राज्य की जनता त्रस्त हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है, पिछले छह महीने में 23 व्यवसाईयो की हत्या हो चुकी है। अपराधियो का मनोबल बढ़ चुका है। सभा में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, विपिन कुमार सिंह,मनोज सिंह, पूर्व सांसद पलामू बृजमोहन राम, जवाहिर पासवान आदि मौजूद थे।

# हेमंत सरकार ने राज्य को अस्थिर किया : मरांडी

**झारखंड में सिर्फ भ्रष्टाचार का है बोलबाला : छतरपुर विधायक पुष्पा देवी**





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने संकल्प यात्रा के दौरान छतरपुर विधानसभा पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। मरांडी छतरपुर के फुलवारी मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड राज्य की स्थापना जिस उद्देश्य से किया गया था आज उसे वर्तमान सरकार ने चकनाचूर कर दिया। झारखंडवासियों को गरीबी, पलायन, बेरोजगारी, भय, भूख ही हाथ लग रही है। वहीं सरकार लूट की योजना बनाकर राज्य में अस्थिरता उत्पन्न करने का काम कर रही है। पूरे झारखंड प्रदेश में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। राज्य में कोयला पत्थर बालू की लूट मची है। इस लूट में राज्य सरकार के मुखिया भी शामिल हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इस वर्षा में भी आपकी उपस्थिति बता रही है कि 2024 में लोकसभा और विधानसभा का परिणाम क्या होगा। 2024 में बीजेपी की सरकार बनेगी तो 6 महीने के अंदर स्कूलों में मास्टर और अस्पताल में डॉक्टर देखने को मिलेंगे। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि वर्तमान की राज्य सरकार में महिलाएं पूर्ण रूप से असुरक्षित महसूस कर रही है। आज हमारे घर की माताएं बहने सड़क पर निकलने से डर रही है। चारों तरफ हत्या और बलात्कार चरम पर है । यह निरंकुश सरकार पूरे प्रदेश में सिर्फ भ्रष्टाचार के बोलबाला में आगे बढ़ रही है। यह सरकार सिर्फ पैसे की उगाही करने लिए ट्रांसफर और पोस्टिंग करने में दिन रात मेहनत कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में देश के चारों ओर विकास के डुगडुगी बज रही है। सभी कार्यकर्ता अभी से ही अपने-अपने बूथ में मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। सभा को पूर्व सांसद मनोज कुमार समेत कई लोगों ने संबोधित किया। वहीं मंच का संचालन श्याम बाबू ने किया।

# बाबूलाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण

**पार्टी इन दो महान विभूतियों के नीति व सिद्धांत पर चल रही है : मरांडी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों के नीति व सिद्धांत पर भाजपा चलकर झारखंड ही नहीं देश के सभी राज्यों में एक मुकाम स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि जब तक पार्टी में नीति व सिद्धांत नहीं रहेगा तब तक कार्यकर्ता एक सूत्र में बंधे नहीं रह सकते हैं। आज भाजपा के साथ पूरे देश में कार्यकर्ताओं की एक लंबी फौज खड़ी है। कारण कि भाजपा राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत होकर राष्ट्रहित के निर्माण में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि भारत में भाजपा ही एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जहां पर व्यक्विाद, परिवारवाद नाम की कोई चीज नहीं है। इन दो महान विभूतियों के जीवनी से प्रेरणा लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान में लगें। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, श्याम नारायण दुबे, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी एवं आलोक चौरसिया, चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, योगेंद्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, प्रफुल्ल सिंह, नरेंद्र पांडे, सोमेश सिंह, अजय तिवारी, अमित तिवारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, प्रभात भुइयां, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुनील पासवान, अरविंद गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, मिथिलेश सिंह, गुड्डु सिंह, रुपा सिह, लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता, रीना किशोर, मंजू गुप्ता, मीणा गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, सुमन सिंह, रेखा देवी, रूबी सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता का मकान गिरा कई वाहन हुए क्षतिग्रस्त

**झरिया।** झरिया में भाजपा नेता राजकुमार अग्रवाल का मकान भरभरा कर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जाता है कि झरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर टैक्सी स्टैंड में एक मकान बुधवार की भोर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर महिंद्रा कार, टाटा इंडिगो व एक एंबेसडर कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही कि घटना में किसी के हताहत नहीं हुई है।

### घनुडीह सब्जी बगान हुआ जलमग्न, मायूसी

**झरिया।** लगातार हो रहे मुशलाधार बारिश में सब्जी बगान हुआ जलमग्न। खेतीहरो मे मायूसी। झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव ने घनुडीह, सब्जी बागान वार्ड नंबर 46 में दौरा कर लगातार हो रहे बारिश के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है इसका जायजा लिया रत्नेश यादव ने कहा है कि आप लोगों को हताश होने का जरूरत नहीं है हम आप के साथ है एवं झरिया अंचलाधिकारी से फोन मे बात कर कहा की किसानों को आर्थिक नुकसान का मुआवजा जल्द उपलब्ध कराये इसपे झरिया अंचलाधिकारी ने भी मामले को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए मुआवजा दिलाने का आश्वाशन दिया।

### घनी आबादी के बीच भू-धंसान, लोगों में दहशत

**लोयाबाद।** बुधवार को लोयाबाद कोलियरी क्षेत्र के लोयाबाद मोड़ 7 नंबर स्थित बीसीसीएल का स्टोरिंग बंद सिरमुहान के पास मे तेज आवाज के साथ खुलकर बना गोफबन गया। गोफ बनने से आस-पास की घनी आबादी वाले मोहल्ले के लोगो मे हड़कंप एवं दहशत का महौल है। मोहल्ले के लोगो ने लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन और प्रबंधक को सूचना दी और ग्रामीणो ने जल्द से जल्द गोफ भरने की मांग किया गया है। वही आस-पास के ग्रामीण ने बताया कि कई दिनो से लगातार हो रही बारिश के कारण ही बंद सिरमुहाना का मिट्टी धंसने के कारण गोफ बन गया है। जिससे गैस रिसाव निकलना शुरू हो गया। जिससे लोगो के बीच दहशत का महौल बन गया।

### एससी आयोग गठन को ले मंत्री आलमगीर आलम से मिले पिंटू तुरी

**झरिया।** बोकारो सर्किट हाउस में मंगलवार को झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के आगमन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी (अनुसूचित विभाग) प्रदेश संयोजक पिंटू तूरी ने मंत्री जी से भेंट कर अनुसूचित जाति(एससी )आयोग का गठन जल्द से जल्द करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। पिंटू तुरी ने कहा की झारखंड सरकार ने कई आयोगों गठन कर दिया गया! परंतु अभी तक अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ!

### तेज गति ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार को मारी टक्कर

**पूर्वी टुंडी।** थाना अंतर्गत गोविंदपुर साहेबगंज मुख्य मार्ग बलारडीह चौक मोहली टोला के पास ट्रेलर ट्रक तेज गति में अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्विफ्ट कार मुख्य मार्ग से जामताड़ा की ओर जा रही थी। जबकि दूसरी ओर से आ रही ट्रेलर ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मारते हुए मुख्य मार्ग के किनारे घसीटते हुए ले गई। और बिजली के खंभे से जा टकराई। वहीं कार सवार एक व्यक्ति को चोट आई है।

# लैंडस्लाइड के 48 घंटे बाद मलबे में दबा मिला सुरक्षा गार्ड सुबोध का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के गोविंदपुर फेस टू परियोजना खुली खदान में बीते 1 अक्टूबर को हुई लैंड स्लाइडिंग में लापता सुरक्षा गार्ड सुबोध कुमार का शव 3 अक्टूबर को मालवा में दबा मिला। घटना के 48 घंटे बाद सीसीएल प्रबंधन ने शव को खोज निकालने में सफलता पायी। सुरक्षा गार्ड का शव बरामद होने के बाद एसीसी सदस्यो की मांग पर सुरक्षा गार्ड के पुत्र को प्रोबीजनल नियुक्ति पत्र प्रबंधन ने सौंपा। मौके पर कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता, स्वांग गोविंदपुर फेज दो के परियोजना पदाधिकारी अरुण कुमार तिवारी सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थें। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैंड स्लाइड (ओबी मलवा गिरने) के 43 घंटे के बाद 3 अक्टूबर को सुरक्षा गार्ड सुबोध की क्षत विक्षत मोटरसाइकिल, छाता, तौलिया मलबा से बरामद किया जा सका। इसके बाद प्रबंधन को भरोसा हो गया कि इसके आसपास हीं सुबोध कुमार का शव होगा। बताया जाता है कि इसके बाद डोजर ऑपरेटर ने बारीकी से मलबा को हटाने का काम युद्ध स्तर से चलाया। मलबा हटाने के क्रम में सुबह लगभग 10 बजे मृतक सुरक्षा कर्मी का बाइक, छाता तथा तौलिया मिला। आखिरकार लगभग 1:30 बजे सुबोध का शव बरामद कर लिया गया। बताया जाता है कि क्षेत्रीय सलाहकार समिति एवं पीसीसी सदस्यों की मांग पर कथारा जीएम डीके गुप्ता एवं परियोजना पदाधिकारी अरुण कुमार तिवारी के हाथों स्वर्गीय सुबोध कुमार के पुत्र को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया गया।



सुरक्षा गार्ड के शव को ले जाते लोग।

### शव की खोज के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की मांग

क्षेत्रीय सलाहकार समिति बीते 2 अक्टूबर को गोविंदपुर फेज दो खदान घटना स्थल पर जाकर मुआयना किया था और शव की बारामदी के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की मांग प्रबंधन से की थी। जिससे प्रबंधन एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति ने राहत की सांस ली। वही परिजनों में कोहराम मच गया।



मलबे में दबी बाइक बरामद।

### मौके पर मौजूद लोग

मौके पर क्षेत्रीय सलाहकार समिति की ओर से नवीन कुमार विश्वकर्मा, इकबाल अहमद, राजू स्वामी, कामोद प्रसाद, उत्तम कुमार सहित शाखा के तमाम पदाधिकारीगण जबकि क्षेत्र के अमलाधिकारी कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार, फेज दो के कार्मिक प्रबंधक एस आर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# तेलीपाड़ा दामोदरपुर में पत्नी ने की पति की हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र तेलीपाड़ा दामोदरपुर में बुधवार की सुबह पारिवारिक झगड़े के कारण पत्नी ने पति की हत्या कर फरार हो गई। जिसकी सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वहीं शव को कब्जे में लेकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि धनबाद के दामोदरपुर निवासी अजित हांसदा पेशे से राजमिस्त्री था। घर में उसकी पत्नी सरस्वती देवी और दो बच्चे थे। पत्नी का मायका निरसा के दलदली में है। उसकी शादी लगभग पांच वर्ष पहले हुई थी। वह मंगलवार की शाम दैनिक मजदूरी कर घर लौटा था। मंगलवार की रात में खाना खाने के बाद पति-पत्नी ने अपने बच्चों को सुला दिया। उसके बाद दोनों के बीच किसी बात पर जमकर विवाद हुआ। जिसमे पत्नी सरस्वती देवी ने पति अजित हांसदा पर हमला कर उसे जान से मार डाला।



### हत्या के बाद पत्नी कुएं में कूदी

बच्चों को नींद से जागने पर उन्हे सोने के लिए बोली, फिर पति की हत्या करने के बाद वह घर छोड़कर फरार हो गयी। इधर शव के मुंह को पूरी तरह से प्लास्टिक से बांध हुआ था। वही सिर पर गहरी चोट का निशान मिले है। बाद में पत्नी ने कुए में कूद गयी। हालांकि वह बच गयी है।

### 2 लाख रुपये के आभूषण सहित अन्य सामान की चोरी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत तालडांगा हाउसिंग कालोनी स्थित बंद पड़े सेवानिवृत ईसीएल कर्मी अनिल झा के क्वार्टर में चोरों ने ताला तोड़कर 2 लाख रू के आभूषण सहित अन्य सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी अनिल झा ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है। घटना की जानकारी देते हुए अनिल झा ने बताया कि वे क्वार्टर में ताला बंद कर करीब बीस दिन पूर्व मुंगेर के तारापुर स्थित लोढ़िया अपने गांव गए हुए थे। कालोनी के अगल बगल के लोगों ने उन्हे मोबाइल से सूचना दिए कि आपका क्वार्टर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद वे मंगलवार की संध्या कालोनी पहुंचे तो देखा कि घर काल ताला टूटा हुआ है व घर के अंदर आलमीरा भी टूटा हुआ है और उसमे से चोरो ने सोना के कान का चार जोड़ा,नाक का नथनी दो जोड़ा,कमरधनी चांदी का एक,पायल दो जोड़ा,चांदी का दुर्गा माता आधा किलो का,कांसा व पीतल कां बर्तन,स्टैण्ड फैन,साड़ी बनारसी चार पीस आदि सामान की चोरी कर ली है। इसके अलावे इन्वर्टर भारी रहने के कारन चोर द्वारा नही ले जा सकने के कारन उसे पटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। चिरकुंडा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**धनबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने आज मटकुरिया रोड स्थित सिग्नेचर टावर में सोसाइटी के सचिव सह कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

### विद्यार्थी साइबर सुरक्षा पहलु से हुए रूबरू



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में साइबर क्राइम के दुष्परिणाम और इससे बचाव की जानकारी देने हेतु आयोजित एक विशेष सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में नई दिल्ली से पहुंचे साइबर एक्सपर्ट व स्वतंत्र डिजिटल परामर्शदाता सह अनुसंधानक दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि किस प्रकार साइबर अपराध आज के दौर में एक बड़ी चुनौती बन चुका है। उन्होंने किसी भी अनजान लिंक पर न क्लिक करने की भी सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने साइबर अपराध को आज के डिजिटल दौर की बड़ी समस्या बताई।

# बोकारो थर्मल व चंद्रपुरा पावर प्लांट का किया गेट जाम, कोयले की आपूर्ति ठप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** संयुक्त मोर्चा संघर्ष समिति की ओर से 9 सूत्री मांगों को लेकर विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के नेतृत्व में डीवीसी के बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा पावर प्लांट का गेट अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया गया है। इससे एक ओर जहां प्लांट में कोयले की आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो गई है। वहीं, छाई भी प्लांट से बाहर नहीं आ पा रहा है। धरना पर बैठे आंदोलनकारी अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं आंदोलनकारी**

आंदोलन को लेकर पेंशनर कर्मी पीके समादार, अध्यक्ष डीवीसी स्टाफ एसोसिएशन का कहना है कि हम लोग अपने साथ हो रहे अन्याय को लेकर धरना में शामिल हैं। इनका कहना है कि पेंशन डीवीसी की तरफ से दी जाती थी, जिसे बैंक को दे दिया गया, जो गलत है। अभी भी 70% क्वार्टर बेकार पड़े हैं। इसी के विरोध में हम लोग बेरमो विधायक अनूप सिंह के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन गेट जाम आंदोलन पर बैठे हैं। इस संबंध में आंदोलनकारी का कहना है कि बोकारो थर्मल और चंद्रपुरा दोनों का चक्का जाम रहेगा।



### क्या हैं मांगें

आंदोलनकारियों की नौ सूत्री मांगों में मुख्य रूप से डीवीसी आवासों की लीज आवंटन नीति और 25 गुना रेट का निर्णय वापस लिया जाए। चलंत मेडिकल सुविधा चालू हो। अमृत कामगारों के आश्रितों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। सीएसआर के तहत समुचित विकास के कार्य हों। प्लांट के 30 किलोमीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र में डीवीसी द्वारा सीधी बिजली सप्लाई की जाए। विस्थापित गांव में मुफ्त बिजली, पानी व शिक्षा की व्यवस्था शामिल हैं।

## हाथी हमले के प्रभावितों के बीच पूर्व विधायक योगेंद्र ने किया अनाज का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** मंगलवार को मंत्री(दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो ग्राम पंचायत सियारी (गोमिया) पहुंचे। रविवार की रात्रि पंचायत के ग्राम चितू, काशीटांड़, बिरहोर डेरा व बोरवाकोचा में हाथी हमले के प्रभावित ग्रामीणों से मिले और उनकी सुध ली। मंत्री जी ने निजी तौर पर करीब 28 प्रभावितों के बीच तिरपाल और अनाज का वितरण कर बड़ी राहत प्रदान की। माननीय मंत्री श्री महतो ने प्रभावितों को आश्वस्त किया कि डीसी, डीएफओ से बात हुई है। बहुत जल्द प्रावधान के अनुरूप मुआवजा भुगतान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथियों को क्षेत्र से बाहर करने के लिए भी वन विभाग को मुस्तैदी से काम करने को कहा गया है। इस मौके पर सियारी के मुखिया रामवृक्ष मुर्मू लोधि मुखिया प्रतिनिधि कमाल अख्तर और अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल थे। मंत्री जी द्वारा प्रभावितों की त्वरित सुध लिए जाने पर मुखिया रामवृक्ष मुर्मू सहित सामाजिक कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। बता दें कि रविवार की रात्रि में हाथियों ने उक्त गांवों में दो दर्जन से अधिक घरों को क्षतिग्रस्तकर दिया था। घर में रखे अनाज खा गए थे। जिससे प्रभावित परिवार चिंतित हैं। मंत्री जी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रभावितों की सुध ली।



अनाज और तिरपाल वितरण करते पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद।

### 14 सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना

**पुटकी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पुटकी 17 न0 में स्थित एसजीटी आउटसोर्सिंग कम्पनी में 14 सूत्री मांगों को लेकर आजसू पार्टी के द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर अध्यक्ष जीतू पासवान, कार्यक्रम की अध्ययता सुन्दरी उराँव मंच संचलन सुदामा पासवान वही मुख्यरूप से जिलाध्यक्ष मंटू महतो धरना को सम्बोधित करते हुय कहा कि विस्थापीतो को पूर्ववास किया जाये।

# झरिया की यादगार इमारतें दे रहीं हादसे को आमंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** देश की कोयला राजधानी के नाम से विख्यात धनबाद जिला का झरिया शहर जहाँ आज भी दर्जनों पुराने मकान जर्जर हो रहे है।

**निचे सबजी की दुकान, उपर मौत का साया:** झरिया शहर के बाटा मोड के समीप करीब 75 वर्ष पुरानी भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। उक्त भवन के निचे हर रोज सब्जी का दुकान सुबह में लगता है। उसके बाद ठेला खोमचा का फुटपाथ दुकान पर खरीदारी के लिए लोगों का आना जान लगा रहता है।



**लक्ष्मिनियामोड मोड में जर्जर भवन**

**एक:** लक्ष्मानिया मोड़, लाल बाजार, कतरास मोड़ समेत कई क्षेत्रों मे दशकों पुरानी भवनों की संख्या अधिक है। जहां कि हर समय वाहन, पैदल लोगों का आना जाना लगा रहता है। ये क्षेत्र में घनी आबादी होने से किसी भी समय बडा हादसा होने का डर बना हुआ है। जिनमें से दर्जनों की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। मॉनसून के दस्तक के साथ इन जर्जर इमारतों की स्थिति काफी भयावह हो जाती है। ऐसे में यह लापरवाही कहीं किसी की जान की दुश्मन न बन जाए, यह डर लोगों को सताए रहता है। इसके अलावा मरम्मतीकरण के अभाव में कई बिल्डिंग जर्जर हो रही है। इन जर्जर इमारत को देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कभी भी धराशाही हो सकती है।

**मामला-दो:** लाल बाजार स्थित तीन मंजिला इमारत की हालत बदहाल है। मकान काफी पुराने होने से जर्जर हो गए हैं। जो तेज व लगातार बारिश में कभी भी गिर सकते हैं। बारिश होने पर भवन में पानी टपकने के साथ सीलन आ जाती है आलम यह है कि अब इस इमारत मे कई पेड़पौधों का वास हो गया है।

**मामला- तीन:** बाटा मोड़ स्थित यह मिठाई की प्रतिष्ठान वाली बिल्डिंग की जर्जरता किसी से छुपी नही झरिया का सबसे व्यस्त रहने वाले इलाको मे से एक है। यहाँ कई ऑटो रिक्शा का आवगमन होता है अगर कोई बड़ा हादसा हो जाए तो उसकी जिमेवरि लेने वाला कोई नही।

एक नजर में

### विभिन्न परियोजनाओं को लेकर बैठक आयोजित



**धनबाद।** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआइएल), पूर्व मध्य रेल (ईसीआर) के गोमो फ्लाईओवर, जुडको, एनएचएआइ तथा बीसीसीएल की परियोजनाओं को लेकर बुधवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान में तेजी लाने, सभी अंचल अधिकारियों को दावा आपत्ति का निराकरण समय पर करने, परियोजना के लिए सरकारी भूमि के हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एम.के. उरांव, आईटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के संजय कुमार झा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार पटेल, संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी तथा डीएफसीसीआइएल, ईसीआर, जुडको, एनएचएआइ तथा बीसीसीएल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग के लिए जांच शिविर आयोजित



**बोकारो।** बोकारो के सेक्टर12 स्थित आरबीएस कॉलेज में जीवन दीप संस्था की ओर से दिव्यांग जनों के लिए नि:शुल्क कृत्रिम अंग हेतु जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर जमशेदपुर के विशेषज्ञ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने 15 लोगों की जांच की। इन लोगों को कृत्रिम यंत्र बनाकर नि:शुल्क दिया जाएगा। इसके अलावा करीब एक दर्जन लोगों को कृत्रिम यंत्र बांटे गए। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर नंदा रानी ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन दीप संस्था लगभग 10 वर्षों से दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग प्रदान कर रही है।

### सशिमं श्यामडीह के खिलाड़ियों ने झारखंड राज्य जंप रोप प्रतियोगिता में लहराया परचम



**कतरास।** 12वीं झारखण्ड राज्य जंप रोप प्रतियोगिता 2023 में सरस्वती शिशु मंदिर श्यामडीह के 4 भैया लोगों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रांची में आयोजित हुआ था। इस प्रतियोगिता में विजेता रहे:- अंडर 14 कुंदन रजक (2 रजत) अंडर16 मोहित महतो (2 स्वर्ण 1 रजत) अंडर18 बसंत कुमार साहु (1 स्वर्ण, 1 रजत, 1 कांस्य) अभिषेक पाण्डेय (1 रजत 1 कांस्य) 17वीं जूनियर एवं सब जूनियर जंप रोप प्रतियोगिता जो नवंबर माह में पुरी (उड़ीसा) में आयोजित होगी, उसमें चारो विजेता खिलाड़ियो का चयन हुआ है । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभिमन्यु कुमार जी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।


## कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

### जलकरों की खुली डाक से बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कोडरमा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड चन्दवारा, सतगावाँ, डोमचाँच, मरकच्चो, जयनगर एवं कोडरमा के निम्नांकित राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.01.1992 के आलोक में वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक के लिए (तीन वर्षो) की जाएगी। माह जनवरी 2024 तक प्रत्येक बुधवार कार्यदिवस को 11:30 बजे पूर्वाह्न से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निम्नलिखित शर्तो के साथ अल्पकालीन बन्दोबस्ती नियमानुसार की जायेगी।

वित्तीय वर्ष :- 2023-24 में अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु जलकरों की सूची

| जिला :- कोडरमा | | बन्दोबस्ती अवधि 2023-24 से 2025-26 तक, अंचल - चन्दवारा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | पंचायत | तालाब का विवरण: खाता | खेसरा | रकवा | सुरक्षित जमा | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | थकहा आहर | कुरमीडीह | कांको | 01 | 7201 | 1.45 | 1000 | |
| 2 | छोटकी धमराई आहर | छोटकी धमराई | बड़की धमराई | 24 | 3487 | 1.88 | 800 | |
| 3 | सिमरिया आहर | सिमरिया | बड़की धमराई | 14 | 889 | 2.30 | 3200 | |
| 4 | बाजपुर आहर | बाजपुर | कांको | 18 | 03 | 1.99 | 2800 | |
| 5 | कांको आहर | कांको | कांको | 35 | 1652 | 1.00 | 800 | |
| 6 | चन्द्रघटी आहर | चन्द्रघटी | कांको | 12 | 102 | 1.10 | 800 | |
| 7 | पीपराडीह आहर | पीपराडीह | पीपराडीह | 25 | 379 | 0.92 | 800 | |
| 8 | जोगियाडीह आहर | गैंड़ा | पीपराडीह | 40 | 707 | 3.06 | 9600 | |
| 9 | रोहवा आहर | गैंड़ा | पीपराडीह | 40 | 286 | 2.00 | 2600 | |
| 10 | गुही आहर | चन्दवारा | चन्दवारा | 174 | 4111 | 3.04 | 2500 | |
| 11 | चरवा आहर | थाम | थाम | 128 | | 1.28 | 2100 | |
| 12 | थाम आहर | थाम | थाम | 128 | 1054, 1055 | 2.92 | 2100 | |
| 13 | कोढ़ा आहर | चन्दवारा | चन्दवारा प0 | 27 | 218 | 1.50 | 2200 | |
| | प्रखण्ड- सतगावाँ | | | | | | | |
| 1 | डेढ़ो आहर | डेढ़ो | राजावर | 01 | 15, 122 | 2.00 | 1600 | |
| 2 | हरिकोला डैम | कैरी | नावाडीह | 18 | 524 | 7.00 | 3400 | |
| 3 | आश्रयणपर नाला डैम | लेम्बो | माधोपुर | 66 | 183 | 15.00 | 3200 | |
| 4 | शिवपुर आहर | शिवपुर | शिवपुर | 203 | 1360 | 2.24 | 42800 | |
| 5 | डेलीयाही आहर | राजावर | राजावर | 108 | 3057 | 3.00 | 1200 | |
| 6 | कुशनिया आहर | कुशनिया | राजावर | 08 | 2257 | 4.00 | 3500 | |
| 7 | झराही आहर | झराही | नावाडीह | 01 | 181 | 2.00 | 1200 | |
| 8 | खरौनिया आहर | योगीडीह | इटाँय | 18 | 524 | 2.00 | 1600 | |
| 9 | चम्पा मांझी आहर | खिरीकला | अम्बाबाद | 09 | 181 | 2.00 | 1800 | |
| 10 | वासर आहर | गलवाती | मरचोई | 48 | 452 | 5.00 | 2400 | |
| 11 | भेलवा आहर | गलवाती | मरचोई | 48 | 486 | 2.00 | 1800 | |
| 12 | चौंदडीह आहर | चौंदडीह | समलडीह | 33 | 547 | 2.00 | 2000 | |
| 13 | कटैया आहर | कटैया | कटैया | 66 | 103 | 1.00 | 800 | |
| 14 | सकरीदह आहर | देवधर | कटैया | - | - | 1.00 | 800 | |
| 15 | मुग्रीयाचक आहर | कोठियार | कोठियार | 28 | 2 | 2.00 | 1200 | |
| 16 | घोड़ा करण आहर | कोठियार | कोठियार | 28 | 817 | 2.00 | 1200 | |
| | प्रखण्ड - कोडरमा | | | | | | | |
| 1 | गुड्डु आहर | बेलगढ़ा | डुमरडीहा | 79 | 585 | 0.80 | 1200 | |
| 2 | झुमरी इस्टर्ण आहर | चाराडीह | चाराडीह | - | 588 | 8.22 | 14000 | |
| 3 | महतो आहर | गुमो | | 220 | 5841 | 0.56 | 1200 | |
| | प्रखण्ड - डोमचाँच | | | | | | | |
| 1 | लूटा आहर | महथाडीह | डोमचाँच | 301 | 1198 | 0.54 | 1000 | |
| 2 | लोखण्डवा आहर | असनाबाद | मसमोहना | 45 | 19 | 0.32 | 800 | |
| 3 | चोढ़ी आहर | मसमोहना | मसमोहना | 25 | 24 | 2.93 | 2600 | |
| 4 | बदलुवा आहर | जेरूवाडीह | नावाडीह | 02 | 771, 772 | 2.56 | 3000 | |
| 5 | समुद्रा आहर | डोमचाँच | डोमचाँच द0 | | 2481, 3975 | 1.30 | 4000 | |
| 6 | किशुनदेव आहर | डोमचाँच | डोमचाँच द0 | 1340 | 1101, 1102 | 2.84 | 1600 | |
| 7 | रूनवाडीह आहर | जेरूवाडीह | नावाडीह | 02 | 487 | 2.65 | 3000 | |
| 8 | तारार्टांड़ आहर | महेशपुर | डोमचाँच | 133 | 591, 592 | 1.67 | 1600 | |
| 9 | इन्दरमन आहर | डोमचाँच | डोमचाँच द0 | 1340 | 5685, 5686 | 1.41 | 800 | |
| 9 | बथानी आहर | धरगाँव | फुलवरिया | 982 | 2324 | 1.20 | 800 | |
| 10 | फुटलाही आहर | रायडीह | पुरनाडीह | 173 | 963 | 4.04 | 2500 | |
| | प्रखण्ड - मरकच्चो | | | | | | | |
| 1 | मुर्कमनाई आहर | मुर्कमनाई | मुर्कमनाई | 135 | 670 | 1.11 | 1800 | |
| | प्रखण्ड - जयनगर | | | | | | | |
| 1 | कटिया पोखर | कटिया | कटिया | 340 | 1392,1393 | 2.65 | 1600 | |
| 2 | धोबी/घोटकी आहर | बेहराडीह | तिलोकरी | 71 | 1492 | 2.00 | 1800 | |
| 3 | भगनडीह आहर | जयनगर | जयनगर प0 | 857 | 69 | 0.80 | 1200 | |
| 4 | छोटकी गम्हरबाद आहर | गम्हरबाद | ककरचोली | 28 | 134, 135 | 1.30 | 1200 | |
| 5 | मनौया आहर | दलदलीया | पिपचो | 70 | 168 | 1.06 | 1200 | |
| 6 | सिंगारडीह आहर | सिंगारडीह | कन्द्रपडीह | 36 | 811, 812 | 1.25 | 1200 | |

बन्दोबस्ती की आवश्यक शर्ते :-

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति को सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चत्तम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जायेगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं का अग्रधन राशि वापस कर दी जायेगी।
2. उच्चत्तम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरंत बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी, अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
3. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद्द करने अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा संपन्न होने के बाद निर्गत की जायेगी।
5. जलकरों की बन्दोबस्ती में शामिल होने हेतु पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

PR 308269 Fish(23-24)#D

खबर मन्त्र
रांची.गुरुवार.05 अक्टूबर 2023

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## हर गांव तक बस सेवा

देश के आबादी के लिहाज से सबसे बड़ें प्रदेश उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने ऐलान किया है कि इसी साल के अंत तक प्रदेश के सभी गांवों तक आने-जाने के लिए सरकारी बस की सेवा शुरू कर दी जाएगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में आबाद गांवों की संख्या 1लाख 983 जबकि ग्राम सभाओं की तादाद 59 हजार 163 हैं। इनमें से केवल 4 हजार 593 गांव परिवहन की सुविधा से वंचित हैं। वर्तमान में अधिसूचित मार्गों की सूचना परिवहन विभाग के पास जबकि इससे भिन्न मार्गों की जानकारी निगम के पास उपलब्ध है। सर्वे का काम एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक जिले में कम से कम दो दल बनाए जाएंगे और सर्वे रिपोर्ट इसी महीने की 10 तारीख तक प्रदेश परिवहन मुख्यालय पर आ जाएगी। स्थलीय सर्वे करते हुये व मार्ग के सृजन का प्रस्ताव करते हुए ध्यान रखें कि सम्बन्धित मार्ग से अधिकतम एक किलोमीटर दूरी वाले गाँव ही सेवित माने जाएंगे। यूपी जैसे बड़ें राज्य में हर गांव तक परिवहन सुविधा पहुंचाने से राज्य के विकास के क्षेत्र में दूरगामी परिणाम होंगे। जहां शहर की ओर पलायन कम होगा वहीं लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार होगा। देश के अधिकतम आबादी के लिये सस्ती और बेहतर सरकारी सेवा पहुंचाना राज्य की जबावदेही है। दुर्भाग्य से झारखंड राज्य के निमार्ण के दो दशक बाद राज्य में सरकारी परिवहन सेवा उपलब्ध ही नहीं है। पूरा परिवहन क्षेत्र निजी और महंगे यातायात सुविधा से त्राहिमाम कर रहा है। झारखंड की सड़कों परयूपी, छत्तीसगढ़, ओड़िसा, पश्चिम बंगाल और बिहार की बसे दौड़ती नजर आती है। राज्य की परिवहन सेवा का न होना राज्य के जनता के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। विगत 20 साल से जनता सस्ते परिवहन सेवा का इंतजार कर रही है।

## गिरते रुपये का असर

समायोजन के बगैर मुद्रा की मजबूती को सीधे अर्थव्यवस्था से जोड़ने के कारण ही रुपये की मजबूती को लेकर एक व्यवस्थागत पूर्वग्रह उत्पन्न हो गया है। रुपया अक्सर दबाव में रहा है और इन वजहों में से ज्यादातर भारत के नियंत्रण में नहीं हैं। यह जानना और मानना जरूरी है कि भारत अपनी जरूरत के कच्चे तेल में से ज्यादातर आयात करता है। इसकी ऊंची कीमतें बाह्य खाते की स्थिति को प्रभावित करती हैं। चूंकि तेल कीमतें ऊंची हैं और उनके निकट भविष्य में भी ऊंचा बने रहने की आशंका है, इसलिए भारत का चालू खाते का घाटा भी ऊंचा बना रहेगा। इससे रुपये पर जाहिर तौर पर दबाव पड़ेगा। तेल और व्यापारिक कारकों से इतर अन्य मसले भी हैं जो इस समय मुद्रा की गति को प्रभावित कर रहे हैं। अमेरिकी डॉलर मजबूत हो रहा है, इसका परिणाम अधिकांश मुद्राओं में गिरावट के रूप में सामने आया है। इनमें यूरो, येन और पाउंड जैसी मुद्राएं भी शामिल हैं। सच तो यह है कि रुपया कई अन्य मुद्राओं की तुलना में कम गिरा है क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक ने जरूरी हस्तक्षेप किए हैं। चूंकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक मौद्रिक स्थितियों को अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में तेज गति से सख्त बना रहा है, इसलिए पूंजी अमेरिका की ओर जा रही है। भारतीय बाजारों से भी इस वर्ष 24 अरब डॉलर की पूंजी बाहर गई है। ऐसे में चूंकि आयातक और विदेशी निवेशक दोनों और अधिक डॉलर की मांग कर रहे हैं इसलिए घरेलू मुद्रा की तुलना में इसका मूल्य बढ़ रहा है। चूंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरों में इजाफा जारी रखने की संभावना है, इसलिए रुपये पर दबाव भी बरकरार रहेगा। यह बात भी माननी होगी कि मुद्रा का अवमूल्यन भी आवश्यक है। लेकिन स्थितियां अनुकूल होने की दिशा में परीक्षण भी आवश्यक है।

# बंदे भारत की गति का अधिकार किसे है?




**बंदे** भारत नाम से स्वदेशी सेमी एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाई जा रही है। आजादी के 75 साल बाद 75 स्तरीय रेलगाड़ी चलने से हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। लेकिन नीतिन नंदन जी जो हमारे सहयोगी है उनका मानना है कि ट्रेन तो अच्छी है लेकिन भाड़ा सामान्य रेलगाड़ियों के भाड़ा से पांच से छह गुणा अधिक है। कम आय वालो को क्या लाभ?

मुझे भी इस बंदे भारत में यात्रा करने को मजबूर होना पड़ा। हुआ यह कि कोडरमा से रांची आने के लिये जन शताब्दी में 120 से अधिक वेटिंग टिकट थे तो दूसरी ओर बंदे भारत में 42 टिकट उपलब्ध था। 120 रुपये में कोडरमा से रांची आता लेकिन 650 रुपये देकर रांची आया। इसलिये मजबूर हुआ।

मैं थोड़ा डरा था क्योंकि सुना था हवाई जहाज जैसा फिलिंग होता है। खैर रेल में चढ़ने के लिये कोई भीड़ का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन अंदर जाने के लिये हरा बटन दबाने के लिये इंतजार करना पड़ा। खैर बोगी के अंदर कोई आवाज नहीं थी। एक बोतल पानी दिया गया। थोड़ी देर बाद तिलैया डैम के उपर का सीन अच्छा था फिर बरही स्टेशन मिला जहां शायद कोई रेलगाड़ी नहीं रुकती। बरकाखाना में ध्यान आया कि सामने डिस्पले पर बंदे भारत की गति दिखायी जा रही है। यह मेरे लिये एक नया अनुभव था। मैंने देखा कि ट्रेन स्टापेज के बाद मात्र एक मिनट में शून्य से सौ की गति पकड़ लेती है। रेल की उच्चतम गति 114 किमी प्रति घंटा तक गया। लेकिन औसतन 80 से 90 के बीच ही रहा। जब रेल बरकाकाना पहुंची तब ट्रेन मुरी से रांची डायवर्ट कर दिया गया लेकिन डिस्पले पर पुराना रूट ही दिखाता रहा। खैर ठंड काफी थी बोगी के अंदर और लोग बात कर रहे थे कि पहले चाय-कॉफी भी टिकट के साथ था लेकिन अब खत्म हो गया है। मैं ठंड के कारण पानी पी नहीं पाया। और तब रेल मुरी में खड़ी थी। जहां स्टापेज न हो वहां बंदे भारत का गेट नहीं खुलता है यह सुरक्षा की दृष्टिकोण से अच्छा है। लेकिन अहम सवाल है कि क्या इस नये रेल का गति और गति का अधिकार सिर्फ सात करोड़ भारतीय परिवारजनों को है?

निश्चित तौर पर भारतीय रेल का कल्याणकारी भाव वर्तमान समय में गायब होता जा रहा है। रेल आजादी के बाद की सरकारों के लिये राजनीति का एक हिस्सा रही जिसके कारण रेल भारी घाटा और विकास की धीमी गति का शिकार हो गयी।



**-एनके मुरलीधर**

> वंदे भारत को सबसे तेज दिखाने के लिए रांची डिवीजन ने सुपर एक्सप्रेस की गति धीमी कर दी। रांची,रांची को पटना और गया सहित पूर्णिया को जोड़ने वाली एकमात्र आम लोगों की ट्रेन 18625 सुपर एक्सप्रेस धीमी हो गई है, धीमी की गयी है, मालूम हो कि इससे पहले इस ट्रेन की स्पीड आखिरी बार 2006 में बढ़ाई गई थी, जब लालू यादव रेल मंत्री थे आखिर गति का अधिकार गरीबों को भी है।

इंदिरा गांधी के काल में बाप्प इंजन समाप्त कर दिये गये और डीजल तथा बिजली से चलने वाली रेलगाड़ियों का चलन हो गया। रेल की अच्छी रेलगाड़ियों में राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस और फिर जन शताब्दी का चलन बढ़ता गया।

2018 में पहली बंदे भारत रेलगाड़ी वाराणसी से नयी दिल्ली के बीच चली। यह प्रयोग सफल रहा। अब इस रेलगाड़ी का विस्तार पूरे देश में किया जा रहा है। मुझे एक संवाद फेस बुक के मित्र के वॉल पर मिला है जिसकी पुष्टि तो मैं नहीं करता लेकिन 1984 के आस पास आंरभ हुई हटिया रांची पटना सुपर फॉस्ट एक्सप्रेस जो अब हटिया-पूर्णिया एक्सप्रेस हो गयी है उसकी गति दुर्गति पर लिखी है।

वंदे भारत को सबसे तेज दिखाने के लिए रांची डिवीजन ने सुपर एक्सप्रेस की गति धीमी कर दी. :-रांची,रांची को पटना और गया से जोड़ने वाली एकमात्र आम लोगों की ट्रेन 18625 सुपर एक्सप्रेस धीमी हो गई है, मालूम हो कि इससे पहले इस ट्रेन की स्पीड आखिरी बार 2006 में बढ़ाई गई थी, जब लालू यादव रेल मंत्री थे और गया रांची को कवर करने के लिए इस्तेमाल की जाती थी। 6:30 घंटे में.. दोपहर 2 बजे से रात 8:30 बजे तक, जिसमें अब 7:20 घंटे लगेंगे। अब यह गया से दोपहर 12:50 बजे खुलेगी और रात 8:10 बजे रांची पहुंचेगी. एक तरफ प्रधानमंत्री आम लोगों के लिए तेज ट्रेनों की बात करते हैं लेकिन दूसरी तरफ रेलवे 50 साल पुरानी तेज रफ्तार ट्रेनों की गति धीमी कर रहा है। रांची डिवीजन में पदावनत होकर बैठे आलसी और सबसे कम अनुभव वाले रेलवे अधिकारी को उचित समय सारणी बनाने का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन वे लाखों रुपये के भुगतान का आनंद लेते हैं।

यह आक्रोस आम आदमी का रेलवे के अधिकारियों के प्रति है। लेकिन क्या यह सच नहीं है कि कोरोना काल के बाद पैसेंजर रेलगाड़ियों के भाड़ें नहीं बढ़ाये गये? क्या देश में रह रहे परिवारों की जिनके काला घन विदेश में नहीं है, जो आयकर देने लायक नहीं है, जिनकी सामाजिक सुरक्षा न के बराबर है, जिनकी आय गणना के लायक नहीं है वे मासिक आय की श्रेणी में ही नहीं आते, जो एयर कंडीशन बसों में सफर करने के लायक नहीं है और जो सबसे अधिक वोट देते हैं उनकी संख्या में सरकार गौर करे।

ध्यान देने योग्य बात है कि देश में सात करोड़ परिवार जिनकी कुल आबादी लगभग 30 करोड़ है जो अमेरिका की आबादी के लगभग बराबर है उनके लिये बंदे भारत का सफर सहज है। लेकिन शेष 18 करोड़ परिवार जो 110 करोड़ है वे सिर्फ बंदे भारत को देख सकते हैं।

बंदे भारत का स्वागत है लेकिन इसके फेर में सामान्य रेलगाड़ियों को बंद करना, उनकी गति घटाना जैसे कई निर्णय हैं जिसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। देश में हर दिन 15 लाख लोग सड़क दुर्घटना से प्रभावित होते हैं इस कोण से रेल आज भी सुरक्षित और बेहतर सेवा है। आम लोगों के लिये जीवन रेखा है।

भारत में रेल गरीबों का सहारा है। पैसेंजर और एक्सप्रेस के सहारे ही देश की आबादी अपने शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की यात्रा तय करती है। दूसरे राज्य में जाने वाले श्रमिक जो देश के विकास के सूत्रधार है उनके पास एक मात्र सहारा रेल ही है। 30 करोड़ परिवारजनों की क्षमता और उनकी आर्थिक स्थिति के लिये बंदे भारत सही है विशेषकर पर्यटन और देश के रेलवे की ब्रांडिग के लिये भी। लेकिन इसके बीच 110 करोड़ भारतीयों को भी गति का अधिकार है भले उन्हें सामान्य श्रेणी में यात्रा करना क्यों न पड़ें? नये तकनीक का स्वागत है, बुलेट ट्रेन का भी लेकिन यह देश के अधिकतम आबादी की पहुंच के कीमत पर नहीं। ये वो लोग है जो आराम से सरकार बदलते हैं और कभी झांसे में नहीं आते।

(लेखक चीफ सब एडिटर खबर मन्त्र )

### खास बात
## तारीख गवाह बना

1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे, स्वच्छ भारत की यात्रा का नया इतिहास लिखा गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकप्रिय फिटनेस इन्फ्लुएंसर अंकित बैयनपुरिया के साथ श्रमदान में शामिल हुए। उन्होंने ट्वीट किया, आज, जब देश स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, अंकित बैयनपुरिया और मैंने भी वही किया! केवल स्वच्छता के अलावा, हमने इसमें फिटनेस और खुशहाली को भी शामिल कर लिया।

नागरिकों के स्वामित्व और नेतृत्व में, इस मेगा स्वच्छता अभियान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, गांवों और शहरों की भागीदारी देखी गई। कुल मिलाकर 9 लाख से अधिक स्थानों पर लगभग 8.75 करोड़ लोगों की भागीदारी का संकेत मिलता है। सड़कों, राजमार्गों और टोल प्लाजा, रेलवे ट्रैक और स्टेशनों, टोल प्लाजा, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों, विरासत और पर्यटक स्थानों, आवासीय कॉलोनियों, जल निकायों, पूजा स्थलों, मलिन बस्तियों, बाजार क्षेत्रों, हवाई अड्डों और आसपास के क्षेत्रों, चिड़ियाघर और वन्यजीव क्षेत्र, गौशालाएं आदि में सफाई अभियान चलाया गया।

अनेक प्रथम पहलों वाले इस दिन, देश भर में इस जबरदस्त स्वच्छता अभियान को गति मिली, जिसमें स्वच्छता ने देश, पंचायतों, नगर पालिकाओं, जिलों और राज्य की सीमाओं से आगे बढ़कर एकजुट करने का कार्य किया। हजारों नागरिक समाज संगठनों और जनता के साथ जवानों, नागरिकों, एनसीसी, एनएसएस और एनवाईके स्वयंसेवकों, एसएचजी, गैर सरकारी संगठनों, आरडब्ल्यूए, बाजार संघों, उद्योग निकायों, धार्मिक नेताओं, मशहूर हस्तियों, प्रभावशाली लोगों, यूट्यूबर्स, कलाकारों आदि ने इस जबरदस्त पहल के लिए मिलकर काम किया। सुलभ इंटरनेशनल सामाजिक सेवा संगठन ने 1000 सार्वजनिक शौचालयों को साफ करने के लिए लगभग 50,000 नागरिकों का नेतृत्व किया। ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने केंद्र के पास के ग्रामीण इलाकों में सड़कों, कॉलोनियों, शौचालयों की सफाई की। बाबा रामदेव योगपीठ ने 30,000 नागरिकों के साथ पार्कों में सफाई की।

**जातीय** जनगणना की आवश्यकता झारखंड में भी है। आजसू पार्टी झारखंड सरकार से यह जानना चाहती है की इसकी प्रक्रिया अब तक शुरू क्यों नहीं हो पायी है?

**– सुदेश महतो आजसू सुप्रीमो**

### आपके ट्वीट

**राज्य** बनने के बाद पहली बार जेपीएससी की नियमावली हमने बनाई। पहले कई वर्गों की नियुक्ति नियमावली नहीं थी तो बहाली कैसे होती और जो भी बहाली होती थी वह कोर्ट कचहरी के चक्कर में फंस जाती थी।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**हमारे** आदिवासी भाई-बहनों के लिए भाजपा सरकार कांग्रेस की तुलना में पांच गुना ज्यादा बजट देती है। इससे जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

**– नरेन्द्र मोदी**

## केवट का प्रेम

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**नाथ आज मैं काह न पावा।**
**मिटे दोष दुख दारिद दावा।।**

अयोध्या से चलकर मार्ग में अनेक नदियों तथा तमसा, गोमती एवं सई नदियों को पार करते हुए जब अयोध्या की सीमा से आगे बढ़ें तो अगला पढ़ाव श्रंगवेरपुर था। यह एक छोटा सा निसाद लोगों का राज्य था जहां का निषादराज गुह था। वह अक्सर अयोध्या जाता था और श्रीराम से उसकी अच्छी आत्मीयता हो गयी थी। वह श्री राम के गुणों से अति प्रभावित था। वह युवक ही था और श्री राम उससे मित्रवत व्यवहार करने लगे थे। ज्योंही वह सुना कि श्रीराम का वनगमन हुआ तथा नारा और भाई के साथ इधर ही आ रहें है, वह अपने लोगों के साथ स्वागत के लिये पहुंचा और कहा -प्रभु श्रीराम ठीक है आप अयोध्या के राजा नहीं है यह श्रृंगवेरपुर का राज्य आपका स्वागत करता है। हम बहुत प्रसन्न होंगे आप हमारी गद्दी को सुशोभित करें। ये प्रजाजन सभी लोग आपकी स्वागत के लिये आये हैं। श्रीराम ने कहा- अयोध्या हो या श्रंगवेरपुर हो मुझे चौदह वर्ष नगर में जाना ही नहीं है। मां का वरदान मिला है चौदह वर्ष जंगल में रहना है। अतः आप मेरी मदद करना चाहते हैं तो हमें गंगा पार करा दें। उनकी बात मानकर निषादराज गुह उन्हें गंगा किनारे ले गया जहां अनेक नाव खड़ी थी अनेक घाट थे। एक ऐसा घाट था जहां का केवट भक्ति से ओतप्रोत रहता था। जब भी निषादराज गुह अयोध्या से लौटते थे अपने लोगों के बीच अयोध्या क कहानी कहते थे जो उसे बहुत अच्छा लगता था। केवट उनसे कहता है कि आप श्री राम के विषय में सुनाइये, श्री राम कैसे है? वे कितने लंबे चौड़ें है?

**(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम)**

### कार्टून वर्ल्ड

**पुतिन का युद्ध से लगाव...**



साभार ट्विटर डॉट कॉम

### लेटर टू एडिटर

#### रचनात्मकता बढ़ाएं

**वास्तव** में नयी पीढ़ी में लुप्त होते मूल्य एवं पश्चिमी अपसंस्कृति का अंधानुकरण ही इसका मूल कारण है। मौजूदा हालात में नशीले एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, प्रयोग, जमाखोरी, बरामदगी, तस्करी, खरीद-फरोख्त पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए। इसके साथ सख्त कानून जरूरी है। युवा नशे से दूर रहकर अपने ध्यान एवं सृजनात्मक शक्तियों में लगायें और बढ़ें। **- सतपाल, जमशेदपुर**

#### जागरूकता जरूरी

**युवा** समाज, मित्र-संगत और चलचित्र अभिनेताओं के अभिनय को देखकर प्रभावित होकर नशा सीख रहा है। इसके अतिरिक्त बेरोजगारी, अवसाद, घरेलू कलह, गरीबी, असफलता, अशिक्षा, जागरूकता की कमी भी इसके कारण हैं। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए जागरूकता और शिक्षा सबसे बड़ा और सबसे उपयोगी शस्त्र सिद्ध हो सकता है।

**-अशोक कुमार, रांची**

## अफगानी महिलाओं के संघर्ष में साथ दें अतंरराष्ट्रीय समुदाय

**आरती श्री**

### समस्या

**शिक्षा** के अपने अधिकारों को लेकर अफगानी महिलाएं और लड़कियां सड़कों पर उतर रही हैं. पर तालिबान सरकार उनकी एक नहीं सुन रही है. हाल ही में एक बार फिर हजारों की संख्या में महिलाओं-लड़कियों की भीड़ सड़कों पर उतर आयी और विरोध प्रदर्शन किया. इस बार के विरोध प्रदर्शन का कारण बीते महीने काबुल में एक शिक्षा केंद्र पर आतंकवादी हमले का होना था. इस हमले में 53 छात्रों की मौत हो गयी थी और 110 से अधिक घायल हो गये थे, जिनमें से अधिकतर लड़कियां और युवा महिलाएं थीं. छात्राओं पर हमले का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि यहां अब तक अनेक ऐसे हमले हो चुके हैं. हाल के इस हमले में हजारा समुदाय की अनेक लड़कियों को निशाना बनाया गया था. सितंबर महीने में छात्राओं पर यह घातक हमला तब हुआ, जब वे विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए अभ्यास परीक्षा देने की तैयारी कर रही थीं. बीते वर्ष अगस्त में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद जब तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा जमाया, तब उसने वादा किया था कि उसके शासन में लड़कियों को इस्लामी कानून के तहत शिक्षा की पूरी छूट होगी और सभी स्कूल खुले रहेंगे. पर जल्द ही वह अपने वादे से पलट गया और अफगानी महिलाओं पर तरह-तरह की पाबंदियां लगानी शुरू कर दी, जिसमें इस वर्ष मार्च में जारी वह फरमान भी शामिल है, जिसके तहत लड़कियों के छठी कक्षा के बाद स्कूल जाने पर रोक लगा दी गयी और उनके शिक्षा के अधिकार को रद्द कर दिया. जाहिर सी बात है, इस बात का विरोध होना था, सो हुआ. जब काबुल और अन्य शहरों में महिलाओं ने तालिबान के बेतुके फरमान का विरोध किया, तब उनके साथ हिंसा व बल प्रयोग किया गया. प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ मारपीट की गयी, यहां तक कि उन्हें चेतावनी देते हुए गोलियां भी दागी गयीं. जो संभवतः इस बात की चेतावनी थी कि अगली बार यदि विरोध किया तो यह गोली सीधा उनके सिर में मार दी जायेगी. अफगानिस्तान में लड़कियों के 1800 से अधिक माध्यमिक विद्यालय है, जिनमें से वर्तमान में अधिकांश बंद हैं और तालिबान ने उन स्कूलों को भी बंद करने की धमकी दी है जो अभी खुले हुए हैं. तालिबान के साथ अपनी शिक्षा व अन्य अधिकारों के लिए जूझ रही अफगानी महिलाओं की स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है. उन्हें न केवल मजहबी कट्टरपंथ, हिंसा से जूझना पड़ रहा है, बल्कि आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है. इन सब विपरीत परिस्थितियों ने उनका जीवन असुरक्षित बना दिया है. तालिबान के आने के बाद महिला अधिकारों में भारी कमी आयी है. कम उम्र में विवाह और बाल श्रम की उच्च दर तेजी से बढ़ी है. ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अफगानिस्तान को न केवल मानवीय सहायता देनी चाहिए, बल्कि अफगान महिलाओं और लड़कियों का भी साथ देना चाहिए, जो अपनी जान जोखिम में डाल गलियों व सड़कों पर उतर अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रही हैं. इसकी शुरूआत लड़कियों की स्कूल वापसी सुनिश्चित कराने के साथ ही शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों और छात्रों, विशेष रूप से लड़कियां को हमलों से सुरक्षित रखने की व्यवस्था करने से होनी चाहिए. साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों व मनोवैज्ञानिक सहायता भी उपलब्ध करानी चाहिए, क्योंकि संघर्ष व हिंसा के कारण यहां के लोग अत्यधिक मानसिक तनाव में जी रहे हैं, विशेषकर लड़कियां व महिलाएं।

## देश की चीनी नीति को सही दिशा देने की आवश्यकता



**सुधीर शर्मा**

### अर्थ नीति

**गत** मई में चीनी के निर्यात पर लगाई गई रोक को जारी रखा जाए या नहीं। सच तो यह है कि इस प्रतिबंध को जल्दी हटाने और 2022-23 की चीनी निर्यात नीति की घोषणा करने से इस उद्योग को अपनी उत्पादन योजनाओं को मजबूत बनाने और संभावित आयातकों के साथ निर्यात सौदे करने में मदद मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें बीते कुछ महीनों में अ?स्थिर रही हैं और अगली मई में ब्राजील से ताजा खेप की आवक के बाद इन कीमतों में काफी नरमी आ सकती है। ब्राजील दुनिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। ब्राजील और एक अन्य बड़े चीनी उत्पादक देश थाईलैंड में पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन के बाद इस मौसम में उत्पादन में काफी सुधार होने की संभावना है। ऐसे में भारतीय विक्रेताओं के लिए निर्यात की अवधि नवंबर से अप्रैल तक ही रहेगी। इस कम अवधि को देखते हुए भी निर्यात पर से प्रतिबंध हटाना जरूरी है। गत वर्ष (2021-22) भारतीय चीनी क्षेत्र के लिए विशिष्ट था जब उसने बिना सरकारी मदद के बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उस वर्ष चीनी, गन्ने और एथनॉल के उत्पादन के साथ-साथ गन्ना खरीद, किसानों को भुगतान और चीनी निर्यात के पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए थे इससे पहले यह उद्योग सरकार की मदद पर टिका था जो अक्सर राहत पैकेज के रूप में मिला करती थी। अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अनुकूल होने तथा सरकार द्वारा गन्ने के रस और चीनी से सीधे एथनॉल उत्पादन की इजाजत देने से भी इस अहम कृ?षि आधारित उद्योग को मदद मिली थी। हालांकि सरकार ने मई 2021 में चीनी निर्यात पर एक करोड़ टन की सीमा लगाई थी ताकि घरेलू चीनी कीमतों में बढ़ोतरी को रोका जा सके लेकिन वह 12 लाख टन अतिरिक्त चीनी को विदेश भेजने से नहीं रोक सकी क्योंकि निर्यात प्रतिबद्धताओं को निभाने के लिए ऐसा करना जरूरी था इसके बावजूद 2021-22 का चीनी सत्र 55 लाख टन के अच्छे खासे शेष भंडार के साथ समाप्त हुआ। चीनी के नए सत्र में हालात और अच्छे रह सकते हैं क्योंकि गन्ने की खेती का रकबा बढ़ा है और फसल के भी बेहतर होने की आशा है। कृषि मंत्रालय के प्रारं?भिक अनुमान के मुताबिक गन्ने के उत्पादन में 3.3 करोड़ टन का इजाफा हो सकता है। माना जा रहा है कि इसकी बदौलत चीनी उत्पादन 30 लाख टन बढ़ेगा।

बहरहाल, चीनी उद्योग का मानना है कि ये अनुमान बहुत संकीर्ण ढंग से लगाए गए हैं और फसल उत्पादन कहीं अधिक हो सकता है। भारतीय चीनी मिल एसोसिएशन ने भी 2022-23 के लिए चीनी उत्पादन अनुमान में करीब 10 लाख टन का इजाफा करते हुए इसे 3.55 करोड़ टन से 3.65 करोड़ टन कर दिया है।

वहीं खपत के करीब 2.75 करोड़ टन रहने का अनुमान लगाया गया है। एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस और चीनी का इस्तेमाल करने और चीनी सत्र के अंत में करीब 60 लाख टन चीनी का भंडार अगले वर्ष के लिए रखने के साथ निर्यात के लिए अधिशेष चीनी की विशिष्ट उपलब्धता करीब 90 लाख टन रहने की बात कही गई है। जब तक सरकार इन हकीकतों को तत्काल नहीं पहचानती और अधिशेष भंडार के निर्यात की इजाजत नहीं देती, चीनी क्षेत्र एक बार फिर अनावश्यक रूप से सभी अंशधारकों के लिए मुश्किल क्षेत्र बन जाएगा। इससे बचा जाना चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### तेज बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ मकान



**घाघरा।** प्रखंड के बड़ा अजियातु में शिवमुनि देवी का घर तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें जान माल की क्षति नहीं हुई। पीड़ित ने बुधवार प्रमुख को आवेदन देकर उचित मुआवजा की गुहार लगायी है। बताया कि मंगलवार की बीती रात तेज बारिश के कारण एक कमरा गिर गया था। वहीं बुधवार की प्रात: दूसरा कमरा भी गिर गया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आंचल प्रशासन से जल्द उचित मुआवजा दिलाने में प्रयास होगा। ताकि पीड़ित की क्षतिपूर्ति को पूरा कराया जा सके।

### शहीद एसपी अजय सिंह के शहादत दिवस पर हुई व्याख्यान प्रतियोगिता



**लोहरदगा।** शहीद एसपी अजय कुमार सिंह का शहादत दिवस बुधवार को मनाया गया। मौके पर ब्लॉक परिसर स्थित नगर भवन में व्याख्यान प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें विभिन्न विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकृति पंकज एमडी डीएवी स्कूल, द्वितीय अंश पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर, तृतीय गौसिया मिस्कार गर्ल्स हाई स्कूल, चतुर्थ कुसुम उरांव स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कस्तूरबा एवं पंचम मनीष उरांव नदिया हिंदू स्कूल रहे। मौके पर स्व अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह, आरक्षी अधीक्षक हरीश बिन जमा, डीडीसी जय ज्योति सामंथा, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, प्रशासक नगर परिषद जयपाल सिंह, शिक्षकगण, नगर परिषद के कर्मी एवं विभिन्न स्कूल के विद्यार्थी भी थे।

### टूटी सड़क और जलजमाव से परेशानी



**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर लोहरदगा किस्को पथ जाने वाले रास्ते में रेलवे अंडर पास के नजदीक बने पुल के नजदीक रेलवे विभाग के द्वारा बनायी गयी सड़क पर जलजमाव और टूटी सड़क होने के कारण आने जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को परेशानी हो रही है। इसी रास्ते से होकर लिवेस एकदमी और ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में पढ़ने वाले सैकड़ों विद्यार्थी के साथ साथ उनके परिजन भी आना जाना करते हैं साथ ही किस्को प्रखंड मुख्यालय के कर्मचारियों का भी आना जाना होता है।

### शंख नदी के पास शौर्य यात्रा रथ का स्वागत



**लोहरदगा।** अयोध्या से पहुंचे शौर्य यात्रा रथ का शंख नदी के पास जय श्रीराम समिति ने भव्य स्वागत किया। स्वागत में पहुंचे हजारों युवाओं का जोश भारी बारिश के बाद भी प्रभु राम के प्रति आस्था देखते ही बन रही थी। जय श्रीराम, जय हनुमान, सरना माता की जय, एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। इस दौरान रथ पर पुष्प वर्षा की गयी। नगर भ्रमण के दौरान जय श्री राम समिति के प्रयास से सरना-सनातन एकता की झलक देखने को मिली। मौके पर जय श्रीराम समिति के जिला, नगर एवं प्रखंड, पंचायत के लोग जुटे थे।

### दुर्गा पूजा को ले साफ-सफाई की मांग

**गुमला।** जिला शांति समिति के सदस्य रमेश कुमार ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप दुर्गा पूजा को देख सभी प्रखंडों में साफ-सफाई की व्यवस्था करने व मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। श्री कुमार ने कहा कि गुमला शहर के साथ जिले के सभी प्रखंडों में दुर्गा पूजा विधि विधान के साथ मनाया जाता है। पर्व को देख जहां-जहां पूजा की जाती है वहां पर गड्ढों को भरने ताकि लोग सुगमतापूर्वक पंडाल तक पहुंचे सके। पूजा को देख रात में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने, पूजा स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने ताकि लोग निर्भिक होकर पूजा स्थल तक पहुंचे।

### 96 लाख के मैरेज हॉल का शिलान्यास



**गुमला।** शहरी क्षेत्र के थाना रोड में जिला परिषद ने 96 लाख की लागत से बनने वाले मैरिज हॉल का जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि कुमारी ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि लंबे समय से मैरिज हॉल निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसकी आधारशिला रखी गयी है। निश्चित रूप से इसका लाभ गुमला के लोगों को मिलेगा। वहीं उपाध्यक्ष ने कहा कि जिप लगातार लोगों की समस्या दूर करने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में यह कदम उठाया गया है। जल्द ही यह मैरिज हॉल बनकर तैयार होगा और इसका लाभ लोगों को मिलेगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भोला चौधरी के अलावा अन्य प्रबुद्धजन मौजूद थे।

### जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर ब्राह्मणों की बैठक, सात अक्टूबर को होगा पर्व

**गुमला।** जीवित्पुत्रिका व्रत को लेकर बुधवार को गुमला के ब्राह्मणों की बैठक पालकोट रोड स्थित शक्ति संघ मंदिर परिसर में हुई। बैठक में ब्राह्मणों ने कहा कि भविष्य उत्तर पुराण के कथा के अनुसार जीवित्पुत्रिका व्रत 7 अक्टूबर शनिवार को मनाया जायेगा। ब्राह्मणों ने कहा कि बहुतायत संख्या में उदय कालीन अष्टमी को ही जीवित पुत्रिका व्रत के लिए मान्य है। बैठक में ब्राह्मणों ने गुमला जिला के अतिरिक्त जशपुर, गया, सिमडेगा, रांची आदि स्थानों के विभिन्न कर्मकांडी ब्राह्मणों से मोबाईल के माध्यम से वार्ता कर जितिया पर्व पर राय ली गयी।

# पुष्पवर्षा कर जगह-जगह किया गया रथ का स्वागत

- विहिप-बजरंग दल के शौर्य जागरण रथ का गुमला पहुंचते ही लगा जय श्रीराम के गगनभेदी नारे
- बाईक लेकर रथ के साथ चल रहे थे विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता
- शौर्य जागरण रथ के माध्यम से 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में लोगों को किया आमंत्रित





शौर्य जागरण रथ की अगवानी करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता और रथ का स्वागत करते लोग।

**खबर मन्त्र टोली**

**गुमला/घाघरा।** जय श्री राम के नारों से बुधवार को गुमला शहर गुंजता रहा। बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद का शौर्य जागरण रथ बुधवार को गुमला पहुंचा। सबसे पहले गुमला के टोटो प्रखंड में शौर्य जागरण रथ के पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर उसका स्वागत किया। टोटो में सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने श्री राम मंदिर उदघाटन समारोह में लोगों को आमंत्रित किया। वहां से रथ गुमला के दुधेश्वरी धाम पहुंचा। जहां विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रथ का भव्य स्वागत किया।

दुधेश्वरी धाम से शौर्य जागरण रथ यात्रा शहर की ओर निकली। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता आगे-आगे जय श्री राम का नारा लगाते हुए चल रहे थे। रथ शहर के दुन्दुरिया मिशन चौक, लोहरदगा रोड, जशपुर रोड, मेन रोड, टावर चौक, सिसई रोड सहित विभिन्न मार्गों में घूमी। इस दौरान हिंदू धर्मावलंबियों ने जगह-जगह रथ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और पूजा अर्चना की। इससे पूर्व बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन घाघरा प्रखंड में हुआ। जहां रथ का भव्य स्वागत किया गया।

हजारों की संख्या में श्रद्धालु सड़कों के किनारे शौर्य जागरण रथ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। घाघरा के सीमावर्ती इलाका गम्हरिया के समीप सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल व कर से जुलूस के शक्ल में रथ को घाघरा लाया गया। सर्वप्रथम गम्हरिया दुर्गा मंदिर के समीप रथ में विराजमान भगवान श्री राम के प्रतिमा का महिलाओं व श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

### जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा गुमला

इसके उपरांत थाना चौक, दुर्गा पूजा समिति व चांदनी चौक में हजारों की संख्या में महिला पुरुष ने शौर्य जागरण रथ का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं जय श्री राम जय श्री राम के नारे से पूरा वातावरण गूंज उठा। सभी श्रद्धालु गेरुआ वस्त्र में नजर आयें। महिलाएं भी गेरुआ वस्त्र व पगड़ी में नजर आयी। इस दौरान सभी श्रद्धा भक्ति गाने पर जमकर थिरके। यहां बता दे कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर का उदघाटन है। जिसमें पूरे देश में शौर्य जागरण रथ घूम-घूम कर लोगों को अयोध्या उद्घाटन में आने के लिए निमंत्रण दे रहा है। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा पिछले एक महीने से शौर्य जागरण रथ के स्वागत को लेकर तैयारी की जा रही थी। बारिश के दौरान भी श्रद्धालु सड़कों के किनारे डटे रहे। भीड़ को नियंत्रण व विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल, गुमला थानेदार विनोद कुमार, घाघरा थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावे दर्जनों की संख्या में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किये गये थे।

बाल संप्रेक्षण गृह, नारी निकेतन, वृद्धाश्रम और मूक बधिर विद्यालय का किया निरीक्षण

# उपायुक्त ने दी भोजन की गुणवत्ता में जल्द सुधार लाने की हिदायत

- वृद्धाश्रम के सीपेज को ठीक कराने का भी निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर बाहर आते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को सिलम स्थित बाल संप्रेक्षण गृह, नारी निकेतन, वृद्धाश्रम, बाल गृह, मूक वधिर विद्यालय एवं रागी प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वहां के बच्चों से उनके शिक्षा के स्तर को जाना एवं उनसे बात चीत कर उनके भविष्य को बेहतर करने की सलाह दी। उपायुक्त ने बाल संप्रेक्षण गृह अंतर्गत निर्मित कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, डाइनिंग एरिया, हेल्थ चेकअप कक्ष, वार्ड, आदि का एक एक कर निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्थाओं को देखा। उपायुक्त ने बच्चों के लिए बनाये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश दिया। वहीं बच्चों के नियमित हेल्थ चेकअप हेतु कैंप का आयोजन करते रहने की बात कही।

- वृद्धाश्रम के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं को देखा एवं वहां रहने वाले बुजुर्गों से मुलाकात की। वृद्धाश्रम के वृद्धों ने उपायुक्त के आगमन के मौके पर एक स्थानीय गीत गाया एवं मांदर बजा कर अपनी खुशी जाहिर की। साथ ही उन्होंने अपने हाथों से निर्मित चटाई को उपायुक्त को भेंट स्वरूप दिया। वृद्धाश्रम के निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सर्व प्रथम रसोई घर में बनाए गए भोजन को देखा। किस प्रकार से बुजुर्गों की देखभाल की जाती है एवं उनके परिजनों के काउंसलिंग आदि से संबंधित भी जानकारी ली। उपायुक्त ने वृद्धाश्रम भवन के शीपेज को ठीक करने हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया वहीं वेस्टर्न टॉयलेट की आवश्यकता को देख उसे बनाने की बात कही।

# संकल्प सप्ताह : किस्को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**लोहरदगा।** संकल्प सप्ताह में निर्धारित कार्यक्रमानुसार बुधवार को दूसरे दिन समाज कल्याण विभाग की ओर से आकांक्षी प्रखंड किस्को के पाखर पंचायत के हुटाप आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण मेला का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबकी आकांक्षाएं सबका विकास कार्यक्रम के तहत पोषण मेला कार्यक्रम विशेष रूप से सुपोषित परिवार के लिए आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य कुपोषण मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को काम करना है। यह कार्यक्रम किस्को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा प्रतियोगिता के विजेता माता को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। मेला में पौष्टिक आहारों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। साथ ही गोद भराई एवं अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये।

कार्यक्रम में कृषि विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया। किशोरी बालिका ने पत्तेदार सब्जियों की फैंसी ड्रेस परिधान का शो आयोजित किया।

कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, कृषि विभाग से परियोजना निदेशक, आत्मा से दिनेश चंद्र, स्वास्थ्य विभाग की ओर से डीपीएम नाजिश अख्तर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका भी थे।

# नेतरहाट घाटी में पांच सौ फीट नीचे खाई में गिरी बॉक्साइट ट्रक, दो की मौत, पांच घायल गंभीर

- बहुत मशक्कत के बाद खाई से मृतक व घायलों को पुलिस ने निकाला
- दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़
- रास्ता संकीर्ण होने से आये दिन हो रहे सड़क हादसे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के नेतरहाट घाटी स्थित जोहनडेरा के समीप बुधवार की सुबह करीब 10 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें मौके पर दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच घायल हैं। मृतकों में विशुनपुर थाना क्षेत्र के कोरकोट पाठ के जोतिस मुंडा (6) एवं चपाटोली के सायुब मियां (28) शामिल हैं। वहीं लोहरदगा के नदीम अंसारी (25), जोनशन ठीठियो (12), कोटकोट पाठ के डेविड असुर (12), नीलिमा असुर (27) व एक अन्य गंभीर है।

**मुख्य बातें :** मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह कुजाम पाठ से एक ट्रक बॉक्साइट लोड कर लोहरदगा जा रहा था। ट्रक में कुल 7 व्यक्ति सवार थे। बॉक्साइट लेकर आ रही गाड़ी जैसे ही नेतरहाट घाटी स्थित जोहनडेरा के समीप एक संकीर्ण घुमावदार तीखा मोड़ के पास पहुंचकर अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे बॉक्साइट ट्रक करीब 500 फीट नीचे खाई में जा गिरा। जिसमें गाड़ी में सवार दो लोग की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुर पुलिस एवं गुरदरी पुलिस घटनास्थल पहुंची। पुलिस भारी बारिश के बीच ग्रामीणों के सहयोग से घायलों व मृतकों का रेस्कूय की। घायलों को खाई से बाहर निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के उपरांत उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया। वहीं काफी मशक्कत के बाद दोनों मृतक का शव को खाई से बाहर निकल गया। इसके बाद शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। बिशुनपुर प्रखंड के नेतरहाट घाटी संकीर्ण, घुमावदार एवं गार्डवाल विहीन होने के कारण लोगों के मौत का कारण बन गया है।

### शहीद एसपी को भाजपाइयों ने किया नमन



**लोहरदगा।** जिला भाजपा के पदाधिकारी गण जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में अमर शहीद पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर अजय उद्यान में बनी उनकी स्मारक पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर श्रद्धाजंलि अर्पित किया। मौके पर जिला पर ओमप्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, सामेला भगत, अनिल उरांव, भारती सिन्हा, ओम गुप्ता, पशुपति नाथ पारस, पवन कुमार, अजय कुमार पंकज, कुलदीप कुमार, क्षितिज भारती, आंजन बैठा, शिवा ठाकुर, संगीता कुमारी, सुनील यादव, वह कास प्रजापति, लालू प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### अनियंत्रित वाहन गिरा गड्ढे में

**जारी।** थाना क्षेत्र के रुद्रपुर सेमर मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो वाहन अनियनत्रित होकर खेत में बने गड्ढे में जा गिरा। इस घटना में वाहन में सवार सभी लोग बाल बाल बच गये। ग्रामीणों की मदद से स्कॉर्पियो को बाहर निकाला गया। ड्राइवर भीखुराम ने बताया की गाड़ी का स्टीयरिंग लॉक हो गया। जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा।

### प्रेरणा शाखा ने आश्रम के वृद्धों को कराया भोजन



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाख गुमला ने बुधवार को श्राद्ध के अवसर पर सिलम स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धों को दोपहर का भोजन कराया और उन्हें वस्त्र दिये। भोजन में खीर, पुरी, सब्जी और सोनपापड़ी परोसी गयी। मौके पर अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू एवं सदस्य अंचल अग्रवाल, शकुंतला मंत्री, ज्योति फोगला, रचना अग्रवाल एवं रानी कुमारी उपस्थित थी।

### मुखिया की अध्यक्षता में कार्यकरिणी की बैठक

**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत भवन में बुधवार को मुखिया सुमित्रा उरांव की अध्यक्षता में कार्यकरिणी समिति की बैठक हुई। जिसमें पंचायत स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं में ग्रामीणों की जरूरत की अनुसार अलग अलग योजनाओं के चयन व संचालन करने में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों मतलब वार्ड सदस्यों की सहयोग व गुणवत्तापूर्ण कार्यों को लेकर दायित्व निभाने की बात कही गई। साथ ही सभी 10 वार्ड सदस्यों को अलग अलग कार्यो व विभाग को लेकर भी जिम्मेवारी दिए जाने पर चर्चा की गयी। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सीमा भगत, उप मुखिया जगबन्धन भगत, पंचायत सचिव जग्गू उरांव, रोजगार सेवक परवेज आलम, सीएससी संचालक एम तिवारी भी थे।

# सिलम पंचायत में नाईट ब्लड सर्वे का मुखिया ने किया उद्घाटन

- नाईट ब्लड सर्वे के तहत फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर ग्रामीणों का रक्त संग्रह किया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के सिलम उपकेंद्र में नाइट ब्लड सर्वे का शुभारंभ मुखिया बीरेंद्र उरांव एवं पूर्व पंसस खुशमन नायक ने किया। जिसमें टीम के सभी मेंबर उपस्थित थे। नाइट ब्लड सर्वे का का उद्देश्य फलेरिया बीमारी का रोकथाम, फलेरिया बीमारी से ग्रसित रोगियों का पता करना है। कार्यक्रम के तहत रात में रक्त पट का संग्रह कर जांच किया जाता है। नाइट सर्वे स्वास्थ्य विभाग की ओर से कराई जाती है। ताकि जांच परिणाम के बाद स्वास्थ्य विभाग अपनी रणनीति के तहत आगे की योजना बना सके। नाइट ब्लड सर्वे पंचायत भवन सिलम एवं पूर्ण ग्राम स्तर पर घर-घर भ्रमण कर लोगों को उठाकर रक्त पट संग्रह किया गया। मुखिया वीरेंद्र उरांव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से फैलेरिया के रोकथाम के लिए काफी प्रयास किया जा रहा है।

# नेशनल वालीबॉल में इंटर कॉलेज को मिला तृतीय स्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- बिहार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा के खिलाड़ियों ने किया उम्दा प्रदर्शन



**लोहरदगा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ के चांपा में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 34वां अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्षेत्र स्तर पर अंडर-19 कैटेगरी में चैंपियन होने के बाद बिहार ( उत्तर पूर्व) क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए महाविद्यालय की टीम प्रतियोगिता में गयी। सेमी फाइनल से पूर्व चार अलग-अलग क्षेत्र की टीमों के साथ स्पर्धा की श्रृंखला में पहले मुकाबले में पश्चिम उत्तर प्रदेश से पराजय का सामना करना पड़ा। किंतु इसके बाद टीम ने दक्षिण क्षेत्र, मध्य क्षेत्र और पूर्व क्षेत्र को लगातार पराजित करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# 23वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये शहीद एसपी अजय सिंह

- शहीद एसपी अजय सिंह की याद में श्रद्धांजलि सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि और माल्यार्पण करते अधिकारी।

**लोहरदगा।** जिले में शहीद एसपी अजय कुमार सिंह 23वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये। विदित हो कि 4 अक्टूबर 2000 को जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार में नक्सलियों की गोलीबारी में नक्सलियों से लोहा लेते हुए एसपी अजय कुमार सिंह वीरगति को प्राप्त हुए थे। बुधवार को उनके याद में अजय उद्यान में श्रद्धांजलि सभा सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया।

श्रद्धांजलि सभा में जिला पुलिस बल के जवान ने शहीद के समक्ष मौन सलामी दिये। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह, डीडीसी जया ज्योति सामंथा, एसपी हारिश बिन जमां, सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार के साथ जिला के विभिन्न राजनितिक व सामाजिक लोगों ने शहीद एसपी अजय सिंह की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर नगर परिषद के प्रशासक जयपाल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### क्या बोले एसपी

मौके पर एसपी हारिश बिन जमां ने शहीद एसपी अजय सिंह के बारे में बताया कि शहीद एसपी अजय सिंह नक्सलियों के मांद में घुस कर नक्सलियों का सफाया करना चाहते थे आज हीं के दिन चार अक्टूबर 2000 को लोहरदगा से पचीस किलो मीटर दूर पेशरार जंगल में पी डब्लू जी के उग्रवादी के साथ हुए मुठभेड़ में तत्कालीन एसपी अजय कुमार सिंह शहीद हो गये थे। वो एक उर्जावान और बहादुर सिपाही थे उनके बलिदान को यूं ही नहीं जाने दिया जायेगा। समाज और सरकार आगे भी लड़ाई जारी रखेगी नक्सली को कभी भी अपनी गलत मंसूबो में सफलता नहीं मिलेगी।

# मानव जीवन में स्वास्थ्य अमूल्य धन है, इसे सहेज कर रखें : शंकर लाल

- लायंस क्लब के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, शुगर व बीपी की जांच की गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल लोग।

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला के द्वारा बुधवार को गुमला सदर अस्पताल के सामने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के सुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा ब्लड प्रेशर का बढ़ना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसे लकवा या हार्ट में दिक्कत हो सकती है। अगर जिन्हें शुगर बीमारी मालूम नहीं है तो यह बीमारी भी हार्ट में खतरा पहुंचा सकता है। किडनी में असर डालता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में स्वास्थ्य अमूल्य धन है। जिसकी देखभाल स्वयं करनी होगी। आज लोग अनियमित भोजन करते हैं। प्रोटीन नहीं खाते हैं। प्रत्येक दिन मॉर्निंग वॉक करें। मॉर्निंग वॉक से शरीर, बुद्धि का विकास भी होता है। साग सब्जी का भी सेवन नहीं करते, हरा साग खूब खाएं। कार्यक्रम में लायंस क्लब के सचिव लायन, अशोक जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष लायन महेश प्रसाद गुप्ता, रीता कुमारी गुप्ता, पी आर ओ लायन हेमंत कुमार, लायन विशाल कुमार बिट्ठू,चंदा बड़ाईक, दीपक साहिल, सहित डॉक्टर उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बिजली की तार के सम्पर्क में आने से महिला की हुई मौत

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के सतघरवा गांव में बुधवार को बिजली की तार के सम्पर्क में आने से बंधू भुईयां की 55 वर्षिय पत्नी पनवा देवी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।? पनवा देवी बिजली की तार के सम्पर्क में आने से गंभीर रूप से झुलस गई उसे समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लाठी खेल प्रतियोगिता सद्भावना मेला स्थगित

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कमता में आगामी 5 अक्टूबर को होने वाली लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला को स्थगित किया गया है। मूसलाधार बारिश की वजह से यह खेल प्रतियोगिता आगामी 10 अक्टूबर को किया जाएगा। उक्त जानकारी लाठी खेल प्रतियोगिता सह सद्भावना मेला के अध्यक्ष शाहबाज अंसारी ने सन्मार्ग दूरभाष पर दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह से मूसलाधार बारिश में लाठी खेल प्रतियोगिता नहीं किया जा सकता है। इसलिए खेल प्रतियोगिता को आगामी 10 अक्टूबर को किया जाएगा आप तमाम क्षेत्र के लोगों से 10 अक्टूबर को मेला में आने का आग्रह किया है।

### बिजली तार की चोरी, कई गांव अंधेरे में

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड के करीब दो दर्जन गांव 20 दिनों से अंधेरे में हैं। बिजली तार की चोरी हो जाने के कारण लमटा, कटिया व हेडुम पंचायत के कई गांवों में यह स्थिति बनी है। पिलरा गांव जाने वाला 11 हजार वोल्ट लाइन के तार की रविवार की रात किसी ने चोरी कर ली। इस वजह से प्रखंड के धनगड़ा, रूबुद, लुटुवा, रत्नाग, बरवाडीह, अकौना, रिझाडीह समेत कई गांवों में बिजली ठप है। उपभोक्ताओं ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी, लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। तिलरा के ग्रामीण सुरेश महतो, तिलक महतो, महेश महतो, सरहचिया के कारू राम, बरवाडीह के सुरेश भुईयां, भोला गंझू, सुरेश गंझू, अनगड्डा के त्रिलोकी गंझू ने बताया कि बिजली नहीं रहने से काफी परेशानी हो रही है। बरसात के दिनों में सांप-बिच्छू का डर बना रहता है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षात्मक बैठक

**भवनाथपुर।** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन दास की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक ने नियमित प्रतिरक्षण, मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम, मलेरिया, स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आंख जांच, हाइड्रोसील ऑपरेशन, डीडीटी छिड़काव, कुपोषण इत्यादि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक भवनाथपुर, केतार एवं खरौंधी तीनों प्रखंड में मिशन इंद्रधेनुष कार्यक्रम का तीसरा चक्र चलाया जाएगा। जिसमें टीकाकरण से छूटे हुए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को टीकाकरण किया जाएगा एवं गर्भवती महिलाओं का एएनसी किया जाएगा। बैठक में डॉ रंजन कुमार दास, डॉ अभिनित विश्वास, अनूप कुमार, विद्यानंद प्रजापति सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सड़क के बगल में जल जमाव से परेशानी

**मझिआंव।** नगर पंचायत के वार्ड नं 01 के अखौरी तहले गांव में राकेश सिन्हा के घर के समीप मुख्य पथ के बगल में सड़क निर्माण के बाद हुए जल जमाव के कारण छह घरों का पानी निकासी बाधित हो गया है। जिस कारण कई घरों के लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में नगर पंचायत के स्वच्छता मिशन प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि जल जमाव से राजेश कुमार, अमन अखौरी, विजय सिन्हा, राहुल कुमार, विमला सिन्हा, एवं आरती सिन्हा का घर प्रभावित है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से समस्या के निदान कराने की मांग की है।

### प्रखंड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेशानुसार समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का प्रखण्ड स्तरीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से होली फैमली अस्पताल के डॉ.रंजीत सिंह उपस्थित थे। जांच शिविर में दिव्यांग बच्चों का निरीक्षण किया गया तथा जांच कर छात्र शुभम कुमार एवं विक्रम कुमार को उनसे संबंधित उपक्रम दिया गया। कार्यक्रम में बीइइओ जगन्नाथ प्रसाद, बीपीओ बबिता कुमारी, आनंद शेखर, संतोष कुमार, सत्यप्रकाश गुप्ता, बिरेन्द्र कुमार यादव, विकास कुमार, शहबाज आलम शाहीन आदि के साथ विभिन्न विद्यालय से आए बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

### प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मरकच्चो प्रखंड के ग्राम सिमरिया निवासी प्रदीप सिंह पिता कारू सिंह को मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि उक्त व्यक्ति पर मरकच्चो थाना में मारपीट को लेकर प्राथमिक दर्ज की गई थी। वहीं थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि उक्त युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जनरेटर चोरी करते युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महूंगाय में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा जनरेटर चोरी की जा रही थी। इस दौरान ग्रामीणों ने चोरों को धर दबोचा। वहीं इसकी सूचना मरकच्चो थाना को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लव कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए युवकों को चोरी की जनरेटर व मैजिक भेन के साथ गिरफ्तार कर थाना ले आये, जहां पूछताछ की जा रही है।

### भारत को जानो प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित

**कोडरमा।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में विजेता बनने पर सेक्रेड हार्ट स्कूल ने छात्रों को सम्मानित किया। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद के द्वारा जो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल को जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों में तृतीय स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि जूनियर वर्ग में एंजेल भारती और सौरव रंजन तथा सीनियर वर्ग में मयंक पांडेय और निखिल राज ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।

# एसडीओ एवं पूर्व मंत्री ने किया जादू शो का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


उद्घाटन मौके पर उपस्थित एसडीओ व अन्य

**गढ़वा।** जादूगर आर सरकार का मैजिक शो मंगलवार की शाम शहर के नवादा मोड़ स्थित उमंग वाटिका मैरिज हॉल में शुरू हो गया। प्रसिद्ध जादूगर निरंजन के शो का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम एवं पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, धेनंजय जायसवाल आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर एसडीओ ने कहा कि जादू का शो एक पारंपरिक कला है, विश्व के पटल पर आज खेल, सर्कस, जादू का बड़ा ही महत्व है। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि सर्कस हो या जादूगर एंटरटेनमेंट के साथ-साथ इससे बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने गढ़वा वासियों से बच्चों के साथ आर सरकार का जादू देखने की अपील किया। जादूगर निरंजन ने शो के दौरान एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर उपस्थित दर्शकों को अचंभित कर दिया। आर सरकार ने अतिथियों तथा दर्शकों को अपने जादू का परिचय अखबार के एक पेज को दर्जनों टुकड़े करवाकर अपने जादू के प्रभाव से पुनः जैसा का तैसा कर दिया। इसके बाद निरंजन ने दर्शकों में से एक लड़की को बुलाकर हवा में उड़ाया, पलक झपकते ही बक्स से लड़की को गायब करना, मंच पर डायनासोर को प्रगट करना, अपने शो में आर सरकार ने नशा पान करने वाले आधा दर्जन अपने कलाकारों को एक कपड़े के गोला घेरा से गायब कर दिया, गायब सभी नाश पान त्याग कर भगवान का संकीर्तन करते हुए हाल के बाहर से आने पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हल गूंज उठा। जादू शो के दौरान कलाकार रितु, पूजा, जिया, पायल तथा जोकर माइकल ने भी अपनी कला का शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब हंसाया। जादूगर का मैनेजिंग डायरेक्टर मेराल निवासी जितेंद्र कुमार मेहता एवं विपिन कुमार ने बताया कि जादूगर का मैजिक शो रोजाना तीन शो में दोपहर 12 बजे, 3 बजे तथा शाम 6 बजे से दिखाया जाएगा।

## ऐतिहासिक होगा बाबूलाल मरांडी का कार्यक्रम : पूर्व विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जानकारी देते पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष व अन्य

**गढ़वा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की चेतना में आयोजित कार्यक्रम की सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए करीब 20 हजार लोगों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी भाजपा के गढ़वा जिला प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता अमित सिंह, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने दी। जिला प्रभारी ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से पूरे प्रदेश में संकल्प यात्रा चल रहा है। पिछले दिनों पलामू में प्रदेश अध्यक्ष का कार्यक्रम हुआ जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

काफी बारिश होने के बाद भी लोग प्रदेश अध्यक्ष की बातों को सुने और राज्य के हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पांच अक्टूबर को गढ़वा होते हुए बंशीधर नगर जाएंगे। उसके पूर्व फरठिया मोड, चिरौंजिया मोड, मेराल, रमना में उनका स्वागत किया जाएगा। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जतपुरा में आयोजित यज्ञ स्थल पर जाएंगे। वहां से बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे।

बंशीधर में आयोजित मुख्य समारोह में 11 बजे प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुख्य समारोह में संबोधन होगा। उसके बाद पुनः चेतना पहुंचकर 3 बजे कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पूर्व विधायक ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का गढ़वा में ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में करीब 20 हजार लोग शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से जिस तरह से भ्रष्टाचार और लूट मची हुई है, उक्त को लेकर लोग संकल्प के साथ झारखंड सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, विनय चौबे, मीडिया प्रभारी रिंकू तिवारी, बबलू पटवा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वतंत्र डिजिटल मीडिया संस्थान पर हमला, लोकतंत्र पर हमला : असीम सरकार

**कोडरमा।** अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने स्वतंत्र डिजिटल मीडिया संस्थान और पत्रकारों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि डिजिटल मीडिया संस्थान और पत्रकारों के साथ केंद्र सरकार की एजेंसी बोलने की आजादी पर हमला कर रही है। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार के अधीन दिल्ली पुलिस ने न्यूज क्लिक जैसे न्यूज पोर्टल के कार्यालय सहित इसके डायरेक्टर और इससे जुड़े हुए कर्मचारी रिपोर्टर कंसलटेंट आदि के घरों पर पहुंची, घरों की तलाशी ली, इनके लैपटॉप कैमरा और दूसरे सामग्रियों को सीज कर ली। न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रवीर पुरोकायस्थ एवं न्यूज स्टोरी राइटर अमित चक्रवर्ती को यूएपीए के तहत गिरफ्तारी की भर्त्सना किया है। उन्होंने आगे कहा कि गौरतलब है कि वर्तमान सरकार अपनी खोती हुई लोकप्रियता से घबरा गई है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ऊपर लगातार हमले कर रही है। इसके पूर्व मोदी सरकार के द्वारा बीबीसी, न्यूज लन्ड्री, द वायर तथा दैनिक भास्कर जैसे न्युज एजेंन्सी, वेव पोर्टल और अखबार के ऊपर भी कार्रवाई हुई थी, जिसे हम लोग भूले नहीं है। बीते दिनों की कार्रवाई में ना तो कोई एफआईआर की कपी दी गई ना कोई सर्च वारंट ही इनके पास दिखाई। साथ ही जो सामान सीज किया गया, उन सामग्रियों का लिस्ट भी नहीं दी गई।

## 22 एकड़ में धान की फसल डूबी, 24 किसान प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


डूबा फसल

**मझिआंव।** मझिआंव एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र के 24 किसानों एवं बटाईदारों ने पलामू जिले के मोहम्मदगंज भीम बराज के कार्यपालक अभियंता को पत्र देकर कोयल नदी के जल स्तर को कम करने के लिए बराज का पानी छोड़ने की मांग की है।

कहा है कि कोयल नदी का जल स्तर कम होने पर उनका पानी में डूबा हुआ 22 एकड़ धान का फसल बरबाद होने से बच जायेगा। इस संबंध में भीम बराज से सटे कांडी प्रखंड के भंडरिया एवं मझिआंव प्रखंड के मोरबे गांव के ग्रामीणों ने कहा कि मोहम्मदगंज-भंडरिया स्थित कोयल नदी पर बने भीम बराज से पानी छोड़े जाने से जल स्तर में कमी आयेगी। जिससे वे बाईं नहर के पाइप से खेतों में भरा पानी निकाल सकते हैं, लेकिन कोयल नदी के बराज में जलस्तर लेबल रखने के कारण पानी निकासी करना संभव नहीं है।

**नहर विभाग द्वारा नहीं दिया गया है साइफन :** भंडरिया एवं मोरबे गांव के किसानों का आरोप है कि नहर परियोजना द्वारा नहर निर्माण के समय भंडरिया गांव के समीप डूब क्षेत्र के तरफ साइफन नहीं दिया गया है। जिससे ऊपरी क्षेत्र के पानी से डूब क्षेत्र बन जाता है और फसल बरबाद हो जाता है।

#### कई बार शिकायत के बाद भी नही हुई पहल

किसानों ने बताया कि पलामू के मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से मझिआंव एवं कांडी की तरफ निकाली गई नहर में साइफन लगाने व फसल बचाने हेतु भीम बराज के कार्यपालक अभियंता एवं वरीय पदाधिकारी को पत्र लिखा जा चुका है लेकिन आज तक इसपर कोई सार्थक पहल नहीं किया गया। आवेदन देने वालों में अभय कुमार, सोनू सिंह, रामप्रवेश सिंह, दिनेश्वर चौधरी, दशरथ राम, अनूप सिंह, विक्रमा चौधरी, प्रसाद राम, नंदलाल रजवार, प्रमोद कुमार, सीताराम राम, मंगरु रजवार, राजेंद्र सिंह राम्या सिंह, प्रदीप सिंह कामेश्वर राम सहित 24 किसानों का नाम शामिल हैं।

### एक दर्जन कच्चा मकान क्षतिग्रस्त

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत में पिछले 48 घंटे से हो रही बारिश के कारण लगभग एक दर्जन कच्चे का मकान क्षतिग्रस्त हो गए। क्षतिग्रस्त हुए मकानों में अधिकतर गरीब परिवार के लोग है जिन्हें अब अपना आशियाना भी ढूंढना पड़ सकता है। क्षतिग्रस्त हुए मकानों में बबलू चौरसिया, सुरेंद्र बियार, बजरंग बियार, अवा बियार, सरजू बियार, महेंद्र बियार, गोपाल बियार, भरत विश्वकर्मा, चन्दन विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, जयमूर्ति कुंवर आदि का नाम शामिल है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से घर मरमम्ती के साथ साथ सरकारी आवास की भी मांग किया है। घटना के बाद पंचायत के मुखिया इसरत जहां ने पंचायत का दौरा कर सभी पीड़ितों को सरकारी सहायता दिलवाने के आश्वासन दिया है। मौके पर उप मुखिया दयानन्द प्रजापति, मुखिया पति पिन्टू अंसारी व सभी वार्ड सदस्य शामिल थे।

### जनजीवन प्रभावित

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गयी है। मरकच्चो प्रखंड के पपलो पंचायत स्थित ग्राम बिंधनिया निवासी आशा देवी पति राजकुमार ठाकुर व अंजनी देवी पति एतवारी चौधरी व सिमरिया पंचायत के ग्राम डूमरडीहा निवासी चंपा देवी पति कारू सिंह का कच्चा मकान मंगलवार की रात गिर गया एवं घर में रखे सारा सामान दब गया।

## बारिश से कई लोगों का घर ध्वस्त

**सिमरिया।** प्रखंड में इन दिनों हो रही लगातार बारिश से एदला ग्राम पंचायत में कई लोगो का कच्चा मकान गिरकर ध्वस्त हो गया है। जिसमें गांव के अमरजीत तुरी, रामोतार तुरी, सोमरी देवी, उमर महतो, कामदेव महतो, मंगर साव सहित अन्य लोगों का कच्चा मकान शामिल है। इसके अलावा हुरनाली गांव निवासी प्रतिमा देवी सहित अन्य का भी बारिश से घर गिर गया है जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। घर गिरने से भुक्तभोगी परिवार के लोगो को रहने में परेशानी हो रही है। दूसरे के घर को फिलहाल अपना आशियाना बना लिया है।

भुक्तभोगियों ने बताया कि बुधवार की अहले सुबह अचानक एका एक घर धाराशाही होकर गिर गया। घर में रखा खाद्य सामग्री के साथ- साथ चावल, गेहूं, मकई सहित बर्तन और कपड़े दबकर बर्बाद हो गया। जिससे काफी नुकसान हुआ है और खाने- पीने के लिए परेशानी हो गई है। इस बाबत ग्राम पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी ने बताया कि भुक्तभोगियों को अंचल कार्यालय से मुआवजा और प्रखंड कार्यालय से आवास योजना का लाभ देने की गुहार लगाई जाएगी। भुक्तभोगियों ने भी आवास और मुआवजे देने का अनुरोध किया है।

## मूसलाधार बारिश से गिरा मिट्टी का घर, दबने से एक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जयनगर प्रखंड अंतर्गत सतडीहा पंचायत के लतबेधवा में भारी बारिस के कारण मिट्टी का मकान ध्वस्त हो गया एवं मलवे में दबने से एक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार लतबेधवा निवासी 57 वर्षीय सदानंद सिंह मवेशी चराकर घर खाना खाने घर आया था और खाने के बाद मिट्टी के मकान में खटिया पर आराम कर रहा था, इसी दौरान भारी बारिस के कारण मिट्टी का मकान एक हिस्सा अचानक गिर गया। जिससे दीवार के मलवे से सदानंद सिंह दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर में

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देशन में निकाला गया प्रभात फेरी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्य कर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत आश्रम आवासीय विद्यालय जबड़ा के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल निकालकर लोगों को खासकर महिला बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कानून की जानकारी भी दी गई। बच्चे बाल श्रम बंद करो, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम सहित अन्य नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्या जामवंती मिश्रा, पवन कुमार मिश्रा, पंकज कुमार, रिया कुमारी, विश्वजीत सिंह, उमेश यादव, नवनीत सिंह और नीलम देवी का अहम योगदान रहा।

### सनातन धर्म में गौ माता की अद्भुत महिमा : आचार्य अनिरुद्ध शर्मा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री कोडरमा गौशाला परिसर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा मूल पाठ के तीसरे दिन बुधवार को वृंदावन से आए आचार्य अनिरुद्ध शर्मा एवं आचार्य भरत शर्मा ने पाठ किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा में संस्कृत के 18 हजार श्लोक हैं।

इन्ही श्लोक का गायन कथा दौरान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू सनातन धर्म में गौ माता की विशेष महिमा है। इस धरा को घारण करने वाली प्रमुख आधार स्तंभ गौ माता है। गौ माता की अद्भुत महिमा है। बुधवार को 51 अध्याय का पाठ करते हुए इसका श्रवण गौशाला की सभी गौवंशों को कराया गया। इसके लिए विशेष तौर पर सभी गौशेड में स्पीकर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति और प्रेम के मार्ग पर चलकर लोग अपने जीवन के कष्टों से मुक्ति पा सकते हैं और जीवन में उन्नति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत सभी वेद पुराण के आधार हैं। श्रीमद् भागवत कथा का पावन ह्रदय से श्रवण करने मात्र से करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त होता है। कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। श्रीमद् भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण मात्र से परीक्षित जी महाराज को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी और कलयुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलता है।

### तंबाकू निषेध जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीड़ी. बालिका उच्च विद्यालय, झुमरीतिलैया में तंबाकू निषेध जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं छात्राओं को तंबाकू के उपयोग से होने वाली दुष्प्रभाव के बारे विस्तृत जानकरी दी गयी। जिसमें बताया गया कि ह्रदय रोग, बालों का झड़ना, मोतियाबिंद, अल्सर और गैंग्रीन इत्यादि जैसे गंभीर रोगों को बढ़ावा दे रहा है। वहीं उन्होंने कहा तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के लिए सदर अस्पताल कोडरमा में स्थापित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र की सहायता ली जा सकती है। कार्यक्रम के बीच छात्राओं को स्लोगन एवं राइटिंग प्रतियोगिता करवाया गया, जिसमें प्रथम स्नेहा कुमारी, द्वितीय शिवानी कुमारी एवं रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही। साथ ही छात्राओं के बीच तंबाकू सेवन निषेध को लेकर शपथ भी दिलाया गया। मौके पर जिला परामर्शी दिपेश कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार, प्राचार्या कुमारी रीना सिंह, जया कुमारी, अभय दास, आकाश कुमार, प्रियंका कुमारी आदि छात्राएं मौजूद थी।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मुर्कमनाय पंचायत सचिवालय में बुधवार को देवीपुर एवं मुर्कमनाय के जल सहिया को जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। मरकच्चो उतरी मध्य एवं दक्षिणी पंचायत सचिवालय में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल गुणवत्ता निगरानी एवं अनुश्रवन से संबंधित पंचायत के सभी जलसहिया, जल सखी, पानी समिति के महिला, आंगनवाड़ी सेविका, वार्ड सदस्यों को जल की गुणवता जांच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने सभी जल सहिया को जल की गुणवता जांच करने हेतु फिल्ड टेस्ट कीट दिये। वहीं उन्होंने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कई बीमारियां हो रही है, अगर हम अपने-अपने पेयजल श्रोत की जांच करवा कर जल का सेवन करेंगे तो कई बीमारियों से निजात पा सकेंगे। मौके पर जिला क्वालिटी मैनेजमेंट रामपुकार प्रसाद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राम कुमार, मनीष कुमार, बेदु साव, उषा देवी, रंजीत सिंह, पंकज कुमार समेत सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मुखिया संघ ने नये सीओ से किया मुलाकात


मुलाकात करते मुखिया संघ।

**लातेहार।** मुखिया संघ ने बुधवार को सीओ कार्यालय कक्ष में लातेहार के नए सीओ अरविंद देवाशीस टोप्पो से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान मुखिया ने अपने-अपने पंचायत की समस्या से रूबरू कराया और समाधान करने की मांग की। समस्या सुनने के बाद सीओ ने मुखिया संघ को आश्वासन देते हुए कहा कि पंचायतवार शिविर लगाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष संजय उरांव, सचिव सुनीता देवी, प्रवेश उरांव, अमित कुमार बारला, सुरेंद्र उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## नीलगाय ने ग्राम प्रधान पर किया हमला घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के तसत बार ग्राम में ग्राम प्रधान गणेश गंझू 35 वर्ष उर्फ गुरुजी को जंगली निल गाय ने हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। गणेश गंझू ने बताया कि दो नीलगाय हमारे मकई के खेत में आकर मकई को फसल को बर्बाद कर रहा था इसी बीच हम उसे भगाने गए तो उसमें से एक नीलगाय ने हमें धक्का मार दिया। बालूमाथ प्रखंड में नील गाय द्वारा फसल को नुकसान करने का पहला मामला आया है।

## बिना हेलमेट पहने चल रहे दो पहिया वाहनों की हुई जांच


जब्त किए गए वाहन।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना जैसी घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार मनिका थाना के समीप दिन बुधवार को मनिका पुलिस के द्वारा बिना हेलमेट पहने सड़क पर चल रहे दोपहिया वाहनों की जांच की गई जिसमें ट्रिपल लोडिंग, इंश्योरेंस, आरसी बुक इत्यादि जांच किए गए इस दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले लोगों की बाइक को जब्त कर ली गई और बाइक मालिक को लातेहार परिवहन कार्यालय जाकर फाइन की चलान कटवाकर वाहन ले जाने को बोला गया। बता दें कि मनिका थाना के समीप लगातार दो दिनों से दो पहिया वाहन की जांच की जा रही है ताकि सड़क दुर्घटना में अंकुश लग सके।

## लगातार बारिश होने से घर गिरा, परिजन परेशान


बारिश से गिरा हुआ घर।

**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम स्थित टोला नवाडीह में दिलेश्वर गंझु पिता जगन गंझू का मिट्टी खपरैल घर लगातार बारिश होने के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे परिजनों को रहने मे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार दिलेश्वर गंझू ने बताया कि लगातार हो रहे बारिश के कारण मेरा घर भरभरा कर गिर गया, जिससे घर में रखे खटिया, कुर्सी, बर्तन तथा खाने का अनाज सहित अन्य सामग्री गिरे दिवार की मिट्टी से दबकर खराब हो गया। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। हम मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण करते है, गरीबी के कारण अपने से घर बना पाना संभव नहीं है। बरसात मे हम सभी परिवार को रहना मुश्किल हो गया है। इधर बारियातू बस्ती स्थित गोविन्द पासवान पिता चूल्हन मांझी का भी मिट्टी खपरैल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया है। घर गिरने से परिजनों को रहना मुश्किल हो गया। पीड़ित गोविन्द के पत्नी सबिता देवी ने बताई की हमलोग पांच परिवार घर मे रहते है। घर हालात ठीक नहीं है। एक रूम कर्ज लेकर बनाए हैं लेकिन सभी परिवार को रहना काफी किल्लत होती है। उक्त दोनों पड़ितों ने प्रखंड प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

## भारी बारिश से खपरैल घर गिरा, परिजन परेशान

**लातेहार।** भारी बारिश के कारण ग्राम सिंजो में मंगलवार की रात्रि करीब 12:00 बजे सिकेद्र यादव का घर भर भरा कर गिर गया। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 12:00 हम लोग सोए हुए थे कि अचानक भारी बारिश के कारण दीवाल और खपड़ा गिरने लगा। इस घटना से हम सभी आहत हैं। जान माल की कोई क्षति नहीं हुई है लेकिन हम सभी परिवार के पांच लोगों को रहने में काफी परेशानी हो रही है। जिला प्रशासन से मदद की मांग करते है।

### बाबूलाल मरांडी की जनसभा की तैयारियों का जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने लिया जायजा

# महागठबंधन सरकार ने गरीबों को मिलने वाले अनाज पर भी डाला है डाका

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेसवार्ता कर वर्तमान सरकार पर निशाना साधते जिला अध्यक्ष।

▶▶हरिकृष्ण सिंह ने प्रस्तावित स्थल पर प्रवेश द्वार, पंडाल, टेंट व पेयजल इत्यादि व्यवस्थाओ की ली जानकारी।

**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के तहत आगामी 7 अक्टूबर को बरवाडीह में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह जिले के कई कार्यकताओं के साथ बरवाडीह पहुंचें। हरिकृष्ण सिंह ने कार्यक्रम को लेकर प्रस्तावित स्थल हाई स्कूल के खेल मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय कार्यकताओं के साथ प्रवेश द्वार, पंडाल स्थल, टेंट, पेयजल इत्यादि व्यवस्थाओ की जानकारी ली। वहीं उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश कार्यकताओं को दिए। इसके बाद जिला अध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय पहुंच कार्यकताओं के साथ बैठक कर प्रदेश अध्यक्ष के पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। जहां प्रेसवार्ता में हरिकृष्ण सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महोदय ने पूरे 81 विधानसभा क्षेत्र में जन संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। इसी क्रम में वह बरवाडीह में भी जनसभा को संबोधित करने आ रहे है। वही उन्होंने महागठबंधन की सरकार पर निशाना साधते हुए हेमंत सोरेन की सरकार को जनविरोधी बताया। कहा कि वर्तमान सरकार में आए दिन जिस तरह हत्याएं और लूटपाट की घटनाएं हो रही है, उससे जनता में भय का माहौल व्याप्त हैं। इस सरकार ने गरीबों को मिलने वाले अनाज पर भी डाका डाला है। अपराधी पूरी तरह बेलगाम हो गए है, और प्रशासन भी मुकदर्शक बनी हुई है। जनता अब इस सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है। ऐसे समय में आम जनमानस के लिए एकमात्र सहारा भारतीय जनता पार्टी ही है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सात अक्टूबर को हाई स्कूल के मैदान में आयोजित जनसभा में जरूर पहुंचे। बैठक में जिला महामंत्री पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, पूर्व लातेहार नगर अध्यक्ष आनंद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु गुप्ता, जिला महामंत्री विष्णु यादव, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, महामंत्री पारस जयसवाल, मनोज यादव, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, ईश्वरी सिंह, ननदेव सिंह और सतीश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अपने कारनामों के कारण हमेशा सुर्खियों में रहता है बिजली विभाग

खबर मन्त्र संवाददाता


विद्युत तार पर गीले कपड़े सुखाते लोग।

**बरवाडीह।** विद्युत तारों में हर समय 440 वोल्टेज का करंट दौड़ता है। इसके नजदीक से गुजरने पर कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है। परंतु बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के हरातु पंचायत अंतर्गत गेंठा ग्राम के लोग विद्युत तार में गीले कपड़े सुखाने का पिछले कई वर्षो से करते आ रहें है। पढ़कर थोड़ा अजीब लगा न। लेकिन यह बात इन दिनों पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल लगभग छह वर्ष पूर्व इस गांव में विद्युतीकरण का कार्य किया गया था। लेकिन योजना के तहत गेंठा गांव के हर टोले में पोल गड़ गए, खंबो में विद्युत तार दौड़ गए और घरों में मीटर भी लगा दिया गया लेकिन आज तक बिजली नहीं पहुंची। जबकि संबंधित विभाग और ठिकेदार ने कागजों पर गेंठा जैसे कई गांवों में बिजली पहुंचा दी और संभवत बिल भी भंजा लिया। जिसके कारण अपने कारनामों के चलते हमेशा सुर्खियों बटोरने वाला झारखण्ड का बिजली विभाग एक बार सिर्फ सुर्खियों में आ गया है। इस गांव की महिलाओं को अक्सर तारों पर गीले कपड़े सुखाते देखा जा सकता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग द्वारा बिछाई गई केबल को कपड़े सुखाने का साधन बना लिया है। इन गांवों में बिजली के खंभे तो सालों से लगे हुए हैं, लेकिन बिजली का पता नहीं है। कई गांव आज भी बिजली और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहवासी बिजली की समस्या से परेशान हैं। यहां स्याह रात का नक्सली फायदा उठाते हैं। गांव के गरीब लोगों के घर में अभी भी ढिबरी और लालटेन ही रात के अंधेरे काम आ रहा है। बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग के कई मामले देखने और सुनने को मिल जायेंगे। कही-कहीं गांवों में तो बिना बिजली जले विभाग द्वारा बिजली बिल तक दिए जाने का मामला भी कई बार प्रकाश में आया है। यही नहीं बल्कि विभागीय उदासीनता के कारण कई गांवों में बिजली के तार और उपकरण सिर्फ शोपीस बन कर रह गए है। इधर पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा हैं, लेकिन इन लोगों का दर्द सुनने वाला कोई नहीं हैं। सरकारी व्यवस्था ने इन्हे हाशिए पर रख छोड़ा है और बेहतर जिंदगी जीने के हक से मरहूम कर दिया है।

## लोहा पाइप लोड ट्रक अनियंत्रित होकर हुई दुर्घटनाग्रस्त, चालक-खलासी घायल


दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

**चंदवा।** एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप नर्सरी के पास लोहा पाइप लदी ट्रक यूपी-21-बीएन-1607 अनियंत्रित होकर पलट गयी। भारी भरकम ट्रक के पलटने के बाद ट्रक चालक मो. जुनैद व खलासी मो. मेजाजुल (मुरादाबाद) गम्भीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद खलासी मो. मेजाजुल लगभग एक घण्टे तक ट्रक के इंजन में फंसा रहा, उसका दोनो पैर बुरी तरह से इंजन में दब गया था, स्थानीय लोगो व चंदवा पुलिस के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद उसे बाहर निकाला गया व 108 एम्बुलेंस की मदद से चंदवा सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की गम्भीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। ट्रक के चालक मो जुनैद ने बताया कि ट्रक टाटा जमशेदपुर से लोहा पाइप लेकर गाजियाबाद जा रही थी, इसी क्रम में हुटाप नर्सरी के पास ब्रेक फेल हो गया, जिस कारण ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गई।

## संदिग्ध अवस्था में होमगार्ड जवान की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता


मृतक होमगार्ड।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरु ग्राम के मननडीह टोला में बंद पड़ा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मननडीह में बुधवार को संदिग्ध अवस्था में सीसीएल के होमगार्ड अनुज कुमार सिंह 34 वर्ष पिता मुनेश्वर सिंह ग्राम कोटाम थाना गारू का शव बरामद हुआ है। अनुज सिंह के साथ कार्य कर रहे होमगार्ड के जवान दिगेश्वर महतो व मुकेश कुमार ने बताया कि हम लोग तीनों बुकरू रेलवे साइडिंग में सीसीएल के गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। तथा प्राथमिक विद्यालय मनन डीह जो बंद पड़ा हुआ है उसी में अपना डेरा रखे हुए हैं मंगलवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे अनुज सिंह अपने घर से आया था और वह अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद करके सोने चला गया और हम लोग दोनों ड्यूटी पर चले गए। सुबह आने पर देखा कि अंदर से दरवाजा बंद है। खिड़की से देखने पर उसे मृत पाया गया। तब इसकी तत्काल सूचना अमराडीह पिकेट को दी। पिकेट प्रभारी कुबेर साव एवं एएसआई मोहम्मद मुख्तार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम को दिया गया। आफताब आलम मजिस्ट्रेट के रूप में घटनास्थल पर पहुंचकर दरवाजा तुड़वाया जहां पाया गया कि अनुज कुमार सिंह मच्छरदानी लगाकर सोया हुआ है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। इस संबंध में अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि प्रथम दृष्टिया से यह सांप काटने का मामला प्रतीत होता है फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## ग्रामीण डाक सेवक कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर

**महुआडांड़।** अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर बुधवार को महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। इसकी जानकारी देते हुए चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार ने बताया कि हमारी 5सूत्री मांग है कि 8 घंटे काम और पेंशन सहित सभी लाभ मिले, सवेतन अवकाश को 180 दिन बढाएं, एसडीबीएस में जीडीएस और विभाग का योगदान बढ़ाना, 12/24/36 को प्रख्यापित करना तथा जीडीएस और उनके परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान देने की मांग शामिल है। इसे लेकर पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार के नेतृत्व में महुआडांड के ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों ने महुआडांड मुख्य डाकघर के गेट के सामने धरना पर बैठकर नारेबाजी भी की। बुधवार को हड़ताल पर जाने वाले कर्मियों में चटकपुर के शाखा पोस्ट मास्टर अरविंद कुमार, मो. सकीर अंसारी, सुरज कुमार, सुरेश्वर उरांव, राम कुमार, आदि ग्रामीण डाक सेवक कर्मी का नाम शामिल है।

## जेएमएम अध्यक्ष ने खुरा पंचायत में चलाया सदस्यता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


सदस्यता अभियान चलाते जेएमएम अध्यक्ष।

▶▶हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का हो रहा है तेजी से विकासः अफजल अंसारी

**बरवाडीह।** झामुमो के जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ सहदेव के निर्देश पर बुधवार को जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी और प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह ने बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में अफजल अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपलब्धियों से खुरा पंचायत की जनता को अवगत कराया। इस दौरान कई महिला-पुरुषों ने झामुमो के सदस्यता अभियान के तहत जुड़े और पार्टी के दिशा-निर्देश पर चलने के साथ अन्य लोगों को भी जोड़ने की बात कही। वहीं प्रखण्ड अध्यक्ष ने पार्टी का स्लिप काटकर सभी नए कार्यकताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सोमेश्वर राम को अध्यक्ष, रविंद्र कुमार सचिव, रामेश्वर राम उपाध्यक्ष, पूनम देवी उपाध्यक्ष के अलावा सदस्य के रूप में सुनील राम, राजबली राम और सलिता देवी सहित अन्य लोगों को कमेटी में शामिल किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह ने की। वहीं इस मौके पर जेएमएम के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेसी नेता के पिता की बरसी कार्यक्रम में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता


पूर्व मंत्री व अन्य लोग

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के कई कांग्रेसी नेताओं ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के.एन.त्रिपाठी के पिता के वर्षी कार्यक्रम में शामिल होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, रंजीत कुमार, राजू कुमार, अमित कुमार, सतेंद्र कुमार ठाकुर, मोहन ठाकुर, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## वन अधिकार समिति गठन को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चकला ग्राम सभा के सदस्यों ने प्रेस बयान जारी कर वन अधिकार गठन को लेकर आहूत बैठक भारी बारिश के कारण स्थगित किए जाने को लेकर रोष प्रकट किया है। ग्राम सभा के सदस्यों ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत वन अधिकार समिति (एफआरसी) गठन हेतु विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई थी। लेकिन भारी बारिश का हवाला देकर ग्राम सभा को स्थगित कर दिया गया। लेकिन इसको लेकर ग्राम प्रधान व ग्राम सभा के सदस्यों से किसी प्रकार का मंतव्य नहीं लिया गया। जिससे ग्रामीण आहत है। मामले को लेकर मुखिया रंजीत एक्का ने कहा कि जिस तिथि को ग्राम सभा हो रही थी उस दिन भारी बारिश हो रही थी, ऐसे में खुले आसमान के नीचे बैठकर ग्राम सभा करना खतरे से खाली नही था, इसलिए जनहित को देखते ग्राम सभा को अगली तिथि के लिए स्थगित किया गया है। जल्द अगली तिथि घोषित कर ग्राम सभा को पूर्ण करा लिया जाएगा।

## पीएम किसान के लाभुकों के ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग व केसीसी को लेकर बैठक सम्पन्न


बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखण्ड के राजस्व उप निरीक्षकों, कृषक मित्रों व प्रज्ञा केंद्र संचालकों की बैठक अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रखण्ड उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा मौजूद थे। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभुकों के ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग व केसीसी ऋण को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया गया। सीओ श्री पाठक ने ज्यादा से ज्यादा योग्य किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव व अंचल सीआई ऋषिदेव कमल, मनेश्वर गंझु, महेश सिंह समेत कई कृषक मित्र व प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे।

## संकल्प सप्ताह के तहत प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया विशेष शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर का शुभारंभ करते अधिकारी।

**महुआडांड़।** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत प्रखंड कार्यालय के सभागार में बाल विकास कार्यालय के द्वारा बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत रूप से उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि, सीओ संतोष बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित खलखो, सीआई गौतम कुमार लकड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पांच गर्भवती माताओं को पोषण थाल देकर गोदभराई की गई एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं हेल्दी बेबी के लिए शुभकामनाएँ दी गई। अन्नप्राशन योजना के तहत पांच बच्चो को खीर खिलाकर मुंह जुठी कराई गई तथा हल्दी बेबी शो का भी आयोजन कर तीन बच्चों को खिलौना देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने कहा कि महुआडांड़ प्रखंड आकांक्षी प्रखंड के रूप चयनित है। हमें हर क्षेत्र में मिलकर काम करना होगा तब ही हम इस क्षेत्र का अपेक्षित विकास कर पायेंगे। श्री सुरीन ने संतुलित आहार के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल जरूरी है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेणु रवि ने कहा कि महुआडांड़ प्रखंड आकांक्षी प्रखंड के रूप चयनित होने के कारण जिस बिन्दू पर हमे कार्य करने को कहा गया है। उसपर ध्यान दें कि प्रगति हो रहा है कि नही। कुपोषित बच्चे, गर्भवती महिला, धात्री माता पर विशेष ध्यान दें। कुपोषित बच्चे को कुपोषण उपचार केन्द्र में लाकर भर्ती करायें। कार्यक्रम को सीओ संतोष बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो, महिला प्रवेक्षिका प्रिस्का कुजूर आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर महिला प्रवेक्षिका प्रिस्का कुजूर, श्वेता कुमारी, आदि समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

▶▶मॉडल ऑगनबाड़ी केन्द्र ढ़ोड़ीटोली चटकपुर में भी शिविर का किया गया आयोजन

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत मॉडल ऑगनबाड़ी केन्द्र ढ़ोड़ीटोली चटकपुर में भी शिविर का आयोजन कर दो गर्भवती माताओं को पोषण थाल देकर गोदभराई की गई एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं हेल्दी बेबी के लिए शुभकामनाएँ दी गई। बच्ची को पोषण परी बनाकर लोगों को कुपोषण से बचाव के लिए प्रेरित किया गया।मौके पर ऑगनबाड़ी सेविका पुनम देवी, आशा तिग्गा, रूबी कुजूर, इलिजाबेद गिद्ध, सुनीता देवी, एएनएम उमा देवी समेत चटकपुर पंचायत की सभी ऑगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकायें, सहिया एवं काफी संख्या में ग्रामीण बच्चे एवं महिलाएँ मौजूद थी।

▶▶इन ऑगनबाड़ी केन्द्र में भी किया गया शिविर का आयोजन

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत चैनपुर- 2, अक्सी मुण्डा टोली, छगराही, चटकपुर ढ़ोड़ीटोली, असनारी, सुग्गी, भेड़ीगंझार, पुटरूंगी, कुरोकला, केवंरकी केनाटोली, माईल एवं बटुआटोली ऑगनबाड़ी केन्द्र में संबंधित पंचायत के ऑगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकायें, सहिया के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया।

स्पीड न्यूज

## तनवीर आलम को जिला प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकताओं ने किया स्वागत

**पाकुड़।** बुधवार को कांग्रेस भवन पाकुड़ में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश महासचिव तनवीर आलम को पाकुड़ जिला प्रभारी बनाएं जाने पर गर्म जोशी के साथ पाकुड़ जिला कमिटी,सभी प्रखंड कमिटी,सभी प्रकोष्ठ कमिटी एवं पंचायत कमिटी और कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने पुष्प कुछ देकर उनका जोरदार स्वागत किया। पाकुड़ जिला कोंग्रेसजनों ने झाखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं विधायक दल नेता आलमगीर आलम को तनवीर आलम को पाकुड़ जिला प्रभारी बनाए जाने पर धन्यवाद जताया। तनवीर आलम को जिला प्रभारी बनाए जाने पर संपूर्ण पाकुड़ जिले में पार्टी कार्यकताओं में खुशी की लहर देखी गई।

## अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री समेत आठ के खिलाफ आरोप गठन

**दुमका।** जमीन विवाद के मामले में बुधवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. हफीजुल हसन समेत आठ आरोपित एमपी एमएलए की विशेष अदालत में पेश हुए। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेन्द्र राम की अदालत में देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में दाखिल परिवाद केस में मंत्री समेत आठ आरोपियों की ओर से वरीय अधिवक्ता एखलाक अहमद उर्फ पप्पू ने पैरवी की। अदालत में आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन किया गया। अगली तिथि 13 अक्टूबर मुकर्रर की गयी। जिसमे आरोप पश्चात गवाही होगी।

## शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न

**दुमका।** आदित्य नारायण महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव बुधवार को सम्पन्न हुई। चुनावी मैदान में डॉ नवीन कुमार सिंह एवं डॉ चंद्र भानु प्रताप सिंह मैदान अपनी किस्मत अजमा रहे थे। जबकि डॉ जवाहर प्रसाद सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया था । अब मैदान में बचे दो प्रत्याशियों डॉ नवीन कुमार सिंह एवं डॉ सीबीपी सिंह के बीच मुकाबला हुआ। कुल मतदाता 44 में से 37 मतदाताओ ने अपना मतदान का प्रयोग किया। शेष 7 मतदाता किसी कारण से मतदान में उपस्थित नहीं हो सके। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय से मुख्य चुनाव पदाधिकारी के नाते विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, पर्यवेक्षक के रूप में कुलानुशासक डॉ राजीव कुमार सिन्हा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ संतोष कुमार सिंह एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह मौजूद थे। मतों की गिनती के पश्चात विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने परिणाम घोषित किया। जिसमें डॉ नवीन कुमार सिंह को 32 मत प्राप्त कर शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चयनित हुए। विरोध में मैदान में उतरे डॉ सीबीपीसिंह को 5 मत से ही संतोष करना पड़ा। डॉ नवीन कुमार सिंह को 27 मतों से विजेता घोषित हुए । चुनाव के लिए प्रशासन की ओर से मुफस्सिल थाना के एसआई पुरुषोत्तम अग्निहोत्री चार पुलिस जवान के साथ सुरक्षा में मौजूद थे।

## तालाब में युवक का तैरता मिला शव, शिनाख्त

**दुमका।** तालाब में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक नगर थाना क्षेत्र के करबला रोड, नूरपाड़ा निवासी शाहजहां, पिता मरहूम ताजमुद्दीन आलम है।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर मामा मिहाज मंसूरी के बयान पर यूडी केस दर्ज कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतक युवक के मामा ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 10 दिन पूर्व ही असम से काम कर लौटा था। वह अपने विधवा मां के साथ रहता था। बीते दो अक्टूबर को देर शाम घर के आसपास घूमता पाया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर खोजबीन कर थाना को मौखिक सूचना दिया था। बुधवार की सुबह घर के समीप तालाब में तैरता शव देख लोगों ने सूचना दिया। मौके पर पहुंच शव का शाहजहां के रूप में शिनाख्त कर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप कार्रवाई में जुट गई है।

# 76 में 35 वर्ष तक बिहार में पिछड़ों की सरकार, फिर किसने की अतिपिछड़ों की हकमारी?

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** जातिवार गणना की सर्वे रिपोर्ट जारी होने के बाद पिछड़ों को उनका वाजिब हक दिए जाने की बात मुखरता से उठाई जा रही है। खास वर्ग को लक्षित कर हकमारी की बात उठाई जा रही है। लेकिन, इसके साथ ही यह सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या अभी जो पार्टियां हकदारी की आवाज उठा रही हैं वह हकीकत बयां कर रही हैं? दरअसल, बड़ा सच यह है कि बिहार में सत्ता के शीर्ष पर विगत 76 वर्षों में 35 वर्षों से तक पिछड़े व अति पिछड़े वर्ग के लोग ही सत्ताधीश रहे हैं। विगत 35 वर्षों में सत्ता सात लगों के बीच बंटी। नीतीश कुमार 17 वर्षों से अधिक समय से मुख्यमंत्री हैं। इनके पूर्व राबड़ी देवी सात वर्ष 190 दिन और लालू प्रसाद यादव सात वर्ष 130 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे। बिहार में अनुसूचित जाति (एससी) के लोगों को तीन बार मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। हालांकि, इनमें से किसी ने इस पद पर एक वर्ष का कार्यकाल पूरा नहीं किया. रामसुंदर दास 302 दिन, जीतनराम मांझी 278 दिन तथा भोला पासवान शास्त्री 112 दिन मुख्यमंत्री रहे थे।

पिछड़े वर्ग से दरोगा प्रसाद राय 310 दिन, सतीश प्रसाद सिंह 5 दिन तथा बीपी मंडल 51 दिनों तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। सत्ता के शीर्ष पर केवल एक कपूरी ठाकुर अति पिछड़ा वर्ग से रहे। वह दो वर्ष 98 दिनों तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। इन 76 वर्षों में एक मौका अल्पसंख्यक समाज से अब्दुल गफूर को भी मिला था और वह एक वर्ष 283 दिन तक मुख्यमंत्री रहे। बीते 76 वर्षों में अनारक्षित श्रेणी के मुख्यमंत्री बने और इनका शासन करीब 37 वर्ष 197 दिनों तक रहा।

**नीतीश सरकार ने जारी की जाति गणना सर्वे रिपोर्ट :** बता दें कि बिहार सरकार ने सोमवार को जाति आधारित गणना सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक की। इसमें खुलासा हुआ कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत है। राज्य की कुल जनसंख्या 13.07 करोड़ से कुछ अधिक है, जिनमें 36 प्रतिशत के साथ ईबीसी सबसे बड़ा सामाजिक वर्ग है। इसके बाद ओबीसी 27.13 प्रतिशत है। इसके बाद 19 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या है। ऐसे में एक बार फिर जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात उठने लगी है।

## दिवंगत पति देवेंद्र माझी के सपनों को पूरा कर रही हूं : जोबा माझी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत गुदड़ी प्रखंड के सुदूर कारो नदी में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अन्तर्गत उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होगा। इसे लेकर बुधवार को राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी के हाथों शिलान्यास किया गया। मौके पर उपायुक्त अनन्य मित्तल, सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी भी मौजूद रही। बता दें गुदड़ी एवं कमरगांव के बीच कारो नदी पर 10.91 करोड रुपए की लागत से बनने वाले 271.04 मीटर लंबे पुल निर्माण के शिलान्यास को लेकर गुदड़ी के ग्रामीणों में हर्ष है। इस पुल के निर्माण होने से गुदड़ी प्रखंड के बिरकेल-बांदु पंचायत आपस में जुड़ जाएंगे तथा इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए खूंटी, तोरपा होते हुए रांची पहुंचना भी आसान हो जाएगा। इसके अलावा गुदड़ी, राजगांव, किचिनदा, गिरु, तेरकेरा सहित आसपास के अन्य कई गांव के ग्रामीणों को भी आवागमन में सुविधा होगी।

समन्वय और निगरानी समिति की हुई बैठक

## कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं : सांसद



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, राजमहल सांसद विजय हांसदा ने लंबित कार्यों को पूरा करने का अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि वैसे गांव जहां अभी तक बिजली पहुंच नहीं पाई है में बिजली बहाल करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया। सामाजिक सुरक्षा विभाग के समीक्षा के क्रम में सांसद ने कहा की वैसे दिव्यांग लाभुक का चयन करें जो पेंशन योजना से अभी तक लाभान्वित नहीं हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी समीक्षा के क्रम में नगर परिषद प्रशासक के द्वारा बताया गया कि 2752 आवास का लक्ष्य था जिसमें से 1781 आवास को पूर्ण कर लिया गया एवं 971 आवास कार्य प्रगति पर है। सांसद ने कहा कि जिले में वैसे विद्यालय जहां पर पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं है। सारी व्यवस्थाएं को दुरुस्त करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया।

## सरैयाहाट में डिलीवरी बॉय के साथ लूटपाट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जियाजोर पानी टंकी के समीप बुधवार को कुरियर कंपनी के डिलीवरी बॉय के साथ लूटपाट की घटना का मामला सामने आया है। मामलें को लेकर हँसडीहा स्थित ईकॉम कंपनी के कर्मी सत्यम राउत ने बताया की बुधवार को वे हँसडीहा से चिकनियां किसी नितेश कुमार का पार्सल जिसमें मोबाइल फोन था की डिलीवरी देने गया था, इसी दौरान जियाजोर पानी टंकी के समीप चार युवक चेहरे को गमछा से ढक उसके पास आया और पार्सल का बेग सहित नगद 7456 रुपया और उसका मोबाइल छीन लिया। सत्यम के अनुसार वह ई कॉम के हँसडीहा स्थित कार्यालय से 41 पार्सल की डिलीवरी के निकले थे, दोपहर तक उसने बीस पार्सल की डिलीवरी कर दी थी। जिसमें उसे कुल 5826 रुपया प्राप्त हुआ था जबकि उसके पर्स में 1630 रुपया था। नितेश ने उसे जिस जगह पर रुकने के लिए कहा था वह उसी जगह खड़े होकर उसका इंतजार कर रहें थे इतने चार युवक उसके पास आये और उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट करते हुए सारा सामान छिन्न फरार हो गया। डिलीवरी बॉय के लिखित शिकायत पर पुलिस लूटपाट की घटना को अंजाम देने वालों की तलाश में जुट गई है।




### बिना हथियार के लूट की वारदात में कहीं स्थानीय लड़कों का हाथ तो नहीं

**सरैयाहाट।** घटना को जिस तरह से अंजाम दिया गया उससे यह प्रतीत होता है की घटना को स्थानीय लड़कों ने अंजाम दिया है। सत्यम ने बताया की सभी लुटेरे पैदल मुँह में गमछा लपेट कर आये थे। किसी के पास कोई घातक हथियार भी नहीं था। और घटना के बाद सभी पैदल ही भाग निकले। सवाल यह उठता है की लूटने वालों को यह कैसे पता था की डिलीवरी बॉय पार्सल लेकर आया है। क्या नितेश ने ही घटना को अंजाम दिलवाया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जाँच कर रही है क्योंकि बिना हथियार के पैदल लुटेरों ने घटना को अंजाम देकर सबको सकते में डाल दिया है।

## चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट

**सरैयाहाट।** हंसडीहा स्थित माइनिंग चेकपोस्ट पर पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने वाले चालक और खलासी को हंसडीहा पुलिस गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मारपीट मामलें को लेकर हंसडीहा थाना में पदस्थापित एसआई रामविनय दुबे के बयान पर ट्रक चालक कोडरमा जिले के डोमचास थाना क्षेत्र के संगई तेतरीवाड़ी गांव निवासी महेश कुमार शर्मा व खरौनी गांव निवासी खलासी विदेशी पासवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गिट्टी लोड ट्रक दुमका के रास्ते हंसडीहा की और जा रही थी, इसी बीच चेकपोस्ट पर तैनात सहायक पुलिस विकास मरांडी और जयंत कुमार मोदी के द्वारा ट्रक को रोककर गिट्टी लोड से संबंधित चलान मांगा गया तो ट्रक चालक के द्वारा चलान नहीं दिखाकर गाली गलौज शुरू कर दी गई। जब दोनों आरक्षियों के द्वारा गाली गलौज करने से मना किया गया तो ट्रक के चालक और खलासी आरक्षी विकास मरांडी के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट होता देख जैसे ही ड्यूटी पर तैनात एसआई रामविनय दुबे वहां पहुँचे तो ट्रक चालक और खलासी ट्रक को लेकर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा ओवरटेक कर भागलपुर रोड स्थित पैट्रोल पंप के समीप ट्रक को पकड़ लिया गया। जहां ट्रक चालक एसआई रामविनय दुबे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगा साथ ही पहने वर्दी भी फाड़ दिया। ये देख थाना के प्राइवेट चालक शिवशंकर दर्बे बचाने पहुँचा तो उसके साथ भी ट्रक चालक और खलासी के द्वारा मारपीट की गई।

## उपायुक्त ने जिला नियोजनालय के क्रियाकलापों की जांच हेतु बैठक बुलाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला नियोजनालय कार्यालय, गोड्डा में विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही कठिनाइयों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला नियोजन पदाधिकारी, गोड्डा पदमा कुमारी के द्वारा कार्यालय अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

उक्त बैठक के दौरान उपायुक्त,गोड्डा के द्वारा जिला नियोजन पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों को 75% आरक्षण के नियमावली का अनुपालन किया जाए, साथ ही साथ अडानी एवं ईसीएल के अंतर्गत कार्यरत आउट सोर्स कंपनियों का भौतिक सत्यापन के रिपोर्ट की जांच की गई। झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के अनुपालन से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए नियोजन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उक्त अधिनियम/नियमावली के अनुपालन हेतु जिला नियोजनालय गोड्डा एवं नियोजनालय ललमटिया द्वारा कुल 76 नियोजकों को निबंधन हेतु पत्र निर्गत किया गया।

जिसमें 14 प्रतिष्ठानों का एड्रेस सही नहीं पाया गया । 27 प्रतिष्ठानों में से 10 से कम मानव बल कार्यरत हैं और 4 प्रतिष्ठान बंद हो चुके हैं ।27 नियोजकों ने निर्गत नोटिस के विरुद्ध अपना निबंधन कर लिया है, परंतु 4 प्रतिष्ठानों यथाः मे/स झारखंड हुयूम पाइप, मे /स मधुवन होटल मर्सी हॉस्पिटल, पोडैया हाट ३ ,ट/र माउंट एसीसी स्कूल , पोडैयाहाट नियमावली की धारा 3 के उल्लंघन करने के फल स्वरुप धारा 10 के तहत ?25000 मात्र का शास्ति आरोपित किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी गोड्डा पद्मा कुमारी,सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

## नये थाना भवन के उद्घाटन में विधायक, डीआइजी, डीसी और एसपी पहुंचे उद्घाटन स्थल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी थाना के नए भवन का उद्घाटन बुधवार को विधायक दीपिका पांडे सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन मंडल, उपयुक्त जीशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने मिलकर फीता काटकर किया। उपस्थित सबों को संबोधित करते हुए विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि ठाकुर गंगटी थाना को भवन की अति आवश्यकता थी। प्रयास करते हुए पूरा किया गया। अब नए थाना भवन में अच्छे ढंग से सभी पुलिसीय कार्य अच्छे ढंग से हो सकेगा।

बताई कि अब पुलिस के लिए वाहन की भी झारखंड सरकार द्वारा जल्द व्यवस्था करने की दिशा में पाल किया जाएगा।साथ ही साथ विधानसभा क्षेत्र में और भी दूसरे जर्जर थाना भवन की जगह नए मॉडल का थाना भवन निर्माण करने की दिशा में पहल की जाएगी। इसके अलावे भी पुलिस प्रशासन या ग्रामीणों के लिए जो भी उनसे बन पड़ेगा या जो आवश्यकता होगी हर संभव सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर हैं। पुलिस उपमहानिरीक्षक सुदर्शन मंडल ने कहा की पुराने जर्जर भवन में पुलिसीय कार्य करने में पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को काफी परेशानी होती थी।अब नए भवन में जो भी पुलिसीय व्यवस्था से संबंधित कार्य होगा उसका निपटारा अच्छे ढंग से किया जा सकेगा। सभी पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी बिल्कुल नियम के अनुसार सभी कार्यों का निष्पादन करेंगे और थाना में आने वाले आवेदकों के आवेदन पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।चाहे वह कोई भी व्यक्ति हो अगर वह शिकायत लेकर थाना आते हैं तो निश्चित रूप से उनकी शिकायत सुनी जाएगी।

उसकी जांच भी की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।बताया कि अगर दूसरे थाना से संबंधित भी कोई आवेदन आता है तो संबंधित थाना प्रभारी ही दूसरे थाना क्षेत्र को सूचित कर मामला दर्ज करने में सहयोग करेंगे। उपयुक्त जीशान कमर और पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने भी कहा कि नियमानुसार जो भी कार्रवाई होनी चाहिए उसके आधार पर निश्चित रूप से कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। जो भी नई दिशा निर्देश होगा उसके आधार पर निश्चित रूप से ग्रामीणों का हर संभव सहयोग किया जाएगा।अगर किसी प्रकार की ग्रामीणों को कोई परेशानी होती है तो अगर यहां से संतुष्ट नहीं है तो जिले में आकर भी अपनी बातों को बात कर कार्रवाई करने की दिशा में पहला कर सकते हैं। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया के साथ विधायक दीपिका पांडे सिंह ने बैठक कर क्षेत्र की विकास पर वातार्लाप का आदान-प्रदान किया और एक दूसरे को सहयोग करते हुए विकास की गति और अधिक तेज करने की बातों को कहा। मिश्र गंगटी गांव के कई महिला, पुरुषों ने गांव में जलजमाव को लेकर विधायक दीपिका पांडे सिंह से शिकायत की। जिस पर उन्होंने कहा कि जल्दी ही इस समस्या को दूर किया जाएगा।हालांकि उपयुक्त जीशान कमर को मुखिया व अन्य कर्मियों आदि के साथ कुछ बैठकर भी करनी थी कुछ आवश्यक बात विचार भी करना था। लेकिन तेज वर्षा के कारण और समय का अभाव के कारण वैसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि दूसरे दिन आकर मुखिया और ग्रामीण और अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। 2, 49, 10, 463 रुपए लागत से इस नए मॉडल थाना भवन का निर्माण कराया गया है। इस भवन के निर्माण में करीब डेढ़ वर्ष का समय लगा। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक, शिव शंकर तिवारी, पुलिस निरीक्षक बलवीर सिंह, थाना प्रभारी रफीक आलम, सहायक विनोद शाह, पुस्तम शंकर प्रमाणिक,अशोक शर्मा, विमल शर्मा,जितेंद्र प्रसाद सहित सभी पुलिसकर्मी,सभी ग्रामीण पुलिस सभी,सभी पंचायत के मुखिया, इंडिया गठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## पेज 1 का शेष

### नहीं रहे कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो...

उन्होंने कहा कि भारी और दर्द भरे दिल से कहा, बुधवार को खबर आयी की कार्डिनिल अब इस दुनिया में नहीं रहे। **महागिरजाघर के निर्माण का सपना पूरा किया :** रांची के धर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष तेलेस्फोर पी टोप्पो 24 जून 2018 को रिटायर हुए थे। रिटायरमेंट के बाद आराम करने के लिए उन्हें एक सितंबर 2018 को दिव्य माता लघु बसिलिका उल्हातु में शिफ्ट कर दिया गया। मालूम हो कि तेलेस्फोर पी टोप्पो ने रांची में महागिरजाघर के निर्माण का सपना देखा था। उन्होंने उसे पूरा भी किया। वह चाहते थे कि वह वहीं रहें। इसलिए फादर किशोर टोप्पो एवं सिस्टर इम्माकुलाता कुल्लू डीएसए की देखरेख में उन्हें वहीं पर रखा गया था।

### वन उपज पर भी देंगे...

इस संकल्प के साथ किसानों-पशुपालकों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने किसानों पशुपालकों से कहा कि आप सरकार की योजनाओं से जुड़कर इसका लाभ ले और राज्य को भी मजबूती देने में योगदान करें। आप एक कदम आगे बढ़ेंगे तो सरकार आपको चार कदम आगे बढ़कर सहयोग करेगी। **स्वराजगार से जोड़ने की कई योजनाएं :** सीएम ने कहा कि गांवों को समृद्धशाली बनाने के लिए ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। इसके तहत पशुधन योजना, मधुमक्खी, बकरी, मछली, सुअर पालन के अलावे बिरसा हरित योजना को जनहित में चलाया जा रहा है। किसानों को खेती से उबरने के लिए मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लागू किया गया है। इसमें 90 प्रतिशत अनुदान पर पशुपालकों को पशु उपलब्ध कराया जा रहा है। **पशुपालकों को बाहर नहीं जाना होगा :** सीएम ने कहा कि पलामू के कृषक अक्सर प्राकृतिक विपदा के कारण प्रभावित होते हैं। उनकी आर्थिक आय बढ़ाने के लिए सरकार पशुपालन को बढ़ावा दे रही है। साथ ही पशुधन से उपज दूध को सरकार खरीद रही है। इसे लेकर पशुपालकों को अपने गांव से कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। उन्हें अपने गांव के करीब बनाये गये कलस्टर पर ही दूध देना है। उसकी राशि उनके खाते में भेज दी जाती है। पलामू के किसान यदि यह वादा करें कि पशु पालन कर दूध की वृद्धि अत्यधिक करेंगे तो पलामू में एक प्लांट के बदले कई प्लांट स्थापित किया जायेगा। सीएम ने कहा कि किसानों द्वारा उपज सामग्रियों का क्रय सरकार करने को तैयार है। बशर्ते लोग स्वरोजगार की ओर लौटें। इस मौके पर मंत्री डा रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, सीएम के सचिव बिनय चौबे, पशुपालन विभाग के सचिव अब्बु बकर सिद्दिकी, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल, आइजी राजकुमार लकड़ा, डीसी, एसपी समेत अन्य अधिकारी शामिल थे।

### झारखंड में फिर...

सूबे में बीते पांच दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण रामगढ़ जिले के पतरातू डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। खूंटी जिले में भी जोरदार बारिश से परेशानियां बढ़ गयी हैं। मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली एजेंसी स्काईमेट वेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, झारखंड, उत्तरी ओडिशा और बिहार में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। कुछ जगहों पर भारी बारिश भी हो सकती है। हालांकि पांच अक्टूबर से सूबे में बारिश धीरे-धीरे कम होती जायेगी लेकिन मौसम 9 अक्टूबर तक खराब रहेगा। इसके बाद, तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। रांची में सात अक्टूबर तक राज्य में सामान्यता बादल छाये रहेंगे। कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है

### उत्तरी कोयल परियोजना...

झारखंड को 117.58 करोड़ का पैकेज : इसमें कहा गया है कि झारखंड सरकार के प्रतिनिधि में कहा कि 117.58 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज जारी होने के बाद सुरक्षा से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं होगा। वहीं, बिहार सरकार के प्रतिनिधियों ने कहा कि गया खंड में भूमि अधिग्रहण का कोई मुद्दा नहीं होगा और कार्य समय पर पूरा हो जायेगा।

### 23 जवान समेत सैन्य कैंप...

अचानक बाढ़ से आधार शिविर बह गया : तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने सेना के 23 जवान बह गये। उनका शिविर और वाहन डूब गया। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, घाटी के कई प्रतिष्ठान बाढ़ की चपेट में हैं। उन्होंने बताया कि चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण झील में जलस्तर अचानक 15 से 20 फीट तक बढ़ गया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इससे सिंगताम के पास बारदांग में खड़े सेना के वाहन डूब गये। उन्होंने कहा कि सेना के 23 जवानों के लापता होने की खबर है और 41 वाहन कीचड़ में डूबे हुए हैं। तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। **कई राहत शिविर खोले :** सिक्किम के जिला मजिस्ट्रेट, ताशी चोपेल के अनुसार, कीचड़ से बहुत सारी इमारतें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गये हैं। जानमाल के नुकसान की भी खबरें हैं। हम सेना में 23 जवानों के हताहत होने की भी खबर सुन रहे हैं। जिले में 5 राहत शिविर खोले हैं। कथित तौर पर भारी बारिश के कारण झील में बाढ़ आने और तीस्ता नदी के तट पर रंगपो में औद्योगिक बेल्ट (आईबीएम) में 150 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गये। **सीएम ने किया सिंगताम का दौरा :** अधिकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री पी एस तमांग ने तीस्ता नदी बेसिन में अचानक आई बाढ़ के कारण हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सिंगताम का दौरा किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सिंगताम नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उनसे स्थिति पर नजर रखने को कहा। अधिकारी के अनुसार, सरकार बाढ़ से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को आवश्यक सहयोग मुहैया कराने के लिए सक्रियता से काम कर रही है। सुदूर क्षेत्र नेपाल की सीमा के करीब स्थित है। ल्होनक झील दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत कंचनजंगा को घेरने वाली बफीर्ली चोटियों में एक ग्लेशियर के आधार पर स्थित है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को भारी बारिश के दौरान छाता पकड़े हुए और सिंगतम शहर में बाढ़ के बारे में अधिकारियों से बात करते हुए दिखाया गया है।

स्पीड न्यूज

## कुलगाम में मुठभेड़ दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ दिन में शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद कुज्जर में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स (पूर्ववर्ती ट्विटर) पर पोस्ट किया कि दो आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ स्थल से मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा रहे हैं। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया था, जिस पर सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

## खैबर पख्तूनख्वा में 10 आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में सुरक्षाबलों ने एक अभियान में कम से कम 10 आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को यहां आतंकवादियों की आमदरफ्त की सूचना मिली थी। इसके बाद अफगानिस्तान की सीमा से लगे इस अशांत जिले में यह अभियान चलाया गया। सुरक्षाबलों ने सोमवार रात दस आतंकियों को मार गिराया। इनके पास से बड़ी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद हुआ है।

## इडी ने अभिषेक बनर्जी को 9 अक्टूबर को बुलाया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी से नौ अक्टूबर को उसके अधिकारियों के समक्ष पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि जांच एजेंसी ने अभिषेक की पत्नी रुजिरा को भी 11 अक्टूबर को पूछताछ के लिए तलब किया है।

## मां-बेटी की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की एक अदालत ने वर्ष 2015 में एक महिला और उसकी बेटी की सरेआम चाकू से हत्या करने के आरोपी एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई है। अधिवक्ता संजीव वर्मा ने बुधवार को बताया कि नजीबाबाद के अलीपुरा गांव के सलमान ने 20 जून 2015 को नजीबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मां आयशा और बहन पूजा के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहा था, तभी रास्ते में उसके रिश्तेदार अमजद ने मोटरसाइकिल रुकवाकर आयशा और पूजा की चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार करके हत्या कर दी थी।

# वायु सेना को मिला पहला तेजस ट्विन सीटर एयरक्राफ्ट

**किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है विमान**

- फाइटर जेट छह तरह की मिसाइलों को ले जाने में भी सक्षम है
- 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस मार्क 1ए खरीदने की योजना पर आगे बढ़ रही है वायुसेना : एयर चीफ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना को अपना पहला 2 सीटर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस ट्विन सीटर मिल गया है। बुधवार को यह विमान आधिकारिक तौर पर भारतीय वायु सेना को सौंपा गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी एचएएल ने बुधवार को वायु सेना को पहला तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान सौंपा हैं। तेजस ट्विन सीटर ट्रेनर विमान एक हल्का विमान है। इसकी एक बड़ी खासियत यह भी है कि यह विमान किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को कुल 18 ट्विन सीटर विमान का ऑर्डर दिया गया था।




भारतीय वायु सेना द्वारा दिए गए इस आर्डर में से 8 विमान अगले साल तक दे दिए जाने हैं। शेष 10 विमानों को 2026-27 तक इंडियन एयर फोर्स के सुपुर्द किया जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय सेना के पास एलसीए तेजस का एडवांस्ड वर्जन मार्क-1 ए विमान पहले से ही है। एयर फोर्स के पास उपलब्ध यह विमान एक फाइटर जेट है जो 2205 किमी प्रति घंटे की स्पीड से हवा में उड़ता है। यही नहीं एयर फोर्स का यह फाइटर जेट 6 तरह की मिसाइलों को ले जाने में भी सक्षम है। भारतीय वायुसेना ने 123 तेजस फाइटर जेट मांगे थे, जिसमें से 31 मिल चुके हैं। ये सभी तेजस मार्क -1 हैं। जबकि बुधवार को एयरफोर्स को सौंपा गया, तेजस टू-सीटर ट्रेनिंग विमान है। हालांकि ट्रेनिंग विमान होने के बावजूद आपातकालीन स्थिति में इसे बतौर फाइटर जेट भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे पहले मंगलवार को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने बताया कि वायुसेना 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस मार्क 1ए खरीदने की अपनी योजना पर आगे बढ़ रही है।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने यह भी बताया कि भारतीय वायुसेना को रूस से एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन यूनिट मिलीं। वायुसेना को अगले साल तक मिसाइल सिस्टम की शेष दो और यूनिट मिलने की उम्मीद है। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने यह भी कहा कि भारतीय वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में 2.5 से 3 लाख करोड़ रुपये के सैन्य प्लेटफॉर्म, उपकरण और हार्डवेयर को शामिल करने पर विचार कर रही है। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अनिश्चित जियोपोलिटिकल स्थिति ने एक मजबूत सेना की आवश्यकता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत को प्रदर्शित करने का आधार बनी रहेगी। अग्निपथ योजना के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए वायुसेना ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। थिएटराइजेशन योजना पर उन्होंने कहा कि इस पर काम चल रहा है।

## उप्र: कार और ट्रक में टक्कर, आठ की मौत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर एक कार और ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फूलपुर थाना क्षेत्र के करखियांव इलाके में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर एक कर और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिससे कार में सवार आठ लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जाते हैं। कार सवार सभी लोग पीलीभीत के रहने वाले थे और वाराणसी में पूजा करने के बाद जौनपुर जा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# सांसद संजय सिंह गिरफ्तार

**दिल्ली शराब घोटाले में इडी ने दिन में सांसद के घर की थी छापेमारी**

- 900 करोड़ के घोटाले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बाद आप के दूसरे बड़े नेता गिरफ्तार
- केजरीवाल ने सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। इससे पहले दिन में एजेंसी ने इस मामले में संजय सिंह (51) के आवास पर छापा मारा था। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि मामले से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर भी इस अभियान के दौरान छापे मारे गए। ईडी ने इस मामले में पहले सिंह के स्टाफ सदस्यों और उनसे जुड़े अन्य लोगों से पूछताछ की थी। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा सीबीआई से इस मामले की जांच कराने की सिफारिश करने के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया था। सीबीआई जांच की सिफारिश के बाद ईडी ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत एक मामला दर्ज किया था। करीब 900 करोड रुपये के इस आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बाद आप के दूसरे बड़े नेता की गिरफ्तारी है। विधायक मनीष सिसोदिया जेल में बंद हैं। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने इस मामले में



सिसोदिया को 09 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया। आबकारी नीति घोटाला मामले की जांच के दौरान बिजनेसमैन दिनेश अरोड़ा ने संजय सिंह के नाम का जिक्र किया था। अरोड़ा इस समय सरकारी गवाह बन गये हैं। उनका कहना है कि संजय सिंह ने ही उन्हें दिल्ली के तत्कालीन राजस्व मंत्री मनीष सिसोदिया से मिलवाया था। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगले साल चुनाव होने वाले हैं ऐसे में यह विपक्ष को रास्ते से हटाने की साजिश है।

## तेलंगाना में खुलेगा केंद्रीय जनजातीय विवि कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तेलंगाना में सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम- 2009 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को संशोधन से जुड़े विधेयक- केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक- 2023 को संसद में पेश करने की मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम- 2014 की 13वीं अनुसूची के तहत ऐसा किया जा रहा है। तेलंगाना के मुलुगु जिले में 889.07 करोड़ रुपये से विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में तेलंगाना की एक जनसभा में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की थी।

## चीन की परमाणु पनडुब्बी दुर्घटनाग्रस्त, 55 की मौत

**लंदन।** पीला सागर में चीन की परमाणु पनडुब्बी में सवार 55 नौसैनिकों की मौत हो गई। यह परमाणु पनडुब्बी ब्रिटिश और अमेरिकी जहाजों को फंसाने के इरादे से बनाई गई थी। मगर वह खुद अपने ही जाल में फंस गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह दावा ब्रिटेन की एक खुफिया सूचना के आधार पर किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चीन की इस पनडुब्बी को एक 'चेन और एंकर' जाल का सामना करना पड़ा। पनडुब्बी के ऑक्सीजन सिस्टम में आई खराबी के कारण पनडुब्बी चालकदल के सभी सदस्यों की मौत हो गई। पनडुब्बी सवार नाविकों में से किसी की भी जान नहीं बची। जान गंवाने वाले नौसैनिकों में पीएलए नौसेना की पनडुब्बी '093-417' के कैप्टन और 21 अन्य अधिकारी शामिल भी हैं। चीन ने आधिकारिक तौर




पर इस घटना को मानने से इनकार किया है। साथ ही चीन ने पनडुब्बी के लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय मदद लेने से भी मना किया है। ब्रिटेन की खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पनडुब्बी 21 अगस्त को पीला सागर में एक मिशन को अंजाम देते समय दुर्घटना का शिकार हुई। यह घटना 8 बजकर 12 मिनट पर हुई। इस दुर्घटना में 55 नौसैनिकों की मौत हो गई, जिसमें 22 अधिकारी, सात अधिकारी कैडेट, नौ जूनियर अधिकारी और 17 नाविक शामिल हैं। मृतकों में कैप्टन कर्नल जू योंग-पेंग भी शामिल हैं।

## ऑनलाइन गेमिंग में इडी ने रणबीर कपूर को भेजा समन

**छह अक्टूबर को पूछताछ के लिए पेश होने का दिया आदेश**

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मामले में ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने रणबीर कपूर को 6 अक्टूबर को पूछताछ के लिए पेश होने का आदेश दिया है। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में कई बॉलीवुड अभिनेता और गायक ईडी के राडार पर हैं। ईडी इस बात की भी जांच कर रहा है कि महादेव बेटिंग ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी और सक्सेस पार्टी में कौन-कौन मौजूद था। रणबीर कपूर के अलावा 15 से 20 सेलिब्रिटीज ईडी के राडार पर हैं। इनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान, अली



अजगर, विशाल ददलानी, टाइगर श्रॉफ, नेहा कक्कड़, एली अवराम, भारती सिंह, सनी लियोन, भाग्यश्री, पुलकित-कृति, नुसरत भरूचा, कृष्णा अभिषेक शामिल हैं।

## भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए हुआ बेनकाब : सुरजेवाला

**इंदौर।** केंद्र और मध्य प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जातिगत जनगणना के मुद्दे पर घेरते हुए कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को कहा कि इस मुद्दे को लेकर भाजपा का कथित रूप से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विरोधी डीएनए बेनकाब हो गया है। सुरजेवाला ने इंदौर प्रेस क्लब में मीडिया से संवाद के दौरान कहा कि भाजपा द्वारा जातिगत जनगणना का विरोध, खासकर ओबीसी और गरीबों से घोर अन्याय है। इस विरोध के साथ ही भाजपा का ओबीसी विरोधी डीएनए भी बेनकाब हो गया है।

## भाजपा ने आप कार्यालय के पास किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े ताजा घटनाक्रम को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग करते हुए बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यालय के पास प्रदर्शन किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि सिंह के आवास पर छापे ने राष्ट्रीय राजधानी में आप सरकार के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया है। सचदेवा ने कहा कि शराब घोटाले में शामिल सभी लोग जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे। प्रदर्शनकारी आईटीओ से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर आपकार्यालय की ओर बढ़ रहे थे,



तभी पुलिस ने अवरोधक लगाकर उन्हें रोक दिया। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से 2021-22 की आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की सिफारिश करने के बाद इसे रद्द कर दिया गया था। इस कथित घोटाले के संबंध में दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया था और वह अभी जेल में हैं। कथित घोटाले के वक्त सिसोदिया के पास आबकारी विभाग का प्रभार था।

## अभ्यर्थी के जेइइ के अंक को लेकर विवाद मामले में सीबीआइ ने दर्ज की पीई

नयी दिल्ली। सीबीआइ ने अंकों को लेकर संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के एक अभ्यर्थी की शिकायत पर प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अभ्यर्थी ने अपने अंकों के संबंध में एनटीए के नतीजों को ओडिशा उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने उच्च न्यायालय के आदेश पर पीई दर्ज की है, जिसने उसे अंशुमान कानूनगो द्वारा किए गए दावों की सच्चाई का पता लगाने का निर्देश दिया था। कानूनगो ने कहा है कि एनटीए के एक ई-मेल के आधार पर उन्हें जेईई 2022 में उच्च अंक प्राप्त हुए, लेकिन एनटीए ने यह कहते हुए इसका खंडन किया कि उनके अंक बहुत कम थे। कानूनगो ने उच्च न्यायालय को बताया कि देश भर में 100 से अधिक मामले हैं जहां छात्रों ने जेईई, 2022 के अंकों को लेकर सवाल उठाए हैं। उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपते हुए कहा था कि अगर कानूनगो द्वारा वेबसाइट से डाउनलोड किए गए दस्तावेज असली हैं तो उन्हें अपने पसंदीदा संस्थान जैसे आईआईटी या राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में दाखिला मिलना चाहिए।

# राहुल ने सोनिया गांधी को तोहफे में दी नूरी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में अपनी मां सोनिया गांधी को जैक रसेल टेरियर नस्ल की पपी उपहार में दी है जिसे उन्होंने नूरी नाम दिया है। राहुल गांधी ने एक वीडियो में नूरी को ो परिवार का सबसे नया सदस्य बताया। विश्व पशु दिवस पर एक वीडियो में राहुल गांधी को गोवा की निजी यात्रा करते और उस ह्यपपीह्न से मिलते देखा जा सकता है जिसे बाद में दिल्ली लाया गया। राहुल गांधी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप सभी हमारे परिवार के सबसे नए और सबसे प्यारे सदस्य नूरी से मिलें। वह गोवा से सीधे हमारी बाहों में आई और हमारे जीवन की रोशनी बन गई। उनका कहना है कि हमें सभी जीवित प्राणियों की रक्षा करने और उनके साथ अपना प्यार साझा करने का संकल्प लेना चाहिए।



## भाजपा के साथ हाथ मिलाने का कोई सवाल नहीं : पवार

**मुंबई।** एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को गंभीरता से लिया जा रहा है और वह एक दिन देश का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने दोहराया कि भाजपा के साथ हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं है। शरद पवार ने अजित पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के खेमे का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग भाजपा के साथ गए हैं, उनका राकांपा से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने जांच एजेंसियों के डर के कारण पाला बदल लिया है। पवार ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी को गंभीरता से लिया जा रहा है और वह एक दिन देश का नेतृत्व करेंगे।

# रसायन में तीन वैज्ञानिक को मिला नोबेल पुरस्कार

**क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए मिला बावेंडी, ब्रूस और एकिमोव को मिला सम्मान**

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के तीन वैज्ञानिकों मोंगी जी बावेंडी, लुईस ई ब्रूस और एलेक्सी आई एकिमोव ने क्वांटम डॉट्स की खोज और संश्लेषण के लिए रसायन विज्ञान में 2023 का नोबेल पुरस्कार जीता।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को यह घोषणा की। संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया कि नैनोटेक्नोलॉजी के ये सबसे छोटे घटक अब टेलीविजन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं तथा कई अन्य चीजों के अलावा ट्यूमर ऊतक को हटाते समय सर्जनों का मार्गदर्शन भी कर सकते हैं।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज की ओर से हेन्स एलग्रेन ने जानकारी दी कि वर्ष 2023 के लिए अमेरिका के मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के माउंगी जी बवेंडी, कोलंबिया विश्वविद्यालय के लुइस ई ब्रस और नैनोक्रिस्टल्स टेक्नोलॉजी इंक के एलेक्सी आई एकिमोव को संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि आज क्वांटम डॉट्स नैनोटेक्नोलॉजी के टूलबॉक्स का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। रसायन विज्ञान में 2023 के सभी नोबेल पुरस्कार विजेता नैनोवर्ल्ड की खोज में अग्रणी रहे हैं। इस वर्ष के रसायन विज्ञान पुरस्कार विजेता लुईस ब्रस और एलेक्सी एकिमोव एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से क्वांटम डॉट्स बनाने में सफल रहे, जो नैनोकण इतने छोटे हैं कि क्वांटम प्रभाव उनकी विशेषताओं को निर्धारित करते हैं। माउंगी बवेंडी ने क्वांटम डॉट्स के निर्माण के तरीकों में क्रांति ला दी, जिससे उनकी गुणवत्ता बेहद उच्च हो गई। उच्च गुणवत्ता ही आज के नैनो टेक्नोलॉजी क्षेत्र में उनके उपयोग के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है। रसायन विज्ञान में 2023 का नोबेल पुरस्कार क्वांटम डॉट्स यानी इतने छोटे नैनोकणों की खोज और विकास को पुरस्कृत करता है कि उनका आकार उनके गुणों को निर्धारित करता है। इन कणों में अद्वितीय गुण हैं और अब ये टेलीविजन स्क्रीन और एलईडी लैंप से अपनी रोशनी फैलाते हैं। वे रासायनिक प्रतिक्रियाओं को उत्प्रेरित करते हैं और उनकी स्पष्ट रोशनी एक सर्जन के लिए ट्यूमर ऊतक को रोशन कर सकती है। रंगीन रोशनी बनाने के लिए शोधकर्ताओं ने मुख्य रूप से क्वांटम डॉट्स का उपयोग किया है। उनका मानना है कि भविष्य में




## शेयर बाजार में दूसरे दिन गिरावट जारी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर धातु, पावर, रियल्टी, ऑटो और बैंकिंग समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में आज लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही। सेंसेक्स 286.06 अंक का गोता लगाकर 65226.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.65 अंक लुढ़ककर 19436.10 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत टूटकर 31,877.06 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत गिरकर 37,428.66 अंक रह गया। इस दौरान कमोडिटीज 1.00, सीडी 1.01, ऊर्जा 0.73, वित्तीय सेवाएं 0.91, हेल्थकेयर 1.47, इंडस्ट्रियल्स 1.22, दूरसंचार 1.45, यूटिलिटीज 1.42, ऑटो 1.09, बैंकिंग 1.33, कैपिटल गुड्स 1.33, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.64, धातु 1.98, तेल एवं गैस 0.87, पावर 1.53, रियल्टी 1.83 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत लुढ़क गए।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# देश के पहले आदिवासी कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो हमेशा के लिए सो गये

के बी विनोद

**कार्डिनल तेलेस्फोर प्लासिदियूस पी टोप्पो का परिचय**

**जन्मतिथि 15 अक्टूबर 1939 जन्म स्थानः छोटानागपुर के गुमला जिला के झारगांव में**

आप उरांव अर्थात कुरुख जनजाति के थे आपके पिता का नाम एंब्रोस टोप्पो तथा माता का नाम सोफिया खलखो था। आप कैथोलिक क्रिश्चियन धर्म के अनुयाई थे आपने लोअर प्रायमरी की शिक्षा झाड़गांव के अपर प्राइमरी स्कूल से प्राप्त की उसके बाद लिवेंस बर्वे बॉयस सेकेंडरी स्कूल चैनपुर में आगे की शिक्षा ग्रहण की तदुपरांत आपने संत जेवियर कॉलेज रांची से आई ए और बी ए की शिक्षा ग्रहण करने के बाद संत अल्बट्र्स कॉलेज रांची जो की एक रीजनल मेजर सेमिनरी है से थियोलॉजी और फिलॉसफी की शिक्षा के बाद पॉलिटिकल और बनियान यूनिवर्सिटी रोम इटली से एस टी एल किया। आपने रांची यूनिवर्सिटी से इतिहास में एम ए

की उपाधि प्राप्त की।

3 में 1969 को स्विट्जरलैंड मैं मैं आपका पावन पवित्र पुरोहित अभिषेक संस्कार हुआ और इस संस्कार के साथ ही आप संत जोसेफ'एस हाई स्कूल तोरपा के सहायक शिक्षक प्रतिनियुक्ति किए गए उसके बाद आप संत जोसेफ'एस हाई स्कूल तोरपा में ही एक्टिंग हेड मास्टर के रूप में भी अपनी समर्पित सेवा दी साथ ही आप लीव्स वोकेशन सेंटर तोरपा के संस्थापक निदेशक बनाए गए साथ ही आर्क बिशप पीयूष केर-केट्टा एस जे के सचिव के रूप में भी अपनी समर्पित सेवा दी।

8 जून 1978 को आप दुमका के विषय इलेक्ट हुए और इस तरह अपने प्रिपेयर थे वे ऑफ द लॉर्ड मोटू के तहत अपनी समर्पित सेवा देना आरंभ की 7 अक्टूबर 1978 को दुमका के दुधनी में कंसेक्रेटेड बिशप बनाए गए उसके बाद 8 नवंबर 1984 को आज भी सब को एजुटर के रूप में रांची स्थानांतरित किए गए

7 अगस्त 1985 को रांची के आर्चबिशप के रूप में प्रोन्नति मिली मिली

25 अगस्त 1985 को रांची के अर्क विषय के रूप में पदस्थापित किए गए

सॉन्ग के ज्ञाता आप कुड़ुख के अलावा सादरी हिंदी इंग्लिश लैटिन संथाली इटालियन जर्मन हमें धारा प्रवाह संवाद करते रहे आपने अपने सेवा काल में बेल्जियम इंग्लैंड उस फ्रांस जर्मनी इटली जापान केन्या लक्जमबर्ग माल्टा नेपाल नीदरलैंड फिलिपींस, पुर्तगाल सेनेगल साउथ कोरिया स्पेन श्री लंका साउथ अफ्रीका स्वीडन स्वीटजरलैंड थाईलैंड और अन्य कई देशों की यात्रा की।

**कार्डिनल तेलेस्फोर प्लासिदियूस टोप्पो के सेवा काल संस्मरणीय पर**

**1985 मेंईश सेवक फादर लीवंस के के आगमन के शत वर्षीय समारोह का धूम धाम से मनाया जाना**

**1986 में पोप जॉन पॉल द्वितीय का रांची विजिट**

**1995 में उल्हासू में और लेडी के नए श्री का पवित्र संस्कार**

**1997 में संत की पुत्री का सतवर्षीय समारोह**

**2002 में प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन का रांची डायसिस**

**आपके सेवाकाल में 1993 गुमला डिजीज का गठन सिमडेगा डिजीज बना और 1995 मेंखूंटी आशीष का गठन**

**2003 में उसुर्लाइन धर्म बहनों के आगमन के सतवर्षीय समारोह को मनाना**

**28 सितंबर 2003 को कार्डिनल के रूप में आपका नॉमिनेशन होना**

**19 अक्टूबर 2003 को मदर टेरेसा का रोम में ब्यूटीफिकेशन होना**

**21 अक्टूबर 2003 में आप ने भारत के प्रथम आदिवासी कार्डिनल होने का गौरव प्राप्त किया** और इसके साथ ही आपने भारत में प्रभु का मार्ग तैयार करने और मानवता की समर्पित सेवा करने के लिए एक कार्डिनल के रूप में अपना प्रभार ग्रहण किया।

एक आर्च बिशप के रूप में कार्डिनल टेलिस्कोप पी टॉपर का रांची आगमन 1985 में हुआ था और इसी वर्ष रांची मा धर्म प्रांत में फादर कांस्टेंट लिवोन्स जो छोटा नागपुर के प्रेरित है उनके रांची आगमन का एक समूह जुबली मनाया गया। कार्डिनल के रूप में उनका चुनाव जाना एक व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं बल्कि छोटा नागपुर की कलीसिया के जीवंत की पहचान का द्योतक है जरूरी है आज का जलना जलते रहना लीवर के इस कथन को उन्होंने ध्यान में रखकर कलीसिया के विस्तार के साथ-साथ इसके सुदृढ़ीकरण का बीड़ा उठाया और इस तरह उन्होंने अपने कार्यकाल में तीन-तीन नए धर्म प्रति का गठन किया और रांची महाधर्म प्रांत में उन्होंने एक और विस्तार की गति लाई तो दूसरी ओर महा धर्म प्रांत की धार्मिक शैक्षणिक विकास स्वास्थ्य सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक विभागों को सुदृढ़ करने का बीड़ा उठाया झारखंड में कई स्मरणीय धार्मिक और सामाजिक सेवाएं की है जिससे वह लोगों के दिलों दिमाग में हमेशा जीवंत रहेंगे आप पॉलिटिकल काउंसिल का इंटर रिलिजियस डायलॉग के मेंबर रहे, इसके अलावा आप सेंट्रल कमेटी ऑफ द फेडरेशन ऑफ कम एशिया बिशप कॉन्फ्रेंस के मेंबर रहे पीस एंड हार्मनी द इएफबीसी के दो सत्र तक अध्यक्ष रहे, कॉन्फ्रेंस का कैथोलिक बिशप्स ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट रहे साथ प्रेसिडेंट भी रहे।

जब अपने अपने आर्चबिशप जीवन जीवन के 25 साल की सिल्वर जुबली समारोह मनाया तब अपस्तोलिक नूनसियो समारोह में शरीक होकर आपको जुबली की बधाइयां दी।



## हमारे कार्डिनल टेलीस्फोर टोप्पो स्वर्गीय पिता के पास लौट आए हैं प्रिय पिताओं/बहनों/भाइयों/वफादारों

आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे और रांची आर्चडीओसीज ने आपको सूचित किया है कि एमेरिटस कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो, जो काफी समय से बिस्तर पर थे, 4 अक्टूबर 2023 को सुबह 3:45 बजे कॉन्स्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मंदार में समाप्त हो गए। उनकी उम्र 84 साल थी. छोटानागपुर के चर्च के विकास में उनके अपार योगदान के लिए रांची महाधर्मप्रांत, धार्मिक और मंडली हमेशा उनका आभारी रहेगा। एमेरिटस कार्डिनल तेलेस्फोर पी. टोप्पो के अंतिम दिनों में उनकी देखभाल करने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों को धन्यवाद।

अंतिम संस्कार का विवरण अभी तक तय नहीं किया गया है। हम आपको बाद में सूचित करेंगे

भगवान उसे प्रभु के अंगूर के बगीचे में उसके काम के लिए शाश्वत पुरस्कार

कार्डिनल का अंतिम संस्कार अभी तय नहीं

क. हमारे प्रिय कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो के अंतिम संस्कार के कार्यक्रम के संबंध में गलत संचार के लिए खेद है। तारीख अभी तय नहीं है. हम आपको सटीक तारीख बताएंगे. कृपया 7 अक्टूबर की पिछली तारीख को नजरअंदाज करें। असुविधा के लिए खेद है।

**+ थियोडोर मैस्करेनहास**
**सहायक**









# सब्जेक्ट का ज्ञान और किताबों की बुद्धि से जीवन में संतुलित विकास



अजयदीप बाधवा

मुझे याद है कि जब मैं छोटा था तो हमें स्कूल में यह बताया जाता था की पुस्तकें पढ़ो, कोर्स की भी और अन्य भी। मेरी मां भी हमेशा यही कहती थी कि जितनी ज्यादा पुस्तक पढ़ोगे उतना ही ज्यादा ज्ञान होगा। मेरी मां को पुस्तक, विशेष कर पत्रिकाओं को पढ़ने का बहुत शौक था। मेरी मां नियमित रूप से धर्मयुग या साप्ताहिक हिंदुस्तान नाम की उस समय की प्रसिद्ध पत्रिकाओं को खरीदती और पढ़ती थी। मुझे भी पढ़ने का शौक मेरी मां से मिला और उसका मुझे लाभ भी हुआ। स्कूल और कॉलेज में सारे लोग यही जानते थे कि मेरा सामान्य ज्ञान बहुत अच्छा है। शायद यही कारण भी रहा कि मैंने जिस नौकरी के लिए भी आवेदन दिया, उसके इंटरव्यू में सफल हुआ। पर आजकल मैं देखता हूं कि बच्चों को पढ़ने का शौक बिल्कुल नहीं है। आप पाएंगे की कई शहरों में अब पुस्तकों की दुकान नहीं है; वे बंद होती जा रही है। अब दूर क्यों जाएं अपने शहर रांची में देख लें। यहां पुस्तकों की मुश्किल से चार-पांच दुकानें ही है। यहां स्कूल कॉलेज की पुस्तकों की दुकानें हैं पर मैं बात कर रहा हूं उन पुस्तकों की जो स्कूल कॉलेज के अलावा पढ़ी जानी चाहिए, जैसे बड़े लेखकों की कहानी, बड़े विद्वानों के विचार , उनकी जीवनी आदि। पत्र पत्रिकाएं की भी दुकान अब धीरे-धीरे बंद होती जा रही हैं, क्योंकि आज का युवा वर्ग किताब और पत्रिकाओं को पढ़ना नहीं चाहता। मैं कुछ कॉलेजों में क्लास लेने के लिए जाता हूं और यह पाता हूं कि आजकल के बच्चे कोर्स की किताबें भी नहीं खरीदते है। वे पूरा सिलेबस को गूगल में ढूंढ कर उसी से पढ़ते हैं, यानी उनका ज्ञान गूगल के ज्ञान तक ही सिमट कर रह गया है। मैं कुछ चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट के कोर्स के बच्चों को पढ़ाता हूं और वे बच्चे भी किताबें बिल्कुल नहीं खरीदते हैं । उनके पास पुस्तकों के नाम पर वही स्टडी मैटेरियल होता है जो इंस्टिट्यूट उन्हें दाखिला होते समय मुफ्त में देता है। आजकल पुस्तकों को खरीदना और उन्हें पढ़ना, विशेष कर पत्र पत्रिकाओं को, का चलन लगभग समाप्त सा हो गया है जो कि मेरे विचार से अच्छी बात नहीं है। जब तक हम पुस्तकों को पढ़ेंगे नहीं, अच्छे लेखकों को पढ़ेंगे नहीं, बड़े लोगों की जीवन की कहानियों को नहीं पढ़ेंगे, विज्ञान के नए आविष्कारों को नहीं जानेंगे,सफल लोगों की जीवनिया नहीं पढेंगे, हमें वास्तव रूप से ज्ञान नहीं होगा । हमारा आज ज्ञान सिर्फ गूगल और सोशल मीडिया में उपलब्ध जानकारी तक सीमित कर रह गया है और यह धीरे-धीरे हमें उस स्थिति में ले जाएगा जब हम कुछ नई सोच को विकास करने की स्थिति में नहीं होंगे । मेरा यह मानना है कि अगर आज के बच्चों को जीवन में आगे बढ़ना है तो उन्हें किताबें जरूर पढ़नी चाहिए । किताबें हमें नया ज्ञान देती है । आचार्य रजनीश के विचारों से आप सहमत हो या ना हो, पर वे विचारों को इस ढंग से रखते थे कि लोग प्रभावित तो होते ही थे। आज भी लोग यूट्यूब में आचार्य रजनीश के पुराने ऑडियो या वीडियो निकाल कर उनको सुनते हैं। आचार्य रजनीश के विचार स्पष्ट इसी कारण होते थे कि, कहा जाता है कि वे बहुत सारी किताबें को पढ़ते थे। एक अनुमान के अनुसार उन्होंने अपने समय में हजारों, जो संख्या लाख तक भी हो सकती है, किताबों को पढ़ा था। आज भी आप उनके भाषणों को यूट्यूब से डाउनलोड करके सुने, आप उनके विचारों या तर्कों से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाएंगे। मेरा आज की पीढ़ी के विद्यार्थियों से अनुरोध है की पुस्तकों को जरूर पढ़ें। कम से कम कोर्स के अलावा एक किताब वह ऐसी लें जिससे उन्हें बड़े लोगों के बारे में या भारत की किसी पुरानी बड़ी घटना के बारे में या महान चिंतकों के विचारों के बारे में पता चले। अगर हर माह में कम से कम एक किताब नहीं पढ़ सकते तो हर तीन माह में एक किताब जरूर पढ़ें। इससे जीवन शैली भी सुधरेगी, ज्ञान भी बढ़ेगा और सफलता के नए रास्ते भी खुलेंगे।



# रिश्ते में मुझे भाई समझ लो

अल्का हेम्बरोम



यही कहते हुए उसने अपनी कहानी सुनाई .

..कि वह हर दिन घर आता और घर के काम में हाथ बंटाया करता मैं भी भाई समझ कर उसके संग बातें करती ..

एक दिन यूनिवर्सिटी जाना था और ..उन दिनों आने जाने के साधन कम थे ...

मैं इंतजार करती रही रोड किनारे तो यही भाई बाईक पर आए और ...बोले मैं पहुंचा दूं...मैं बेहिचक बैठ गयी लेकिन अचानक उसका बाईक उनके घर की दिशा ली ...और बोले मुझे भी कुछ कागज लेना है ....घर हो कर चलेगें ..।

बात मैं भी मान ली और उनके पीछे हो ली ...ये रांची का ल्एउ इलाका क्वार्टर काफी खाली थे ये भाई भी एक क्वार्टर में रहते थे ....मैं घुसी और पहले कमरे में बैठ गयी .....कुछ देर बाद उसके तीन दोस्त भी आ गये ....फिर समान्य सी बात हुई ...मैं देर हो रही हूं यह जान कर भाई को आवाज दी ...लेकिन वे शायद अंदर थी और मैं बाहर निकले के क्रम में...जाने लगी ...तभी तीनों मुझे पीछे से पकड़ लिए और ....मुंह बांधे ....

उसके बाद दो दिनों तक ...की हालात ...जो उसकी बंया हुई ...मैंने रोते हुए उसके मुंह पर हाथ रख दिया ...

भाई ने भी वही करम किया ....

उसकी कहानी ऐसी थी...कि मैं रो रही थी और वह शांत मन से बता रही थी ...।

शायद उसने वो दुख सहा जो ..उसके आंसू सूख गये....।

सजा उन चारो को हो गयी ...क्योंकि दो दिनों बाद वह वहां से भाग निकली थी ...जैसा उसका बंया था उसे जान से मारने की नौबत थी ...।

लम्बी लड़ाई लड़ी इसने ....

सबसे बड़ी बात वह अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने को सशक्त कर लिया ...

अब वह एक शिक्षिका है ...।

हाँ .....

कभी कभी ऐसा धोखा होता है कि भाई के रिश्ते जैसा दिख पड़ता है लेकिन ..

ये रिश्ते अगर विस्तर तक अपवित्र करने ले जाए तो ...ऐसे रिश्ते बहुत सोच समझ कर ही बनने चाहिए ...।

उस लड़की से मैं जब बात की तो मेरी बोलती बंद थी .....उसके शब्द गर्म गलती शीशे की तरह कानो में प्रवेश कर रही थी ....।

आज भी उससे मिलती हूं तो मैं उसके जज्बा को सलाह करती हूँ ...।

उसका कहना है अल्का आज भी ..

उस मुंह बोले भाई को देखती हूं

तो ...इस रिश्ते की गरिमा को तार तार होते देखती हूँ ......।

लेकिन जिंदगी तो जीनी है ..ना ?

## रेड रोज

मिलते ही खिल सी गयी ..लगा मानों दुनिया मेरे मुठ्ठी में ...बस इसे मैं प्रेम का प्रतीक ही मानी ..और बड़ी सहेज कर किताब के पन्नों के बीच रख दिया ...

जब भी देखती तो ...खुशी की लहर ...मन मस्तिष्क में फटाके फूटते ...और ना जाने क्या क्या ?

ये बालिका गृह में कैसे पहुंच गयी पता नहीं ...? अपराध इतना था कि हमदोनों भाग निकले ..कसमें खा कर ..लेकिन मुंबई पुलिस के हाथो आ गयी ...

दिल से जिसे चाही वो और कहीं और मैं और कहीं .....।

मुझे जब पूछा गया कि ...वो कौन था .,?

तो जवाब यही दिया हमने जीने मरने की कसम खा रखी है ...हमें साथ रहना है ..।

लेकिन कोई मेरी क्यो सुनता ..नाबालिग जो ठहरी ...।

18 वर्ष होने के बाद मैं घर वापस आ गयी ...फिर उस किताब के पन्नों को पलटा.. बस सूखा हुआ सा ...खूशबुहीन ..??

फिर ...उसे ठूढ़ने लगी .....

पता चला कि उसने तो अपने आंगन में एकदम ताजा फीफङ्करी के पौधे लगा लिए है ...।

वापस उल्टे पांव घर आ गयी ...और उस सूखे फूल को बाहर फेंक दिया ...

तब समझ आया कि जीने मरने की कसमें उसी फीफङ्करी ,की तरह सूख कर फेंक देने वास्ते होते है ...।

लेकिन सच में यह फीसदी ? प्रेम का प्रतीक है ...तो हमेशा जिंदा रहना चाहिए ..।

इसे प्रेम का प्रतीक क्यो बना दिए ..?

अब मैं सफेद गुलाब के फूल को पसंद करती हूँ ....शायद इसलिए कि ...सूखने पर भी इसका रंग श्वेत ही रहता ...नफरत का प्रतीक भी नहीं बस सुंदर फूल है...।

हां अपने किए पर ..पश्चाताप जरूर है ..

फिर से नयी जिंदगी की ओर ....बढ़ गयी......अब ? फीसदी की कोई अहमियत नहीं ??


(वर्तमान में हो रहे किशोरावस्था में सच्ची घटनाओं पर आधारित लेख )

**( जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गिरिडीह , महिला बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड)**



# जाति की आग को फिर मिलने लगी हवा

डॉ. प्रभात ओझा




मसला जाति का हो तो राजनीति होनी ही है। यह जाति के आधार पर जनगणना कराने की बात है। यानी हर जगह, कहां कौन सी जाति के कितने लोग हैं। अगले चरण में इसी औसत में सम्बंधित समुदाय को लाभ देने के कदम उठाए जाएं, यह स्वाभाविक है। जानकार लोगों को मंडल कमीशन (दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग) की रिपोर्ट और उसके बहुत बाद केंद्र में वी. पी. सिंह सरकार के समय उस रिपोर्ट को लागू करने के समय की घटनाएं याद होंगी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तब भी ऐसा किसी जातिगत जनगणना के आधार पर नहीं किया गया था। पहले एक आयोग बना। उसी की रिपोर्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गयी। जातिगत जनगणना तो 92 साल बाद हुई है। वह भी सिर्फ एक प्रांत में। वर्ष 1931 के 92 साल बाद बिहार में जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी कर दी गई है। इसी के साथ इसके औचित्य पर सवाल शुरू हो गये हैं और कुछ संस्थाओं ने सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली है।

सवाल उठता है कि ऐसी जनगणना की जरूरत क्यों पड़ी? इसके बाद क्या क्या होने वाला है? ये सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि इन 92 साल के दौरान ऐसी गणना की जरूरत नहीं पड़ी। आजादी के बाद जो पहली जनगणना कराई गई थी, उसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को जरूर गिना गया था। ऐसा इसलिए किया गया कि इन दोनों को आरक्षण देने का फैसला हुआ था। तब से 1951 के बाद 2011 तक हर जनगणना में अनुसूचित जाति और जनजाति के ही आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। तय समय के मुताबिक, 2021 में कोरोना के चलते जनगणना नहीं हो सकी है। इस बीच भिन्न-भिन्न राज्य सरकारों ने एक अनुमान के आधार पर समय-समय पर अन्य जातियों को भी आरक्षण दिया। बीच-बीच में कुछ संस्थाएं तो कई राजनीतिक दल ऐसी जनगणना की मांग करते रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने इस पर अमल भी किया। अपनी योजना में वह बहुत कुछ सफल होते दिख रहे हैं। देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा इसे भ्रम फैलाने का प्रयास बता रही है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि राज्य विधानसभा में मौजूद सभी दलों के एक सर्वसम्मत प्रस्ताव के आधार पर ही राज्य मंत्रिपरिषद ने यह गणना कराई है।

गांधी जयंती के दिन जारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग 36.01 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के 1.68 प्रतिशत लोग हैं। जो लोग आरक्षण में नहीं आते ऐसे सवर्ण लोगों की संख्या 15.52 प्रतिशत है। स्वाभाविक है कि आरक्षण में आ सकने वाले लोगों की संख्या अधिक है। यह वर्ग बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी है और पूरे देश में इनकी संख्या 52 प्रतिशत से कुछ अधिक बताई गई है। इस समय भाजपा को छोड़ कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दल इस तरह की जनगणना की मांग पूरे देश के लिए कर रहे हैं। खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस विषय में आवाज गौर की जा रही है। प्रधानमंत्री ने तो एक सभा में राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस संख्या के बल पर हिस्सेदारी की बात कह रही है, तो क्या हिंदू सारी सुविधाओं पर अपना हक जमा लें। प्रधानमंत्री कांग्रेस के उस रुख, खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस वक्तव्य पर व्यंग्य कर रहे थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। श्री मोदी का सवाल जायज लगता है कि क्या कांग्रेस मुसलमानों क साथ छोड़ रही है।

कांग्रेस नेता और दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी जो भी कहें, सच यह है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और उसके बाद लोकसभा निर्वाचन के नजदीक होने से राजनीति के हर दांव आजमाए जा रहे हैं। वरना भाजपा अपना पुराना रुख कैसे भूल जाती जब विपक्ष में रहते हुए उसके नेता गोपीनाथ मुंडे ने इसी तरह की मांग की थी। श्री मुंडे ने 2011 की जनगणना के पहले 2010 में संसद में कहा था, अगर इस बार भी जनगणना में हम ओबीसी की जनगणना नहीं करेंगे, तो ओबीसी को सामाजिक न्याय देने के लिए और 10 साल लग जाएंगे।ह्व फिर जब 2021 की गणना की तैयारियां चल रही थीं और राजनाथ सिंह गृहमंत्री थे, तब सरकार ने कहा था कि ओबीसी के आंकड़े भी जुटाए जाएंगे। यही हाल कांग्रेस का भी रहा। जब उसने यूपीए सरकार का नेतृत्व किया, गणना में जातीय आंकड़े तो जुटाए, पर उसे सामाजिक कल्याण मंत्रालय को सौंप दिया। स्पष्ट है कि समय के मुताबिक पक्ष-विपक्ष, दोनों के अंदाज बदलते रहे हैं। यह सिलसिला कहां रुकेगा, पता नहीं। हां, जातीय राजनीति एक बार फिर चरम पर होगी।